RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 6 अंक 112
फरीदाबाद, सोमवार, 29 मई, 2023
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



एचएस प्रणय ने मलेशिया मास्टर्स का खिताब जीता

पेज - 12

**मौसम** फरीदाबाद
अधिकतम 32.00°C
न्यूनतम 24.00°C

## क्विक न्यूज

### भूकंप से हरियाणा और पंजाब में हिली धरती



**चंडीगढ़।** हरियाणा और पंजाब में रविवार सुबह भूकंप आया। भूकंप का केंद्र अफगानिस्तान में रहा। इसकी तीव्रता 5.9 रही। चंडीगढ़ मौसम विभाग के अनुसार सिटी के साथ ही पंजाब और हरियाणा राज्यों से भूकंप को लेकर कोई भी रिपोर्ट अभी तक नहीं आई है, लेकिन दोनों राज्य भूकंप के लिहाज से संवेदनशील जरूर हैं। विभाग के मुताबिक भूकंप की तीव्रता कम होने के चलते किसी भी राज्य में कोई जान माल के नुकसान की खबर नहीं मिली है। पंजाब के जालंधर में लोगों ने भूकंप के झटके महसूस किए। जिसके बाद लोग घरों से बाहर आ गए। हरियाणा और चंडीगढ़ के लोगों को झटके महसूस नहीं हुए हैं।

### सीएम केजरीवाल अस्पताल में सत्येंद्र जैन से मिले



**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को अस्पताल में भर्ती आप नेता सत्येंद्र जैन से मुलाकात की। उन्होंने जैन को गले लगाया। मुलाकात की तस्वीरें केजरीवाल ने अपने ट्विटर अकाउंट पर शेयर की हैं। दिल्ली सीएम ने तस्वीरों के साथ कैप्शन में लिखा- बहादुर आदमी से मिला हीरो। आम आदमी पार्टी के नेता सत्येंद्र जैन का दिल्ली के लोक नायक अस्पताल में इलाज चल रहा है।

### रात में महिला को थाने में बुलाना पड़ा भारी, पुलिस पर जुर्माना

**मुंबई।** हाल ही में मुंबई की एक महिला को पुलिस थाने से दो लाख रुपये के मुआवजे का चेक मिला है। भांडुप थाना के एक असिस्टेंट पुलिस इंस्पेक्टर ने महिला को आधी रात थाने चलने का दबाव बनाया था। इस पर महाराष्ट्र राज्य मानवाधिकार आयोग (एमएचआरसी) ने संज्ञान लिया और पुलिस थाने पर दो लाख का जुर्माना लगाया। आयुर्वेदिक महिला डॉक्टर ज्योति पानसारे के साथ यह घटना तीन मार्च 2021 को हुई थी।

### मप्र: बस पलटने से तीन महिलाओं की मौत

**मन्दसौर (मप्र)।** मध्य प्रदेश के मंदसौर जिले में रविवार को एक तेज रफ्तार बस के पलट जाने से तीन महिला यात्रियों की मौत हो गई जबकि 20 से अधिक अन्य यात्री घायल हो गए।

# नई संसद की ओर जा रहे पहलवानों को पुलिस ने लिया हिरासत में

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**संसद** की नई बिल्डिंग के सामने पुलिस और धरना दे रहे पहलवानों के बीच झड़प हो गई। पहलवान बैरिकेड्स लांघकर नई संसद की तरफ जा रहे थे। पुलिस ने उन्हें रोका और बजरंग पूनिया, विनेश-संगीता फोगाट, साक्षी मलिक सहित अन्य को हिरासत में ले लिया। इसके बाद पुलिस ने धरना स्थल जंतर-मंतर पर लगे टेंट, कुर्सियां और दूसरा सामान हटाकर शाम चार बजे उसे पूरी तरह खाली कर दिया। विनेश और संगीता फोगाट को दिल्ली के कालकाजी थाने ले जाया गया।

दरअसल, 34 दिन से जंतर-मंतर पर धरना दे रहे पहलवान रविवार को नई संसद के सामने महिला महापंचायत में शामिल होने जा रहे थे। लेकिन, दिल्ली पुलिस ने इस महापंचायत की अनुमति नहीं दी थी। पहलवानों ने इसके बावजूद महापंचायत का आयोजन किया और संसद की तरफ जाने लगे। इस पर उनका पुलिस के साथ टकराव हो गया।

पहलवान बजरंग पूनिया ने कहा, क्या यह लोकतंत्र है, हम शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे हैं और हमारे साथ ऐसा व्यवहार किया जा रहा है। हमें गोली मार दो। इस बीच पुलिस की ओर से हिरासत में लिए जाने के बाद साक्षी मलिक के पति सत्यव्रत मलिक और अन्य पहलवानों ने बस के अंदर नारेबाजी की। विनेश और संगीता फोगाट को हिरासत में लिए जाने के दौरान महिला पुलिसकर्मियों



की पहलवानों के साथ अच्छी-खासी धक्का-मुक्की हुई। जब पुलिस विनेश और संगीता फोगाट को बस में बैठाकर ले जा रही थी, तब विनेश ने कहा कि नया देश मुबारक हो। उधर पहलवानों को गिरफ्तार किए जाने पर साक्षी मलिक ने कहा कि पहलवानों और बुजुर्गों माताओं को हिरासत में लेने के बाद अब पुलिस जंतर-मंतर पर उनका मोर्चा उखाड़ रही है। हमारा सामान उठाया जा रहा है। ये कैसी गुंडागर्दी है? हरियाणा से पहलवानों की महापंचायत में जा रहे किसोनों की धरपकड़ जारी है। रोहतक के सांपला में पुलिस और महिला जत्थे के बीच झड़प हो गई।

### बजरंग पूनिया, विनेश संगीता फोगाट, साक्षी मलिक पकड़े

### शाम चार बजे तक जंतर-मंतर से हटा दिए पहलवानों के टेंट

#### सरकार पर भड़के विपक्षी दल

**पहलवानों** के साथ इस जोर-जबरदस्ती के वीडियो और फोटो सामने आने के बाद तमाम विपक्षी दलों ने केंद्र की मोदी सरकार पर हमला बोल दिया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, प्रियंका गांधी, राहुल गांधी से लेकर आम आदमी पार्टी सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल ने खिलाड़ियों के साथ की गई धक्कामुक्की का विरोध किया।

इसके बाद पुलिस ने बलपूर्वक महिला जत्थे का नेतृत्व करने वाली सोनिया दुहन व अन्य लोगों को हिरासत में ले लिया। इस दौरान महिलाएं बेसुध होकर गिर गई।

दिल्ली में पहलवानों के समर्थन में होने वाली महापंचायत के लिए जींद से रवाना हुए किसानों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। सोनीपत जिले की खरखौदा पुलिस ने भी किसान नेताओं को हिरासत में लेकर थाने में नजरबंद कर दिया। सोनीपत में किसान नेता अभिमन्यु कोहाड़ सहित कई अन्य किसानों को पुलिस ने शनिवार रात में ही गिरफ्तार कर लिया।

### सी. पुत्तरंगशेट्टी ने उपाध्यक्ष पद स्वीकार करने से किया इनकार

**बेंगलुरू।** कर्नाटक विधानसभा के उपाध्यक्ष पद के लिए कांग्रेस ने पार्टी के वरिष्ठ नेता सी. पुत्तरंगशेट्टी के नाम को मंजूरी तो दे दी थी, लेकिन उन्होंने खुद इस पद को स्वीकार करने से इनकार कर दिया। पुत्तरंगशेट्टी ने यह फैसला अपने समर्थकों और मतदाताओं के दिए गए विचारों पर गौर करने के बाद रविवार को लिया। उन्होंने कहा, मैं उपाध्यक्ष का पद स्वीकार नहीं करूंगा। मेरे समर्थकों और मतदाताओं ने मुझसे यह कहा कि पद स्वीकार करने के बाद मुझ तक उनकी पहुंच सीमित हो जाएगी, इसलिए वह नहीं चाहते हैं कि मैं यह पद स्वीकार करूं। इसलिए मैं इसे स्वीकार नहीं करूंगा। पुत्तरंगशेट्टी ने चामराजनगर से भाजपा के वी. सोमन्ना को शिकस्त दी थी। मुख्यमंत्री ने शनिवार को 24 नए मंत्रियों को शामिल कर अपनी मंत्री परिषद का विस्तार किया था।

# मणिपुर में सेना ने करीब 40 आतंकियों को मार गिराया

**एजेंसी।** इंफाल

**मणिपुर** में रविवार को पुलिस, सेना और अर्धसैनिक बलों की संयुक्त कार्रवाई में करीब 40 आतंकी मारे गए। मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने बताया कि कई हथियारबंद आतंकियों को पुलिस ने गिरफ्तार भी किया है। ये विद्रोही आम नागरिकों के खिलाफ एम-16 और एके-47 असॉल्ट राइफलों और स्नाइपर गन का इस्तेमाल कर रहे हैं।

सूत्रों के मुताबिक, विद्रोहियों ने रविवार तड़के दो बजे इंफाल घाटी और इसके आसपास के पांच इलाकों सेकमाई, सुगनू, कुम्बी, फायेंग और सेरौ में हमला किया। सीएम ने दावा किया कि ये आम लोगों पर हमला कर रहे हैं। इसके बाद सुरक्षाबलों की कार्रवाई में करीब 40 आतंकी मारे गए। कई और इलाकों में गोलीबारी और सड़कों पर लावारिस लाशें पड़े होने की खबर थी। राज्य में कानून-व्यवस्था की बिगड़ती स्थिति को देखते हुए केंद्र सरकार ने यहां सेना और अर्धसैनिक बलों को लगाया है। इसके अलावा राज्य में 31 मई तक इंटरनेट पर बैन लगा दिया गया है। कई जिलों में तो कर्फ्यू अभी भी जारी है। मणिपुर पुलिस ने शनिवार को राज्य में तैनात रैपिड एक्शन फोर्स के तीन जवानों को गिरफ्तार किया था। जवानों पर इंफाल के न्यू चेकॉन इलाके में एक मीट की दुकान में आग लगाने का प्रयास करने का आरोप है। गृह मंत्रालय ने बताया कि आरएएफ के सोमदेव आर्य, कुलदीप सिंह और प्रदीप कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

पुलिस के मुताबिक, तीनों शुक्रवार रात को सादे कपड़े पहनकर एक कार में बैठकर इलाके में आए थे। उन्होंने एक नागा आदिवासी बिजनेसमैन की मीट की दुकान में आग लगाने की कोशिश की थी। स्थानीय लोगों के विरोध करने पर वे वहां से भाग गए थे। घटना को लेकर हुए हंगामे का सीसीटीवी फुटेज पुलिस के पास हैं। जिसकी मदद से पोरोमपत पुलिस ने तीनों जवानों को गिरफ्तार कर लिया है। गौरतलब है, मणिपुर में तीन मई से कूकी और मैतेई समुदाय के लोगों के बीच आरक्षण को लेकर जातीय हिंसा चल रही है। हिंसक घटनाओं में अब तक 75 से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। इसके अलावा सैकड़ों घरों को उपद्रवियों ने आग के हवाले कर दिया। 40 हजार से ज्यादा लोग पलायन कर चुके हैं।




#### गृहमंत्री अमित शाह आज मणिपुर जाएंगे

**केंद्रीय** गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय गुरुवार से और सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे शनिवार से संकटग्रस्त मणिपुर का दौरा कर रहे हैं। गृह मंत्री अमित शाह भी सोमवार से तीन दिन के दौरे पर मणिपुर जा सकते हैं। वे कूकी और मैतेई समुदाय के संगठनों से मिलेंगे।

#### इन इलाकों में हुई मुठभेड़

**अधिकारियों** ने बताया है कि ये झड़पें तब शुरू हुईं हैं, जब सेना ने शांति कायम करने के उद्देश्य से विभिन्न समुदायों को हथियारबंद करने के लिए अभियान शुरू किया। इस बीच, एक शीर्ष सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि पश्चिम इंफाल के उरीपोक में भाजपा विधायक ख्वाइरकपम रघुमणि सिंह के घर में तोड़फोड़ की गई और उनके दो वाहनों में आग लगा दी गई। उन्होंने यह भी कहा कि इंफाल घाटी के आसपास के विभिन्न जिलों में सुबह तड़के कई जगहों पर झड़पें हुईं। अधिकारी ने कहा कि हमें काकचिंग में सुगनू, चुराचांदपुर में कांगवी, इंफाल पश्चिम में कांगचुप, इंफाल पूर्व में सगोलमंग, बिशेनपुर में नुंगोईपोकपी, इंफाल पश्चिम में खुरखुल और कांगपोकपी में वाईकेपीआई से गोलीबारी की सूचना मिली है। पूर्वोत्तर राज्य में सामान्य स्थिति वापस लाने के लिए अन्य अर्धसैनिक बलों के अलावा भारतीय सेना और असम राइफल्स के लगभग 140 कॉलम, जिसमें 10,000 से अधिक कर्मी शामिल हैं, को तैनात किया गया है।

### हरियाणा सीएम मनोहर लाल की घोषणा

# श्रमिकों के बच्चों की बढ़ाई स्कॉलरशिप तीनों श्रेणियों में दस हजार मिलेंगे

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**हरियाणा** मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने श्रमिकों के बच्चों को बड़ी सौगात दी है। सीएम ने लेबर वेलफेयर बोर्ड में अंशदाता श्रमिकों के बच्चों को कक्षा 9वीं से 10वीं तक मिलने वाली सात हजार रुपये की राशि, कक्षा 11वीं से 12वीं तक 7750 रुपये तथा उच्च शिक्षा के लिए 8500 रुपये की राशि को बढ़ाकर तीनों श्रेणियों में बढ़ाकर 10,000 रुपये कर दिया है। बीओसीडब्ल्यू बोर्ड के अन्तर्गत रजिस्टर्ड श्रमिकों और शिक्षा प्राप्त करने वाले उनके बच्चों से मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने संवाद के दौरान यह घोषणा की।

जनसंवाद के दौरान श्रमिकों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि सीमित संसाधन होने पर भी सफल होने के हमारे सामने बहुत से उदाहरण हैं।

हमारे दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री से लेकर अब्राहम लिंकन तक ने सीमित संसाधनों के बाद सफलता पाई है। प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना की तर्ज पर हमने हरियाणा कौशल विकास मिशन बनाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रमिक के शारीरिक या मानसिक रूप से दिव्यांग बच्चों दी जाने वाली राशि हरियाणा सरकार ने 2500 रुपये से बढ़ाकर 3000 रुपये मासिक कर दी है। श्रमिक परिवारों को कन्यादान स्कीम के तहत तीन बेटियों की शादी तक 51000 रुपये और 50000 रुपये शादी के प्रबंध के लिए हरियाणा सरकार देती है। सीएम मनोहर लाल ने बताया कि प्रधानमंत्री श्रम योगी मान-धन योजना के तहत असंगठित श्रमिकों के पंजीकरण में हरियाणा अव्वल है।

अब तक 8,19,564 लाभार्थियों का पंजीकरण किया जा चुका है। अंत्योदय आहार योजना के तहत दस रुपये में उच्च गुणवत्ता का भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है।



#### प्रदेश के 75 प्रतिशत असंगठित क्षेत्र में हैं श्रमिक

**हमारी** संस्कृति में श्रमिकों महान शिल्पी विश्वकर्मा की संज्ञा दी गई है। केवल संगठित ही नहीं असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों पर सरकार पूरा ध्यान दे रही है। हरियाणा में लगभग 25 फीसदी श्रमिक संगठित क्षेत्र में, 75 फीसदी श्रमिक असंगठित क्षेत्र में पंजीकृत हैं। श्रमिकों की सुरक्षा को मजबूत करने के लिए सरकार उनका दुर्घटना बीमा करा रही है।

### पंजाब के अलग-अलग इलाकों से 12 आतंकी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** पंजाब पुलिस ने लाहौर सहित अन्य इलाकों से 12 आतंकियों को गिरफ्तार किया है। इनमें से नौ आतंकी तहरीक-ए-तालिबान से जुड़े हुए हैं। आतंकी पूजा स्थल सहित अन्य संवेदनशील प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने की योजना बना रहे थे।

पंजाब पुलिस के काउंटर टेररिज्म विभाग ने आतंकियों की गिरफ्तारी के लिए पिछले सप्ताह पंजाब के अलग-अलग 54 इलाकों में कार्रवाई की थी। पंजाब पुलिस के अनुसार, कार्रवाई के बाद विभाग ने 12 आतंकियों को गिरफ्तार किया है। इनमें से नौ आतंकी टीटीपी से जुड़े हैं। जबकि, एक आतंकी इस्लामिक स्टेट से जुड़ा हुआ है। गिरफ्तारी के बाद आतंकियों के पास से चार किलो विस्फोटक, एक आत्मघाती जैकेट, एक हाथ गोला, आठ डेटोनेटर, बारह फीट सुरक्षा फ्यूज तार, 9.28 फीट का प्राइमा कार्ड, चार पिस्टल, 20 गोलियां सहित कुछ पर्चे बरामद किए हैं।

## उज्जैन के महाकाल लोक में आंधी से कई मूर्तियां गिरीं

#### राजस्थान में आंधी से मोबाइल टावर गिरा

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**मध्यप्रदेश** के उज्जैन में रविवार को तेज आंधी के कारण महाकाल लोक की मूर्तियां गिर गई हैं। सप्तऋषियों की छह मूर्तियां गिर कर खंडित हुईं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 11 अक्टूबर 2022 को उज्जैन में विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर मंदिर में महाकाल लोक का लोकार्पण किया था। 10 से 25 फीट ऊंची ये मूर्तियां लाल पत्थर और फाइबर रेनफोर्स प्लास्टिक से बनी हैं। इन पर गुजरात की एमपी बाबरिया फर्म से जुड़े गुजरात, ओडिशा और राजस्थान के कलाकारों ने कारीगरी की है। उज्जैन में ही श्री सांदीपनि आश्रम के सामने आंधी से पेड़ उखड़कर गिर पड़ा। हादसे में कई श्रद्धालु बाल-बाल बचे। महाकाल लोक का काम अभी पहले फेज का पूरा हुआ है।



इस पर करीब 793 करोड़ रुपये खर्च हुए हैं। इसके दूसरे फेज का काम अभी शुरू नहीं हुआ है। मध्यप्रदेश में एक और वेस्टर्न डिस्टर्बेंस (पश्चिमी विक्षोभ) एक्टिव हो गया है। इससे भोपाल, ग्वालियर समेत प्रदेश के कई जिलों में बारिश होगी। भोपाल में रविवार को बादल छाए रहे।

## संसद का नया भवन देशवासियों की आकांक्षाओं और सपनों का प्रतिबिंब: पीएम

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने संसद के नए भवन को 140 करोड़ भारतीय नागरिकों की आकांक्षाओं और सपनों का प्रतिबिंब करार देते हुए रविवार को कहा कि यह इमारत समय की मांग थी और इसके कण-कण से एक भारत, श्रेष्ठ भारत के दर्शन होते हैं। उन्होंने संसद के नए भवन का उद्घाटन करने के बाद यह भी कहा कि लोकसभा अध्यक्ष की पीठ के निकट स्थापित राजदंड (सेंगोल) सभी को प्रेरणा देता रहेगा।

प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि संसद के नए भवन का कण-कण गरीब को समर्पित है। मोदी ने कहा, यह सिर्फ एक भवन नहीं है, यह 140 करोड़ भारतीयों की आकांक्षाओं और सपनों का प्रतिबिंब है। यह विश्व को भारत के दृढ़संकल्प का संदेश देता है। यह हमारे लोकतंत्र का मंदिर है। उन्होंने कहा, नया संसद भवन योजना को यथार्थ से, नीति को निर्माण से और इच्छाशक्ति को क्रियाशक्ति से तथा संकल्प को सिद्धि से जोड़ने वाली अहम कड़ी साबित होगा। यह नया भवन हमारे स्वतंत्रता सेनानियों के सपनों को साकार करने का नया माध्यम बनेगा।

विस्तृत खबर पेज-9 पर



#### 101वें एपिसोड में पीएम ने की मन की बात

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को रेडियो प्रोग्राम मन की बात के 101वें एपिसोड में युवासंगम, देश के म्यूजियम, जल संरक्षण और सावरकर की जयंति पर आधे घंटे बात की। पीएम ने कहा- युवासंगम में युवा दूसरे राज्यों के शहरों और गांवों में जाते हैं, उन्हें अलग-अलग तरह के लोगों के साथ मिलने का मौका मिलता है। देश के म्यूजियम आने वाली पीढ़ियों की बहुत मदद करता है। देश में स्वाधीनता संग्राम में आदिवासी भाई-बहनों के योगदान को समर्पित 10 नए म्यूजियम बनाए जा रहे हैं।

## सीबीआई का दावा, सिसोदिया ने दो फोन नष्ट किए



**नई दिल्ली।** दिल्ली शराब नीति केस में सीबीआई ने अपनी सप्लीमेंट्री चार्जशीट में यह दावा किया है कि मनीष सिसोदिया ने दो फोन नष्ट किए हैं। 25 अप्रैल को सीबीआई ने यह चार्जशीट राउज एवेन्यू कोर्ट में फाइल की थी। शनिवार को कोर्ट ने इस चार्जशीट पर संज्ञान लिया। कोर्ट ने जेल अथॉरिटी के नाम मनीष सिसोदिया को कोर्ट में पेश करने के लिए प्रोडक्शन वारंट जारी किया। सिसोदिया के अलावा सीए बुच्ची बाबू गोरंटला, शराब कारोबारी अर्जुन पांडेय और अमनदीप ढल को समन भेजा गया है। इन सभी आरोपियों को दो जून को कोर्ट में पेश होने को कहा गया है। ीबीआई ने सप्लीमेंट्री चार्जशीट में यह भी दावा किया है कि सिसोदिया ने अपने दो फोन नष्ट करने की बात मानी भी है। जांच में सामने आया था कि एक जनवरी 2020 से 19 अगस्त 2022 तक सिसोदिया ने तीन मोबाइल हैंडसेट का इस्तेमाल किया था।

### खट्टर ने पीएम को दिया सरकार रिपीट का आश्वासन

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री मनोहर लाल दिल्ली दौरे पर हैं। वह अपने दौरे के दूसरे दिन दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आयोजित बीजेपी शासित राज्यों के मुख्यमंत्री परिषद की बैठक में शामिल हुए।

यह बैठक दिल्ली के भाजपा मुख्यालय में हुई। बैठक में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने केंद्रीय योजनाओं का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फीडबैक दिया ।साथ ही उन्होंने यह वादा किया कि 2019 लोकसभा चुनाव के प्रदर्शन को हरियाणा में रिपीट किया जाएगा। 2024 में होने वाले लोकसभा चुनावों और कई राज्यों के विधानसभा चुनावों को लेकर यह मीटिंग बुलाई गई थी।

# अब 2024 लोकसभा चुनाव के बाद ही होगी जनगणना

#### पहली डिजिटल जनगणना कराई जाएगी

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**2021** की जनगणना अब लोकसभा चुनाव के बाद ही होगी। एक रिपोर्ट के मुताबिक सरकार ने अभी तक जनगणना के नए कार्यक्रम की घोषणा नहीं की है। 2024 के लोकसभा चुनाव अप्रैल-मई में होने हैं। उससे पहले कर्मचारियों को वोटर लिस्ट अपडेट करनी है। ऐसे में जनगणना का काम शुरू होना संभव नहीं है।

अब जब भी जनगणना होगी, वह डिजिटली की जाएगी। अब जब भी जनगणना होगी, वह डिजिटली की जाएगी। यह देश की पहली डिजिटल जनगणना होगी। इसमें लोगों से 31 सवाल पूछे जाएंगे। जनगणना का काम कोरोना महामारी के कारण पहले अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई थी। जनगणना का हाउस लिस्टिंग फेज और राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर (एनपीआर) अपडेट करने का काम एक अप्रैल से 30 सितंबर 2020 तक पूरा होना था, जो लॉकडाउन के कारण नहीं हुआ। अधिकारियों ने कहा कि जनवरी 2023 में भारत के महापंजीयक और जनगणना आयुक्त ने प्रशासनिक सीमाओं को स्थिर करने की तारीख, नए जिलों या उप-जिलों को बनाने की लास्ट डेट 30 जून तक बढ़ा दी गई है।

नियमों के अनुसार जनगणना जिला, तहसील, ब्लाक और पुलिस स्टेशन की सीमाओं को फ्रीज करने के तीन महीने (यानी 30 सितंबर के बाद) बाद ही हो सकती है। देश के उन 30 लाख सरकारी कर्मचारियों/शिक्षकों को ट्रेनिंग देने में भी 2-3 महीने लगेंगे, जो जनगणना करने घर-घर जाते हैं। इस बीच चुनाव आयोग भी अगले आम चुनावों के लिए मतदाता सूचियों जांच का काम शुरू कर देगा। चूंकि प्राथमिकता बदल जाएगी, इसलिए संभावना है कि जनगणना लोकसभा चुनाव के बाद ही होगी।

#### लोगों से पूछे जा सकते हैं इस तरह के सवाल

**रजिस्ट्रार** जनरल और जनगणना आयुक्त के कार्यालय के अनुसार इस बार की जनगणना में 31 सवाल पूछे जाएंगे। इन सवालों में पूछा जाएगा- परिवार के पास टेलीफोन लाइन है या नहीं, इंटरनेट कनेक्शन है या नहीं, मोबाइल या स्मार्टफोन है या नहीं, वाहन कौन सा है- साइकिल, स्कूटर, बाइक, मोपेड, कार, जीप या वैन। साथ ही मकान के फर्श, दीवार और छत की प्रमुख सामग्री, उसकी स्थिति, घर में रहने वालों की कुल संख्या के अलावा यह भी पूछा जाएगा कि क्या परिवार की मुखिया महिला है, मुखिया अनुसूचित जाति का है या नहीं, इसके बारे में भी पूछा जाएगा।



# पृथला क्षेत्र में बर्दाश्त नहीं की जाएंगी टूटी हुई सड़कें : संदीप शर्मा

## बसपा नेता ने ग्रामीणों के साथ एक दिन का सांकेतिक धरना दिया

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**पृथला** विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले पन्हेड़ा कलां से फतेहपुर बिल्लोच तक की टूटी सड़क के विरोध में वरिष्ठ बसपा नेता संदीप शर्मा पन्हेड़ा ने ग्रामीणों के साथ सांकेतिक धरना दिया। ग्रामीणों ने बताया कि यह सड़क पिछले सात सालों से बदहाली का शिकार है।

सड़क पर बने गड्ढों के चलते ग्रामीणों को आवागमन में दिक्कत आती है। करीब 10-15 गांवों के लोग बाजार जाने के लिए इस सड़क का इस्तेमाल करते हैं और यह पिछले सात सालों से बदहाली की शिकार है। धरने पर मौजूद संदीप शर्मा ने कहा कि क्षेत्र में टूटी सड़कें किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएंगी। आगामी दिनों में बरसाती सीजन शुरू होने वाला है, इसलिए प्रशासन को जल्द से जल्द क्षेत्र की टूटी सड़कों की सुध लेकर इन्हें ठीक करवाना चाहिए। उन्होंने स्थानीय विधायक व प्रशासन को अल्टीमेटम दिया कि अगर 15 दिन के अंदर सड़कें ठीक नहीं हुईं तो वह ग्रामीणों के साथ मिलकर अनिश्चितकालीन धरना देने को मजबूर होंगे। उन्होंने स्पष्ट कहा कि विधायक व प्रशासन क्षेत्र की सड़कें जल्द बनवाने के दावे करते हैं, लेकिन सच्चाई यह है कि सड़कों की हालत बहुत ही दयनीय है। उन्होंने कहा कि वह क्षेत्र के लोगों की आवाज बनेंगे और इनकी समस्याओं को लेकर हर स्तर पर संघर्ष करेंगे। इस अवसर पर उनके साथ मुख्य रूप से नंदकिशोर कर्दम, रामपाल, सुनील शर्मा, लाला राम, सिंघराम, रोहित लांबा, देवेन्द्र प्रधान, भूपेंद्र शर्मा, जय किशोर मेंबर आदि मौजूद थे।

# 50 फीसदी से कम परीक्षा परिणाम वाले स्कूलों से मांगा जवाब

## कम अंक वाले विषय के अध्यापकों को भी बताना होगा कारण

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद




**हरियाणा** बोर्ड परीक्षा में 10वीं और 12वीं कक्षा में 50 फीसदी से कम परीक्षा परिणाम आने वाले स्कूल मुखियाओं से शिक्षा विभाग ने स्पष्टीकरण मांगा है। वहीं, जिन विषय में विद्यार्थियों के नंबर कम आए हैं, उस विषय के अध्यापकों को भी स्पष्टीकरण देना होगा। इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी ने स्कूलों से जल्द रिपोर्ट देने को कहा है।

शिक्षा निदेशालय ने सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को पत्र जारी कर ऐसे स्कूलों की सूची मांगी है। इतना ही नहीं ऐसे स्कूलों के मुखियाओं को कारण भी बताना होगा कि उनके स्कूलों के परीक्षा परिणाम में गिरावट क्यों आई। इस संबंध में जिला शिक्षा विभाग ने जिले के सभी खंड शिक्षा अधिकारियों के माध्यम से ऐसे स्कूलों की सूची मांगी है। यह सूची शिक्षा निदेशालय को भेजी जाएगी। हरियाणा बोर्ड की ओर से हाल ही में 12वीं और 10वीं का परिणाम जारी किया गया। जिले का 12वीं का परिणाम बेहतर रहा, जबकि 10वीं में स्थिति और खराब रही थी। निजी स्कूलों की तुलना में राजकीय स्कूलों का परिणाम बेहद खराब रहा है। जबकि जिले में पांच आदर्श विद्यालय चल रहे हैं। वहीं, पीएम श्री स्कूल शुरू करने के लिए लगभग सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। विभाग को अब खराब परिणाम देने वाले स्कूलों की चिंता है, क्योंकि इन स्कूलों के कारण प्रदेश के सरकारी स्कूलों से बोर्ड परीक्षा पास करने वाले विद्यार्थियों के प्रतिशत में गिरावट आई है। कई स्कूलों में तो 50 प्रतिशत से भी कम विद्यार्थी पास हुए हैं, इसलिए अब सख्ती बरती जा रही है। जिले में 10वीं का परिणाम 58.62 प्रतिशत रहा।

> **बोर्ड** परीक्षा के परीक्षा परिणाम में 50 प्रतिशत से कम आने स्कूल मुखियाओं को जवाब देना होगा। ऐसे स्कूलों की सूची तैयार करके मुख्यालय को भेजी जाएगी। वहीं, अध्यापकों को भी कम नंबर आने वाले विद्यार्थियों के संबंध में जानकारी देनी होगी।
>
> 
>
> - डॉ. मुनेश चौधरी, जिला शिक्षा अधिकारी

### विषय अध्यापकों को भी बताना होगा कारण

**निदेशालय** ने निर्देश दिए हैं कि शिक्षा अधिकारी स्कूल मुखियाओं के साथ बैठक कर रिपोर्ट तैयार करें। 50 फीसदी से कम परीक्षा परिणाम वाले स्कूलों की सूची विशेषता के आधार पर तैयार की जाएगी। इनमें खराब परिणाम के कारण को स्पष्ट करना होगा। किसी स्कूल का परिणाम किसी एक या दो विषयों के कारण कम रहा है तो ऐसे विषय के अध्यापकों को भी जवाब देना होगा।

# जिले के कॉलेजों में आज से शुरू हो रही है एडमिशन की प्रक्रिया

## कॉलेजों में प्रवेश के लिए फैमिली आईडी जरूरी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद




**सीबीएसई** व हरियाणा बोर्ड का परीक्षा परिणाम आने के बाद से ही छात्र कॉलेजों में एडमिशन को उत्सुक हैं। इसके लिए अभिभावक व छात्र कॉलेजों में आकर जानकारी प्राप्त कर रहे हैं। वहीं उच्चतर शिक्षा विभाग ने अपना शेड्यूल जारी कर दिया है। कॉलेजों में प्रवेश के लिए 29 मई से एडमिशन प्रक्रिया शुरू हो रही है। एडमिशन लेने के लिए उच्च शिक्षा विभाग की ओर से परिवार पहचान पत्र को जरूरी कर दिया गया है। युवाओं को एडमिशन फॉर्म के साथ ही अपनी फैमिली आई-डी अपलोड करनी होगी। बिना पीपीपी वाले स्टूडेंट्स को प्रवेश लेने में परेशानी आएगी।

### क्या रहेगा एडमिशन शेड्यूल

**जिले** के कॉलेज में सोमवार यानी 29 मई से 31 मई तक अपनी प्रोफाइल भरना शुरू करेंगे। जिसके बाद पांच से 19 जून तक युवा आवेदन शुरू कर देंगे। कॉलेज आठ से 23 जून तक दस्तावेजों के सत्यापन की प्रक्रिया शुरू करेंगे। सत्यापन का काम पूरा होने के बाद एक से 20 जुलाई के बीच मेरिट लिस्ट जारी की जाएगी।

### दाखिले का कार्यक्रम

- महाविद्यालय प्रोफाइल 29 से 31 मई तक भरना होगा।
- ऑनलाइन आवेदन (प्रवेश पोर्टल) - 5 से 19 जून तक।
- ऑनलाइन दस्तावेज सत्यापन - 8 से 23 जून।
- पहली मेरिट लिस्ट - एक से 20 जुलाई।
- फीस जमा करना (पहली मेरिट सूची)।
- दूसरी मेरिट लिस्ट (पोर्टल पर होगा अपलोड)।
- शिक्षण अवधि 21 जुलाई से बची हुई सीटों पर ऑनलाइन पंजीकरण।

### यह आएगी परेशानी

**कॉलेजों** में एडमिशन के लिए फैमिली आई-डी जरूरी होने से कई परेशानियां आएंगी। शिक्षा विभाग के एक प्रोफेसर ने बताया कि स्टूडेंट्स के पीपीपी डाटा को शिक्षकों की एक समिति द्वारा वेरिफाई किया गया। इस दौरान अभिभावकों से जब डाटा मांगा गया तो उन्होंने जानकारी देने से इंकार कर दिया। इस कारण से बिना डाटा के ही अधूरा सेट जमा किया गया है। एडमिशन के लिए परिवार पहचान पत्र अनिवार्य होने से बड़ी संख्या में युवाओं को ग्रेजुएट बनने का मौका नहीं मिल पाएगा। इसकी बड़ी वजह यह है कि राज्य में कई युवा ऐसे हैं जिनके पास फैमिली आईडी नहीं है। इसके साथ ही जिनके पास यह आईडी है, उनका सटीक डाटा उसमें शामिल नहीं है। इस कारण से वेरिफिकेशन में काफी परेशानी आएगी।

उच्चतर शिक्षा निदेशक ने स्पष्ट किया है कि सीटों की संख्या भी स्पष्ट तौर पर होनी चाहिए। इसमें लापरवाही बरतने वाले संबंधित प्रिंसिपल के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही कॉलेजों को विषय संयोजन की सीटों को फ्रीज करने के बाद बदलाव की अनुमति नहीं दी जाएगी। कॉलेज पाठ्यक्रम की सीटों में खेल कोटे की सीटों का भी स्पष्ट तौर पर उल्लेख किया जाना अनिवार्य है।

> **निदेशालय** ने स्नातक में दाखिले का शेड्यूल जारी कर दिया है। 29 से 31 मई तक सभी तैयारियां की जाएंगी और पांच जून से ऑनलाइन आवेदन किए जा सकेंगे।
>
> -डॉ. एमके गुप्ता, प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय, सेक्टर-16

### इन युवाओं को मिलेगी फीस में छूट

**एडेड** व प्राइवेट कॉलेजों को ओपन काउंसलिंग के दौरान ऑफलाइन मोड पर फीस लेने की छूट दी गई है। सभी छात्राओं और अनुसूचित जाति के सभी विद्यार्थियों की राजकीय कॉलेजों में ट्यूशन फीस शून्य है। सालाना 2.50 लाख से कम आय वाले परिवारों के विद्यार्थियों को एडिड व प्राइवेट कॉलेजों में निर्धारित मानदंडों के अनुसार फीस में छूट दी जाएगी। सरकारी कॉलेजों में छात्रों को एकमुश्त किश्त में वार्षिक शुल्क देना होगा।

# रेलवे ट्रैक पार करते समय 25 वर्षीय युवक की मौत

**फरीदाबाद।** बल्लभगढ़ में 25 वर्षीय युवक राकेश की रेलवे ट्रैक पार करते समय ट्रेन की चपेट में आने से हुई मौत हो गई है। युवक के शव का पोस्टमार्टम फरीदाबाद के बादशाह खान अस्पताल में कराया गया। वहीं मृतक की शिनाख्त उसके फोन के लास्ट डायल नंबर से हुई, जो उसके भाई का था, जिसे पुलिस ने सूचित किया।

मृतक के भाई सुनील का कहना है कि राकेश सुबह खाना बनवाकर बाहर गया और बोला अभी आ रहा हूं। फिर उसने आठ बजे फोन दोबारा किया, तब राकेश कह रहा था कि वह अभी उसके पास कुछ देर में पहुंच रहा है, लेकिन वह घर नहीं आया। जबकि रेलवे पुलिस का फोन आया कि आपका भाई ट्रेन की चपेट में आ गया है।

# हॉमर्टन ग्रामर स्कूल में कार्यशाला का आयोजन हुआ

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



हॉमर्टन ग्रामर स्कूल के छात्रों को अनुशासन का महत्व बताते चौकी प्रभारी।

**सेक्टर-21ए** स्थित हॉमर्टन ग्रामर स्कूल में ग्रीष्म अवकाश से पहले एक सेवा कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में मुख्य रूप से सेक्टर-21 डी चौकी इंचार्ज ओमप्रकाश और अनखीर चौकी इंचार्ज ने स्कूल में उपस्थित छात्र-छात्राओं को सेवा और अनुशासन के महत्व को बताया और इसके बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जरूरी नहीं कि सेवा के लिए धन ही आवश्यक है, सेवा कई तरह से की जा सकती है।

केवल मात्र सेवा करने का जज्बा आपके अंदर होना चाहिए। जैसे किसी बड़े बूढ़े, उम्र दराज या लाचार व्यक्ति को जरूरत पड़ने पर उनका सहारा बन सड़क आदि पार करा आप उनकी सेवा कर सकते हैं। सेवा जरूरी नहीं कि मानव मात्र की हो, हम पशु पक्षी आदि जीवों के लिए भी नेक कार्य कर सेवा कार्य कर सकते हैं। अनुशासन के बारे में उन्होंने बताया कि बिना अनुशासन कोई कार्य अंजाम तक नहीं पहुंच सकता। आपको कदम-कदम पर अनुशासन का पालन करना पड़ता है। जैसे सुबह समय पर उठना, एक्सरसाइज करना, तैयार होना, स्कूल आना यह सभी तभी संभव है, जब हम अनुशासन में रहते हैं। विद्यार्थियों को स्कूल की ग्रीष्म अवकाश के बारे में समझाया गया कि आप पढ़ने के साथ-साथ अपना समय अन्य नेक कार्यों में भी लगाए। जिसे करके आपके मन को सुख की अनुभूति हो। स्कूल की प्रधानाचार्या एलीसन पाईस्टर, प्रबंधक अर्चना डोगरा, ईवेंट कोर्डिनेटर हिमानी एवं अन्य अध्यापक के साथ साथ सभी उपस्थित विद्यार्थियों ने दोनों चौकी इंचार्ज का विद्यालय में आने पर आभार व्यक्त किया।

# रक्तदाताओं को हैलमेट देकर सड़क सुरक्षा के लिए किया जागरुक

## राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सेक्टर-55 में शिविर का आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**रक्तदाता** रक्तदान कर के थैलेसीमिया जैसे जरूरतमंदों की चिंता कर रहे हैं। साथ की रक्तदाताओं को हैलमेट देकर लोगों को जागरूक करने का का प्रयास किया जा रहा है। यह बात शिविर के मुख्य अतिथि एसएस बांगा ने रक्तदाताओं को जागरूक करते हुए कही। सेक्टर-55 स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विक्टोरा इंडस्ट्रीज द्वारा चलाये जा रहे रक्तदान व सड़क सुरक्षा मेगा ड्राइव के तहत रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि रेडक्रॉस के सचिव बिजेंद्र सौरोत ने रक्तदाताओं को हैलमेट देकर सम्मान करने के साथ-साथ अपनी सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के प्रयास को भी सराहा। उन्होंने सभी से अपील की कि जब आप दोपहिया वाहन से चलें हैलमेट जरूर लगाएं। इससे सिर्फ आपकी ही नहीं, आपके ऊपर आश्रित लोगों की भी सुरक्षा होती है। उन्होंने रोटरी क्लब ईस्ट और स्कूल प्रबंधन के प्रयास को भी सराहा। बतौर विशिष्ट अतिथि पहुंचे सेक्टर-55 गुरुद्वारा श्री सिंह सभा के प्रधान सरदार सरबजीत सिंह ने रक्तदान कर रहे लोगों को प्रोत्साहित किया। स्कूल के प्रधानाचार्य सतेंदर सौरोत ने अपने अध्यापकों के साथ रक्तदान कर सभी को प्रोत्साहित किया, साथ ही बांगा द्वारा चलाये जा रहे अभियान की सराहना की। इस मौके पर बतौर सहयोगी अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के जिला प्रमुख सरोज कुमार, जिला संयोजिका गायत्री राठौर, सोशल मीडिया प्रांत संयोजक रवि पांडेय, एसएफडी प्रांत संयोजक दीपक, नगर मंत्री रमन अपनी टीम के साथ उपस्थित रहे।

# राजमाता देवी अहिल्याबाई होलकर की जयंती पर निकाली शोभायात्रा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**नव** युवा बघेल संगठन फरीदाबाद ने राजमाता देवी अहिल्याबाई होलकर की 298वीं जयंती के उपलक्ष में भव्य शोभायात्रा निकाली। यह शोभा यात्रा जवाहर कॉलोनी दुर्गा मंदिर से आरंभ हुई और विभिन्न मार्गों से होकर गुजरी। इस दौरान यात्रा का जगह-जगह श्रद्धालुओं ने फूल मालाओं से स्वागत किया। शोभायात्रा में मुख्य रूप से एनआईटी विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ भाजपा नेता नगेंद्र भड़ाना ने शिरकत की। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा की जिला सचिव सुनीता सिंह बघेल शामिल हुईं।

इस मौके पर नगेंद्र भड़ाना ने कहा कि अहिल्यादेवी होलकर मराठा साम्राज्य की प्रसिद्ध महारानी तथा इतिहास-प्रसिद्ध सूबेदार मल्हारराव होलकर के पुत्र खंडेराव की पत्नी थीं। उन्होंने माहेश्वर को राजधानी बनाकर शासन किया। अहिल्याबाई ने अपने राज्य की सीमाओं के बाहर भारत के प्रसिद्ध तीर्थों और स्थानों में मंदिर बनवाए, घाट बंधवाए, कुओं और बावड़ियों का निर्माण किया, मार्ग बनवाए-काशी विश्वनाथ में शिवलिंग को स्थापित किया, भूखों के लिए अन्नसत्र खोले, प्यासों के लिए प्याऊ बनवाए, मंदिरों में विद्वानों की नियुक्ति शास्त्रों के मनन-चिंतन और प्रवचन के लिए की। वे हिंदुओं के लिए धर्म की भावना की सबसे बड़ी प्रेरक शक्ति रहीं हैं, आज उनकी जयंती पर हम सभी को उनके आदर्शों को अपनाने का संकल्प लेना चाहिए। इस अवसर पर गजेंद्र पाल पार्षद, समाजसेवी सुरेंद्र रावत, सुरेंद्र गोयल, भोपाल खटाना, दीपक राठौर, गंगा राम बघेल, चंदन लाल बघेल, प्रधान अशोक बघेल, सतीश बघेल, विक्रम बघेल, विशाल बघेल, रवि बघेल, दीपक बघेल, हरिओम, सतीश बघेल, उदयवीर बघेल आदि मौजूद थे।

# एक महीने में सभी समस्याओं का हल देगा बिल्डर

## विधायक ने हैबिटेट-78 निवासियों की समस्याओं को दूर करने के लिए बिल्डर को दिए निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



हैबिटेट सोसायटी सेक्टर-78 में विधायक राजेश नागर को धन्यवाद पत्र सौंपते निवासी।

**विधायक** राजेश नागर ने सेक्टर-78 के निवासियों को सुना और मौके पर ही बिल्डर को बुलाकर एक महीने में लोगों की समस्याओं को दूर करने के निर्देश दिए। नागर ने बिल्डर से कहा कि वह बायर बिल्डर एग्रीमेंट का उल्लंघन न करें।

राजेश नागर का स्थानीय निवासियों ने स्वागत किया। उन्होंने नागर को बताया कि उन्हें यहां आए हुए एक साल से अधिक का समय बीत गया है, लेकिन बिल्डर ने वादे के अनुसार अभी तक 33केवी का सब स्टेशन नहीं लगाया है। जिससे उन्हें प्रतिदिन 10-15 घंटे तक की बिजली कटौती झेलनी पड़ रही है। इसके साथ ही कनेक्टिंग रोड और सीवर कनेक्टिविटी की समस्या भी लोगों ने दूर करने की मांग रखी। लोगों ने रखरखाव शुल्क के रूप में भी बेहिसाब पैसे मांगने का बिल्डर पर आरोप लगाया।

इस पर विधायक ने कहा कि कोई भी बिल्डर नागरिकों के साथ गलत करेगा, उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कुछ बिल्डर के खिलाफ कार्रवाई की भी गई है। विधायक ने बताया कि रखरखाव शुल्क के बारे में बिल्डर को निर्देश दिया है कि वह अन्य बिल्डरों द्वारा लिए जा रहे सामान्य शुल्क ही लें। बिजली कटौती की समस्या को दूर करने के लिए बिल्डर ने 28 जून तक 33केवीए लाइन से कनेक्शन लेने बात कही है। वहीं एचएसवीपी एक सप्ताह के अंदर सीवर कनेक्टिविटी कर देगा और मुख्य मार्ग को चार लेन बनाने का काम भी जल्द शुरू हो जाएगा।

सुरक्षा के मसले को भी विधायक ने मौके पर ही मौजूद पुलिस अधिकारी को निर्देश देकर सुलझा दिया। वहीं उन्होंने सोसायटी के बाहर साफ सफाई की व्यवस्था को जल्द सही करने की बात कही। निवासियों से भी कहा कि वह एक छोटा गारबेज रिसाइकल प्लांट लगाएं, जिससे अधिकतर कूड़े का निस्तारण हो सके। अस अवसर पर चंचल सडवाल सरदारजी, राम रावत, प्रतीक पंड्या, हेम जोशी, विनोद जोशी, नीरज सिंह, गोपी, शम्मी दत्त, अभिजीत दास, रहमान खान आदि अनेक मौजूद रहे।

**पायनियर पाठकों के लिए**

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- मदनलाल, अंबेडकर चौक बल्लभगढ़ 9811477204
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट मोबाइल नंबर- 9255029919
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103



## नज़रिया

**दिनेश रघुवंशी, कवि**

तुम्हारे ज़ुल्म से बरबादियाँ ही मुस्कुरायेंगी
हवाएँ अम्न की, उल्फ़त की, हमसे मुँह चुरायेंगी
तुम्हारा तो न कुछ बिगड़ेगा लेकिन जानते हो ये
फ़िज़ा में नफ़रतों की क़ीमतें नसलें चुकायेंगी

# परीक्षार्थियों ने कहा-पेपर कठिन था, हल करने में छूटे पसीने

## रविवार को जिले के 59 केंद्रों पर थी यूपीएससी की परीक्षा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद




पेपर देकर परीक्षा केंद्र से बाहर निकलते विद्यार्थी।

**रविवार** को यूपीएससी द्वारा सिविल सर्विस प्रीलिमिनरी परीक्षा आयोजित की गई। यह परीक्षा प्रशासन की कड़ी सुरक्षा के बीच आयोजित की गई थी। जिसमें परीक्षा केंद्रों में केवल ड्यूटी देने वाले अधिकारी ही अंदर जा सकते थे। इसके अलावा किसी भी अधिकारी की परीक्षा केंद्रों के अंदर जाने पर यूपीएससी द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार पूर्णतया पाबंदी रही।

डीसी विक्रम सिंह ने बताया कि परीक्षा के लिए फरीदाबाद जिले में 59 परीक्षा क्रेंद्र बनाए गए थे। जिनमें ड्यूटी मजिस्ट्रेट, ट्रांसिट अफसर और निरीक्षण अधिकारियों को खास निर्देश थे और उन्होंने दायित्वों की निर्वाह किया। परीक्षा से पहले कड़ी चेकिंग की गई और किसी भी आपत्तिजनक वस्तु को अंदर ले जाने नहीं दिया। परीक्षार्थी अपने साथ केवल अपने ई-एडमिट कार्ड की वेरिफिकेशन के लिए पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, पहचान पत्र, आधार कार्ड, पैन कार्ड ही साथ ले जा सके। परीक्षा शुरू होने से एक घंटा पहले परीक्षा केंद्र का गेट खुलवाए गए और दस मिनट पहले परीक्षा केंद्र का गेट बंद कर दिया गया। जिसके बाद किसी भी विद्यार्थी को अंदर जाने की अनुमति नहीं थी। वहीं परीक्षा देकर बाहर निकले विद्यार्थियों ने परीक्षा के बारे में अपनी मिलीजुली प्रतिक्रिया दी।

**परीक्षा** में मिलेजुले प्रश्न आए थे, जिनमें कुछ कठिन थे तो कुछ आसान थे। वैसे नॉर्मल छह से सात घंटे पढ़ाई करते हैं, लेकिन परीक्षा के दिनों में ज्यादा मेहनत की थी।




-विनीत, करोलबाग दिल्ली

**पेपर** थोड़ा कठिन था, हालांकि पेपर अच्छा हुआ है, लेकिन तुरंत परीक्षा देकर अंदाजा लगाना मुश्किल है कि कितने नंबर आएंगे। मैंने लगभग नौ से 10 घंटे पढ़ाई की है।




-रहमतुल्ला, पटेल नगर दिल्ली



**पेपर** में करंट अफेयर के प्रश्न ज्यादा थे, जिन्होंने इसकी तैयारी की, उनका पेपर अच्छा गया है। पेपर मुश्किल था, लेकिन हमें अच्छा परिणाम आने उम्मीद है।

-खुशबू, जींद



**पेपर** इस बार कठिन था, ज्योग्रफी के प्रश्न ज्यादा मुश्किल थे। वैसे भी यूपीएससी का पेपर सबसे टफ माना जाता है। रोजाना कम से कम आठ घंटे पढ़ाई करनी पड़ती है।

-आस्था सिंह, इंदिरापुरम दिल्ली

# खेल बच्चे की एक अच्छी पहचान बना सकता है : सोमवंशी

## विक्टोरा ऑटो कंपनी ने खेल नर्सरी के लिए दिया खेल सामान

पायनियर समाचार सेवा। बल्लभगढ़

**पढ़ाई** के साथ-साथ खेल भी जरूरी है। बिना खेलों के बच्चों को आज के समाज में अधूरा माना जाता है। खेलों के माध्यम से ही बबीता फौगाट, गीता फौगाट, साक्षी मलिक ने नाम कमाया है। खेल बच्चे की एक अच्छी पहचान बना सकता है। यह बात विक्टोरा ऑटो प्राईवेट लिमिटेड कंपनी के सीनियर वाइस प्रेजिडेंट अजय सोमवंशी ने कही।

वे रविवार को गांव गढ़खेड़ा स्थित खेल नर्सरी एथलेटिक्स में खेल सामान वितरित पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। बता दें विक्टोरा ऑटो कंपनी ने अपने सीएसआर फंड से खेल नर्सरी को खेल सामान मुहैया कराया है। मुख्यातिथि सोमवंशी ने कहा कि खेल द्वारा बच्चों को नौकरी प्रदान की जा रही है। खेल बच्चे का शारीरिक, मानसिक व भावात्मक विकास करता है। विशिष्ट अतिथि नगर निगम के कार्यकारी अभियंता ओपी कर्दम ने कहा कि खेल नर्सरी गांव की बहुत महत्वपूर्ण कड़ी हैं, वह गांव के विकास और प्रतिभाओं को निखारने में अपना अमूल्य सहयोग दे रही है। कार्यक्रम का संचालन रूपचंद सांगवान ने किया, जबकि धन्यवाद सुमेर सिंह ने किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री के मीडिया समन्वयक मुकेश वशिष्ठ, ग्राम पंच जयपाल प्रजापति, वेद सैनी, बाबूराम कश्यप, चंद्रपाल वैष्णव, सतपाल कश्यप, मास्टर नेत्रपाल, मास्टर राकेश पंच जोगेंद्र सिंह, कोच योगेंद्र बीसला, केहर सिंह और सरजीत सहित अनेक लोग मौजूद थे।

# एडवांस कॉलेज में बारहवीं के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को जिला शिक्षा अधिकारी ने किया सम्मानित

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

### छात्राओं को दी जाएगी विशेष स्कॉलरशिप : डॉ पूनम गोयल

**नए** भारत के लिए आपका शिक्षित संस्कारित योग्य होना बहुत जरूरी है। विद्यार्थी अपनी मूल संस्कृति को न भूलें, अपने मूल्यों को संजोकर रखें, ज्ञान अर्जन पर ध्यान दें। अपने लिए जो भी शिक्षा का क्षेत्र श्रेष्ठ हो उसको चुनें, दूसरों को देखकर चुनाव न करें।

ये बातें जिला शिक्षा अधिकारी अशोक बघेल ने एडवांस्ड एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन में बारहवीं पासआउट विद्यार्थियों के लिए प्रतिभा सम्मान समारोह के दौरान बतौर मुख्य अतिथि कही। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के चेयरमैन डॉ. पुनीत गोयल व चैयरपर्सन डॉ. पूनम गोयल ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि प्रतिभा किसी सुविधा की मोहताज नहीं होती। एडवांस्ड एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन छात्रों की प्रतिभाओं को निखारने के लिए निरंतर तत्पर है। साथ ही इंस्टीट्यूशन में प्रवेश प्राप्त करने वाली छात्राओं को विशेष स्कॉलरशिप देने की घोषणा की।


विद्यार्थियों को सम्मानित करते अतिथि व आयोजक।

प्रशासक डॉ. सुनील दलाल ने कार्यक्रम की भूमिका के साथ स्वामी विवेकानंद के कथन को याद दिलाते हुए कहा कि उठो जागो और आगे बढ़ो, लक्ष्य प्राप्ति तक मत रुको। लक्ष्य पाने के लिए अपनी पूरी ताकत लगा दो। प्रतिभा सम्मान समारोह में पलवल जिले के अच्छे अंकों से बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण करने वाले 250 छात्रों को सम्मानित किया। इस अवसर पर कम उम्र में प्रतिभाओं की धनी सात वर्ष की छात्रा सृष्टि गुलाटी को उनकी प्रतिभाओं और कार्यों के लिए सम्मानित किया।

कार्यक्रम में राजकीय विद्यालयों के प्रिंसिपल डॉ. रंजना गुप्ता, मोनिका, सरिस्का गर्ग, ओम पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल राजेंद्र खटाना तथा विभिन्न स्कूलों के अध्यापक शमशेर सिंह, अमरचंद, पारुल तोमर, यशपाल, प्रवीण गुलाटी, कुसुम, पिंकी तथा विद्यार्थियों की गरिमामयी उपस्थित रही। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभा सम्मान समारोह की कोर्डिनेटर प्रोफेसर लक्ष्मी शर्मा ने कार्यक्रम में उपस्थित विशिष्ट अतिथि, शिक्षकों, अभिभावकों, छात्रों व श्रोताओं का आभार व्यक्त किया। प्रोफेसर शर्मा ने बताया कि आज हम सबके लिए ये गौरव की बात है कि लड़कियां बेहतर शिक्षा पाकर बेहतर परिणाम ला रहीं हैं। इससे नए समाज का निर्माण संभव हो रहा है।

# पलवल में पटाखे बनाने की अवैध फैक्ट्री का फंडाफोड़

### एक आरोपी गिरफ्तार, मालिक की तलाश, पांच लाख का कच्चा और तैयार माल हुआ बरामद

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल


पुलिस द्वारा पकड़ा गया आरोपी।

**पुलिस** ने पटाखे बनाने की अवैध फैक्ट्री पकड़ी है। पुलिस ने मौके से एक आरोपी को गिरफ्तार करके करीब दो लाख के तैयार पटाखे व तीन लाख रुपए का पटाखा बनाने का विस्फोटक पदार्थ बरामद किया। सदर थाना पुलिस ने कंपनी मालिक सहित तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

सदर थाना प्रभारी विश्व गौरव ने जानकारी देते हुए बताया कि सब इंस्पेक्टर चंदन सिंह टीम के साथ गश्त पर थे। गुप्त सूचना मिली कि अटोहां गांव निवासी किरणपाल के प्लॉट में टीन शेड के नीचे अवैध पटाखा कंपनी चल रही है, जिसमें भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री व तैयार किए गए पटाखे हैं। कंपनी को दक्षिणपुरी दिल्ली निवासी मनजीत कुमार बिना लाइसेंस और परमिट के चलाता है।

पुलिस टीम ने चंदन सिंह के नेतृत्व में मौके पर दबिश दी तो एक शख्श अवैध पटाखे बनाता मिला, जिसको पुलिस टीम ने काबू करके नाम पता पूछा तो उसने जिला बागपत के गुराना रोड बड़ौत निवासी शालीम उर्फ साहिल बताया। तलाशी ली गई तो 46 बॉक्स पैक माचिस छोटे पटाखे मिले। एक बॉक्स में 48 पैकेट थे, जो कुल 2208 पैकेट निकले, जबकि 38 खाली बॉक्स मिले। 15 पीले कटटों में पीले रंग का पाउडर (जिसे विस्फोटक बताया गया है), एक बिजली का कांटा, एक मशीन (डिब्बों की पैकिंग के लिए) और 10 बड़ी टेप मिलीं।

**प्लॉट मालिक से भी की जाएगी पूछताछ :** विश्व गौरव ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी शालीन से जब पटाखों को बनाने का लाइसेंस व परमिट मांगा तो वह पेश नहीं कर सका। पुलिस ने पूछा कि पटाखे बनाने का कच्चा माल कहां से आता है और तैयार करके कहां बेचे जाते तो उसने कहा कि यह तो कंपनी का मालिक दिल्ली निवासी मनजीत कुमार ही बता पाएगा। इसके बाद पुलिस ने मामले में बिना अनुमति के अपने प्लॉट में अवैध पटाखे बनाने की कंपनी चलाने के आरोप में अटोहां निवासी किरणपाल को भी 120बी के तहत नामजद कर लिया। पुलिस टीम प्लॉट के मालिक की तलाश में जुटी हुई है।

## जज को ठगने वाला दूसरा आरोपी गिरफ्तार

**पलवल।** जज के साथ साइबर ठगी करने के मामले में पुलिस ने दूसरे आरोपी को गिरफ्तार किया, जबकि मुख्य आरोपी को पुलिस पहले ही गिरफ्तार करके जेल भेज चुकी है। उसने सरेंडर किया था। तीसरे आरोपी की तलाश जारी है।

साइबर थाना प्रभारी जसवीर सिंह ने बताया कि कुसलीपुर गांव स्थित ज्यूडिशियल कॉम्पलेक्स में रहने वाले अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश महेश कुमार ने शिकायत दी थी कि उनके साथ ऑनलाइन ठगी हुई। ठगों ने उनके खाते से साढ़े 24 हजार रुपये निकाले। रुपये उनके खाते से 7, 23 व 25 नवंबर को निकाले गए थे। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके जांच शुरू की। जांच में पुलिस जिला अररिया (बिहार) के महलगांव निवासी आरोपी मोहम्मद फोजान तक पहुंची तो उसने पलवल अदालत में अग्रिम जमानत याचिका लगा दी थी, जो रद्द कर दी गई। तीन जनवरी को आरोपी ने अदालत में सरेंडर कर दिया तो पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने आरोपी से मोबाइल फोन बरामद करके उसे जेल भेज दिया था। थाना प्रभारी ने बताया कि मोहम्मद की निशानदेही पर पुलिस ने दूसरे आरोपी जिला अररिया (बिहार) के चोक्ता मचैला गांव निवासी अमान उल हक की तलाश शुरू कर दी, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार करके पैसों की बरामदगी के लिए रिमांड पर लिया है।

# युवक की झगड़े में चाकू घोंपकर हत्या


शोकाकुल मतक युवक के परिजन।

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

### मृतक-आरोपी दोनों कबाड़ी, किसी बात पर हुआ था विवाद

**बाटा** पुल के नीचे कबाड़ी का काम करने वाले युवक की चाकू घोंप कर हत्या कर दी। बीती रात साढ़े 11 बजे पुलिस को फोन से सूचना मिली थी कि बाटा पुल के नीचे झगड़ा हो रहा है। जब पुलिस मौके पर पहुंची तो एक युवक को चाकू लगा हुआ था और उसकी मौत हो चुकी थी।

थाना मुजेसर के एसएचओ कबूल सिंह के अनुसार मृतक युवक का नाम 32 वर्षीय कल्लू पुत्र रसीद है, जो कबाड़ी का काम करता था। चाकू मारने वाले युवक का नाम विक्रम है, जो खुद भी कबाड़ी का काम करता है। दोनों ही बाटा पुल के नीचे बनी झुग्गियों मे रहते थे। उनका किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। इस झगड़े में विक्रम ने कल्लू को चाकू मार दिया, जिसके चलते कल्लू की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक कल्लू के भाई ने शिकायत में कहा है कि रात को विक्रम और कल्लू का किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया, जिसके बाद विक्रम कल्लू के पीछे चाकू लेकर भागा। कल्लू अपनी जान बचाने के लिए विक्रम की बुआ के घर में घुस गया, लेकिन विक्रम ने अपनी बुआ के घर में घुसकर कल्लू की छाती में चाकू घोंप दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### मांगों को लेकर जींद की रैली में शामिल हुए पलवल के कर्मचारी




**पलवल।** पुरानी पेंशन योजना बहाल करने, रेगुलराईजेशन की नीति बनवाने, हरियाणा का अलग से वेतन आयोग गठित करने समेत कई मांगों को लेकर रविवार को पलवल जिले के सैकड़ों कर्मचारी सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के तत्वावधान में आयोजित चेतावनी रैली में शामिल होने के लिए जींद पहुंचे। कर्मचारी नेताओं का कहना है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं हो जाती तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। इससे जाहिर होता है कि कर्मचारी सरकार से आर पार की लड़ाई के मूंड में नजर आ रहे हैं। उन्होंने आगे बताया कि कौशल रोजगार निगम का गठन कर सरकार ने कर्मचारियों के हितों पर कुठाराघात किया है। कौशल रोजगार निगम में कर्मचारियों की कोई भी वार्षिक वेतन वृद्धि नहीं होती है। उसमें केवल पांच वर्ष के अनुभव के आधार पर मात्र 1050 की वेतन वृद्धि होती है। यह वेतन वृद्धि महंगाई के समय में ऊंट के मुंह में जीरे के सामान है। सिंचाई विभाग मैकेनिकल में कार्यरत कौशल रोजगार निगम के कर्मचारियों को अप्रैल माह का वेतन अब तक नहीं मिला है। उनकी मांग है कि सरकार नीति बनाकर तमाम तरह के कच्चे कर्मचारियों को रेगुलर करे। एक जनवरी 2006 से नियुक्त सभी कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना लाभ सरकार दे। विभागों को सिकोड़ना, उन्हें बंद करना व निजीकरण सरकार बंद करे। खाली पड़े पदों पर समय रहते सरकार नियमित भर्ती करे। रैली में मुख्य रूप से जिला प्रधान राजेश शर्मा, सचिव योगेश शर्मा, देवी सिंह सहजवाल, रमेश डागर, राकेश तंवर, हरकेश सौरोत, दिवाकर, कन्हैया, देवेंदर नंबरदार, अनिल आदि शामिल रहे।

### ऑनलाइन आभूषण मंगाने पर हुई सवा लाख की धोखाधड़ी

**फरीदाबाद।** सराय ख्वाजा इलाके में एक ज्वैलर को आभूषणों के लिए ऑनलाइन आर्डर देना महंगा पड़ गया। उसके साथ 1.25 लाख रुपये की धोखाधड़ी हो गई। करीब आठ महीने बाद अब पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। सराय ख्वाजा निवासी अक्षय कुमार वर्मा ने पुलिस को शिकायद दी है कि उनकी यहां बजरंग चौक पर आभूषणों की दुकान है। दिवाली पर उन्हें चांदी के कुछ आभूषणों की आवश्यकता थी। आभूषण खरीदने के लिए वे ऑनलाइन सर्च कर रहे थे। उन्हें एक नंबर मिला, उस पर कॉल किया। कॉल उठाने वाले ने कहा कि वह अच्छी किस्म के आभूषण उचित दाम पर देता है। विश्वास करके अक्षय ने उसे ऑर्डर दे दिया। उसने बिल और आभूषणों के फोटो व्हाट्स-एप पर डाल दिए। उसने कहा कि आभूषणों का भुगतान पहले करना होगा। अक्षय ने उसके खाते में 1.25 लाख रुपये डाल दिए। इसके बाद भी उन्हें कोई आभूषण प्राप्त नहीं हुए। उस व्यक्ति ने उनका फोन उठाना भी बंद कर दिया। तब अक्षय को ठगी का अहसास हुआ और पुलिस को शिकायत दी। पुलिस का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर लिया है, मामले की जांच की जा रही है।

### नए संसद भवन के उद्घाटन पर खुशी जाहिर की



**फरीदाबाद।** रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा नए संसद भवन का उद्घाटन करने के उपलक्ष में सेक्टर-46 फरीदाबाद के निवासियों ने पार्क में इकट्ठा होकर अपनी खुशी जाहिर की। इस मौके पर आरडब्ल्यूए प्रधान एनके गुप्ता, एलएन बिधूड़ी, भूपेंद्र नागर, सुनील कथूरिया, वेदराम चौधरी, वीरपाल मावी, संजीव जेटली, सुरेंद्र मित्तल, जेपी रायसिंघानी व बड़ी संख्या में सेक्टर निवासियों ने इकट्ठा होकर जलपान के साथ इस मौके पर अपनी शुभकामनाएं दीं।

### आम आदमी पार्टी के प्रति दिनोंदिन बढ़ रहा है युवाओं का रुझान

**फरीदाबाद।** कांग्रेस व भाजपा में आस्था रखने वाले अनेक युवाओं ने जिलाध्यक्ष हरेंद्र भाटी के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी का दामन थाम लिया। आम आदमी पार्टी फरीदाबाद के लोकसभा अध्यक्ष पंडित राजेंद्र शर्मा के बाटा चौक स्थित कार्यालय पर आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान आप में शामिल हुए कृष्ण, अशोक, राहुल, जगबीर, अमर, अजय, सिकंदर, साहिल, विवेक, रवि, हरिकेश, अभिषेक, नितिन, सुमित आदि अनेक युवाओं को हरेंद्र भाटी ने पार्टी की टोपी व पटका पहनाया और उन्हें विश्वास दिलाया कि पार्टी में उन्हें पूरा मान सम्मान मिलेगा। उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए हरेंद्र भाटी ने कहा कि भाजपा-कांग्रेस एक सिक्के के दो पहलु हैं और इन दोनों पार्टियों ने देश व प्रदेश में सबसे अधिक शासन किया। लेकिन हमेशा गरीब, दलित, पिछड़ों को वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया और सत्ता प्राप्ति के बाद इन वर्गो की सदैव अनदेखी की। जबकि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली शिक्षा, चिकित्सा क्षेत्र में जो परिवर्तन करके आम आदमी को राहत प्रदान की, उससे पूरे देश में एक नई राजनीति का सूत्रपात हुआ और दिल्ली मॉडल की तर्ज पर आम आदमी पार्टी ने पंजाब में सरकार बनाई व गरीब, दलित, पिछड़े वर्गो के हितों के लिए कार्य किए।

### विधायक राजेश नागर ने निगम आयुक्त संग की समीक्षा बैठक



**फरीदाबाद।** तिगांव के भाजपा विधायक राजेश नागर ने नगर निगम आयुक्त जितेंद्र दहिया एवं अन्य अधिकारियों संग समीक्षा बैठक की। नागर ने कहा कि हर सप्ताह किसी न किसी विभाग के साथ बैठक कर तिगांव विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देना हमारा उद्देश्य है। सेक्टर-16 स्थित सर्किट हाउस में हुई इस बैठक में विधायक राजेश नागर ने निगम आयुक्त जितेंद्र दहिया को अपनी प्राथमिकताओं के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि तिगांव विधानसभा क्षेत्र के अनेक कार्यों की गति को बढ़ाए जाने की जरूरत है, जिससे हम उन्हें समय पर लोगों को सौंप सकें। इसके अलावा ऐसे अनेक प्रोजेक्ट हैं, जिनके लिए धन का भी इंतजार नहीं करना है, उन्हें तुरंत प्रभाव से टेंडर करवाकर शुरू करवाएं। उन्होंने कहा कि विधानसभा का एक एक मतदाता हरियाणा सरकार का हिस्सा है। इसलिए हम हर क्षेत्र तक विकास को लेकर जाएंगे। इसके साथ ही हाल ही में निगम में शामिल हुए गांवों में भी विकास की गति को बढ़ाने पर हमारा फोकस है। जिसके लिए बैठक बहुत महत्वपूर्ण नतीजे लेकर आएगी। विधायक राजेश नागर ने बताया कि पिछली बैठक आयुक्त की अनुपस्थिति में हुई थी, जिस कारण कुछ निर्णय नहीं ले पाए थे। लेकिन आज की बैठक में कई निर्णय लिए गए हैं और आयुक्त ने अपने अधीनस्थों को विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की ढील न बरतने के निर्देश दिए हैं। आयुक्त ने भी बताया कि हाल ही में नगर निगम में शामिल हुए गांवों में विकास को गति देना उनकी प्राथमिकता होगी। इन गांवों में रहने वाले लाखों लोगों को शहरी सुविधाएं देने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं और इस कार्य में हम विधायक के साथ समन्वय करके कर रहे हैं। गौरतलब है कि एक सप्ताह पहले निगम के अधीक्षक अभियंता के साथ हुई बैठक में ही विकास कार्यों पर चर्चा हुई थी और उनको बता दिया गया था कि अगले सप्ताह इन सभी कार्यों की समीक्षा बैठक होगी। इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें निगम आयुक्त के अलावा कार्यकारी अभियंता ओमदत्त सहित कई एसडीओ व जेई भी मौके पर मौजूद रहे।

## हनी ट्रैप मामले में पति पत्नी को थाना सेक्टर-8 की टीम ने किया गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** सेक्टर-8 थाना प्रभारी नवीन कुमार, चौकी सेक्टर-7 प्रभारी की टीम ने हनी ट्रैप के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में ईशा और उसका पति रक्षित शामिल है।

दोनों आरोपी उत्तर प्रदेश नोएडा के रहने वाले हैं। दोनों आरोपियों को सेक्टर-6 की कंपनी से काबू किया गया है। पीड़ित ने शिकायत दी थी कि कोरोना महामारी में लॉकडाउन के दौरान फेसबुक के माध्यम से उसकी दोस्ती ईशा से हो गयी। आपसी चैट से स्पष्ट हुआ कि ईशा उसके साथ स्कूल में पढ़ती थी। उसे पता चला कि ईशा भी शादी शुदा है, जो ईशा द्वारा आज से तीन साल पहले मिलने का आफर दिया था। जो उस समय एफिनिटि सेलून, नोयडा में काम करती थी। जहां दोनों में रजामंदी से शारीरिक संबंध बन गये। उसके बाद ईशा ने एक दिन कहा कि में अपना निजी काम करना चाहती है, 20 लाख रुपये ले लिय। जब उसने अपने रुपये वापस मांगे तो ईशा ने कहा कि बिजनेस में घाटा चल रहा है 20 लाख रुपये और दे दो। पैसे देने से मना किया तो उसके पति ने कहा कि मेरी पत्नी के साथ गलत काम किया है, तुम्हारे खिलाफ बलात्कार का मुकदमा दर्ज करवायेंगे और तुम्हारे घर भी तुम्हारे पत्नी को सारी बातें बतायेंगे।

# गुदराना में आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों का स्वास्थ्य जांचा

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल



**राष्ट्रीय** बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तत्वावधान में जिला नागरिक अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. लोकवीर के दिशा निर्देशन व डिप्टी सिविल सर्जन डॉ. रामेश्वरी के मार्गदर्शन में गांव गुदराना स्थित सरोज व सविता आंगनबाड़ी केंद्र में 0 से 6 वर्ष तक के बच्चों के स्वास्थ्य की जांच व स्क्रीनिंग की गई।

शिविर में आरबीएसके टीम के डॉ. रूप व डॉ. ज्योति द्वारा 75 बच्चों के स्वास्थ्य की जांच व स्क्रीनिंग की गई। शिविर में जन्मजात रोग, डेफिशियेंसी, चाइल्डहुड डिजीज तथा डिसेबिलिटी से संबंधित बच्चों के स्वास्थ्य की जांच व स्क्रीनिंग की गई। शिविर में जन्मजात रोग जैसे जन्मजात हृदय रोग, क्लब फुट (पैर के पंजे का अंदर की तरफ मुड़ा होना), न्यूरल ट्यूब डिफेक्ट (पीठ पर फोड़ा होना), क्लेफ्ट लिप एंड पेलेट (कटे होंठ कटे तालु), जन्मजात बहरापन, अंधापन, डीडीएच, डाउन सिंड्रोम, जन्मजात मोतियाबिंद, रेटिनोपैथी ऑफ प्रीमेच्योरिटी, गंभीर एनीमिया, विटामिनए तथा विटामिन डी की कमी, कुपोषण, घेंगा, चर्म रोग, कान बहना, श्वसन संबंधी, दंत रोग, मिर्गी, दौरा, रिफ्रैक्टिव एरर, भेंगापन शारीरिक व मानसिक विकास में देरी, बोलने व चलने में देरी, न्यूरो मोटर इंपेयरमेंट तथा सामान्य रोग जैसे खांसी, जुकाम, बुखार, दस्त, उल्टी, पेट रोग आदि की जांच व स्क्रनिंग की गई।

शिविर में चार बच्चे दंत रोग, सात बच्चे चर्म रोग, एक बच्चा स्पीच एंड लैंग्वेज डिले (बोलने में देरी), तीन बच्चे जन्मजात हृदय रोग (बच्चों के दिल में छेद होना) से ग्रस्त पाए गए। जिन्हें जिला नागरिक अस्पताल के डीईआईसी सेंटर में इलाज के लिए रेफर किया गया। शिविर में नि:शुल्क दवाइयां भी वितरित की गईं।

इस अवसर पर डॉ. रूप, डॉ. ज्योति, विकास फार्मासिस्ट, ज्योति एएनएम, आंगनबाड़ी वर्कर सविता, सरोज तथा आंगनबाड़ी के बच्चे व उनके माता-पिता और अभिभावक मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## ऑटो चालक को चोरी में फंसाने पर दी शिकायत

**फरीदाबाद।** एक ऑटो चालक को चोरी के आरोप में पकड़ने पर ऑटो चालक का प्रतिनिधिमंडल पुलिस कमिश्नर ऑफिस पहुंचा, जहां उन्हें पुलिस कमिश्नर तो नहीं मिले, लेकिन उन्होंने पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर शिकायत दी।

उन्होंने बताया कि सेक्टर-31 थाना पुलिस ने एक ऑटो चालक को चोरी के आरोप में फंसाया है। उन्होंने इस मामले की निष्पक्ष जांच करने के लिए पुलिस से कहा है। दरअसल कुछ समय से सेक्टर-30 पुलिस लाइन से स्क्रैप चोरी हो रहा था। इसकी शिकायत सब इंस्पेक्टर दिनेश कुमार ने 22 मई को सेक्टर-31 थाना पुलिस से की। 23 मई को पुलिस को जानकारी मिली कि सफेद रंग का एक ऑटो बाईपास रोड चाय वाले खोखा के पास से जाएगा, जिसमें तीन महिलाएं और एक ऑटो चालक है। ये पुलिस लाइन की दीवार से स्क्रैप को ऑटो में रख कर जाने वाले हैं।

# बुराई का त्याग कर अच्छाई ग्रहण करने का लें संकल्प

### धूमधाम से मनाया गया 3डी42 स्थित श्री हनुमान मंदिर का वार्षिकोत्सव

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**रविवार** को श्रीहनुमान मंदिर का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर पवन मटोलिया एवं परिवार द्वारा श्रीखाटू श्याम की स्थापना की गई। इसके बाद श्रीबाला महाराज एवं श्रीखाटू श्याम बाबा की चौकी का आयोजन किया गया।

छोटी कंचन द्वारा केक काटकर विशाल भंडारे का आरंभ किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस कार्यक्रम को सिद्धपीठ श्रीहनुमान मंदिर श्रीसनातन धर्म महाबीर दल मार्केट नंबर-1 फरीदाबाद के प्रधान राजेश भाटिया के संयोजन में आयोजित किया गया, जिसमें शहर के गणमान्य लोगों ने बढ़ चढ़कर अपनी भागीदारी निभाई। राजेश भाटिया ने बताया कि इस मंदिर की स्थापना 46 वर्ष पूर्व मिलापचंद द्वारा हनुमान जी की मूर्ति की स्थापना द्वारा की गई थी। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से हनुमान जी ने भगवान राम की सहायता करके रावण का नाश करने में अहम भूमिका निभाई, उसी प्रकार आज हम सभी को अपने अंदर छुपी बुराइयों का अंत करके अच्छाइयों को ग्रहण करना चाहिए, क्योंकि अच्छा व्यक्ति ही सशक्त समाज निर्माण में अहम भूमिका निभा सकता है।

उन्होंने कहा कि आज इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में लोगों ने उपस्थिति दर्ज करवाई। बालाजी एवं श्री खाटू श्याम बाबा जी का आशीर्वाद प्राप्त किया। अंत में प्रधान राजेश भाटिया ने फरीदाबाद वासियों को 14 व 15 जून को होने जा रहे सिद्ध पीठ श्री हनुमान मंदिर श्री सनातन धर्म महाबीर दल मार्केट नंबर-1 के वार्षिकोत्सव का निमंत्रण दिया। इस अवसर पर पवन मटोलिया, मधुसूदन, राजकुमार, मनोज, कमल, रोहित, मोहित, पीयूष, शुभम, मेघा, विमल खंडेलवाल समस्त मटोलिया परिवार के अलावा प्रधान राजेश भाटिया की पत्नी जनक भाटिया,अंजलि मटोलिया, निशा, आभा, पुष्पा, सरला, सरिता कविता, नंदराम पाहिल, सीमा सितोरिया, गजेंद्र भड़ाना, परविंदर सिंह, बॉबी सितोरिया, मनोज नासवा, योगेश ढींगरा, राजकुमार बोहरा, अमित टंडन, सुरेंद्र गेरा, राजेश भाटिया (कानपुर वाले), उजागर सिंह, शक्ति सेवादल के प्रधान मोहनलाल अरोड़ा, श्रीमां काली मंदिर के प्रधान राकेश रक्कू, बंसीलाल कुकरेजा, कैलाश गुगलानी, राजेश, अनिल, परमेश्वर, पीएल खंडेलवाल, ललित, चंदर, सभी खंडेलवाल बंधु के अलावा राजे भाटिया, हरिंदर भाटिया, अजय शर्मा, सचिन भाटिया, अमर बजाज, अरविंद शर्मा, कुणाल वर्मा, लक्ष्मण सिंह, पवन सिंह, जितिन गांधी, किशन कुमार आहूजा, प्रेम बब्बर, रिंकल भाटिया, गगन अरोड़ा, कुणाल बब्बर, आशीष अरोड़ा, पंकज अरोड़ा, गौरव गुलाटी, रविंद्र गुलाटी, अनुज नागपाल, संदीप कुमार, वेद भाटिया, चुन्नीलाल खत्री, मनोज अग्रवाल, घनश्याम अग्रवाल, जीडी शर्मा, राजीव चावला, पुरुषोत्तम माटा, गौरव भाटिया सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।

# पूर्व डीएसपी को हनीट्रैप में फंसा, 20 लाख मांगे

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल

### घर पर काम करने आई महिला ने कपड़े उतारे, ब्लैकमेल कर 25 हजार ऐंठे

**पूर्व** डीएसपी को हनीट्रैप में फंसाकर 20 लाख रुपये मांगने का मामला सामने आया है। महिला पीड़ित से 25 हजार रुपए ले चुकी है। कैंप थाना पुलिस ने शिकायत पर महिला समेत दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

कृष्णा कॉलोनी निवासी पूर्व डीएसपी नत्थू सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि एक महिला का उसके पास फोन आया। फोन पर उसने कहा कि वह उनके पास एक औरत भेज रही है, वह उसके कपड़े साफ कर दिया करेगी। उसके कहा कि वह उस महिला को नहीं जानता, काम पर तुम आ जाओ। जिस पर महिला ने कहा कि वह भी उसके पास ही काम करती है। उसने महिला को फोन नंबर दे दिया।

वह महिला उसके घर आ गई। वहां उसके जानकार की बेटी भी मौजूद थी। महिला ने उसे कहा कि लड़की को यहां से भेज दो। जिसके बाद वह वहां से चली गई। महिला ने कमरे में जाकर अपने कपड़े उतार लिए। उसने शोर मचाया तो जानकार की बेटी वहां आ गई, उसे देखते ही महिला कपड़े पहनकर वहां से भाग गई। कुछ देर बाद उसके पास महिला का दोबारा फोन आया। उसने कहा कि उसने महिला के साथ क्या किया है, वह पुलिस चौकी में बैठी है, अब वह पुलिस को शिकायत देगी। महिला ने कहा कि उसने उस महिला को बुला लिया है, वह 50 हजार रुपये मांग रही है। वह 25 हजार रुपये देने की बात पर राजी हो गया।

उसने बेटे से 25 हजार मंगाकर उस महिला को दे दिए। पैसे लेते हुए उन्होंने उसके फोटो खींच लिए। पैसे लेने के बावजूद अब वह महिला फोन कर उसे 20 लाख रुपये की डिमांड कर रही है। साथ ही धमकी दे रही है कि पैसे नहीं दिए तो रेप केस में फंसा देगी। नत्थू ने आरोप लगाया कि महिला के साथ रिक्शा चलाने वाला युवक राहुल भी शामिल है।

# मानवता भलाई के कार्यों को समर्पित रहा डेरा सच्चा सौदा का पावन भंडारा

## डेरा सच्चा सौदा में सत्संग भंडारे में उमड़ा जनसैलाब

### अति जरूरतमंदों को बांटा राशन, वस्त्र, पक्षियोद्धार मुहिम के तहत बांटे सकोरे


डेरा सच्चा सौदा में पावन भंडारा कार्यक्रम में पहुंची साध-संगत का नजारा।

पायनियर समाचार सेवा। सिरसा

**सर्वधर्म** संगम व मानवता भलाई का विश्व विख्यात केन्द्र डेरा सच्चा सौदा की साध-संगत ने रविवार को सत्संग भंडारा हर्षोल्लास और मानवता भलाई कार्यों के साथ मनाया। इस पावन अवसर पर आयोजित विशाल रूहानी नामचर्चा में देश के अलग-अलग राज्यों से भारी तादाद में साध-संगत ने शिरकत की।

पावन भंडारे में साध-संगत के उत्साह का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि आश्रम की ओर आने वाले मार्गों पर दूर-दूर तक साध-संगत का सैलाब नजर आ रहा था और मार्गों पर कई-कई किलोमीटर तक वाहनों की कतारें नजर आई। साध-संगत के जोश, जज्बे और श्रद्धाभाव के सामने प्रबंधन द्वारा बनाए गए चार विशाल पंडाल भी छोटे पड़ गए। नामचर्चा की शुरुआत से पहले ही सभी पंडाल खचाखच भर गए और नामचर्चा की समाप्ति तक ये सिलसिला जारी रहा। इस अवसर पर गुरु संत डॉ. गुरमीत राम रहीम सिंहजी इन्सां ने साध-संगत के नाम अपना 16वां रूहानी पत्र भेजा, जिसे साध-संगत को पढ़कर सुनाया गया। गुरु जी ने पत्र में साध-संगत को सत्संग भंडारे की बधाई देते हुए लिखा कि आप सब सुमिरन, अखण्ड सुमिरन तथा नामचर्चा व नाम चर्चा सत्संग में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया करो। परहित परमार्थ व बढ़-चढ़ कर सेवा किया करो। मालिक जल्द से जल्द आपकी जायज मांग जरूर से जरूर पूरी करेंगे।

सत्संग की नामचर्चा के दौरान फूड बैंक मुहिम के तहत 75 अति जरूरतमंदों को राशन किटें और क्लॉथ बैंक मुहिम के तहत 75 बच्चों को वस्त्र वितरित किए गए। इसके अलावा पक्षी उद्धार मुहिम के तहत 175 सकोरे दिए गए। सत्संग भंडारे के दौरान साध-संगत ने बड़ी-बड़ी स्क्रीनों के माध्यम से गुरु जी के अनमोल वचनों का लाभ उठाया। साध-संगत ने एकाग्रचित होकर गुरु जी के वचनों को श्रवण किया।

**जागरुकता के लिए गाए गए गीतों पर झूमी साध-संगत :** इस अवसर पर गुरु संत डॉ. गुरमीत राम रहीम सिंहजी इन्सां द्वारा नशों के खिलाफ आमजन को जागरूक करने के लिए गाए गए सांग मेरे देश की जवानी व आशीर्वाद मांओं का...चलाए गए, जिससे युवाओं को नशों से दूर रहने का संदेश मिला। इसके साथ ही साध-संगत ने नाच-गाकर अपनी खुशी का इजहार किया। इस दौरान सत्संग भंडारे को लेकर बनाई गई एक डॉक्यूमेंट्री भी चलाई गई, जिसे सभी ने ध्यानपूर्वक देखा व सुना। नामचर्चाकों समाप्ति पर हजारों सेवादारों ने आई हुई साध-संगत को कुछ ही मिनटों में लंगर-भोजन और प्रसाद छका दिया।

उल्लेखनीय है कि डेरा सच्चा सौदा के 75वें रूहानी स्थापना दिवस व जाम-ए-इन्सां गुरु का के पावन अवसर पर 29 अप्रैल को पूज्य गुरु संत डॉ. गुरमीत राम रहीम सिंह जी इन्सां ने 15वीं चिट्ठी में मई महीने को लेकर पावन वचन फरमाए थे। चिट्ठी द्वारा पूज्य गुरु जी ने फरमाया था कि सन 1948 में पूजनीय बेपरवाह साईं शाह मस्तानाजी महाराज ने डेरा सच्चा सौदा का निर्माण कर पहला सत्संग मई महीने में फरमाया था। इसलिए मई महीने में भी साध-संगत पावन भंडारा मनाया करेगी।

## सड़क हादसे में सैनिक की मौत, ड्यूटी जाते समय रास्ते में हुई दुर्घटना


मृतक सैनिक हवलदार मुकेश कुमार की फाइल फोटो।

**सोहना।** नगर परिषद के वार्ड-20 का सांप की नंगली निवासी 28 वर्षीय सैनिक की सड़क हादसे में मौत हो गई। मृतक सैनिक की बाइक को जिला के गांव झांझरौला खेड़ा थाना सुल्तानपुर के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी थी। मृतक सैनिक अपनी दो बहनों के बीच अकेला भाई था।

नगर परिषद वार्ड-20 का गांव सांप की नंगली निवासी मुकेश कुमार शनिवार की सुबह 8 बजे चण्डीगढ़ स्थित टार्जिट कैंप ड्यूटी पर जाने के लिए घर से बाइक पर निकला था। मुकेश कुमार बाइक को अपने रिश्तेदार सतबीर निवासी झांझरौला खेड़ा थाना सुल्तानपुर जिला गुरुग्राम के घर अपनी बाइक को खड़ी करने के इरादे से लेकर गया था। जिसका शनिवार की दोपहर बाद तीन बजे फ़रुखनगर के पास अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया था।

जिसे उपचार के लिए पास के एसजीटी अस्पताल में ले जाकर भर्ती कराया था। जहां डॉक्टरों ने हलदार मुकेश कुमार को मृतक घोषित कर दिया। मृतक के चाचा हंसराज ने भौंडसी पुलिस को बताया कि मुकेश सतबीर के साथ चण्डीगढ़ जाने के लिए सांप की नंगली से गया था। वह अप्रैल माह में छुट्टी आया था।

**अंतिम संस्कार में सैंकड़ों की भीड़ :** मृतक हवलदार मुकेश कुमार के शव का रविवार को उसके पैतृक गांव सांप की नंगली में सैंकड़ों ग्रामीण, रिश्तेदार और मित्रगणों की मौजूदगी में अंतिम संस्कार कर दिया। इस अवसर पर सोहना विधायक संजय सिंह, समाज सेवी बलबीर सिंह रावत, भाजपा नेता हरबीर सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

**एक साल पहले पिता की मौत:** मृतक सैनिक हवलदार मुकेश कुमार के पिता रणजीत की भी एक साल पहले स्वर्गवास हो गया था। मुकेश कुमार अपनी दो बहनों का एक मात्र भाई था। नौ साल पहले सेना में देश सेवा करने के इरादे से भर्ती हुआ था।

**सैनिक का परिवार देश भक्त:** जानकारी के अनुसार मृतक हवलदार मुकेश कुमार का परिवार देशभक्त है। सैनिक मुकेश के ताऊजी सूबेदार हरिचंद, चाचा कैप्टन हंसराज, चाचा सूबेदार सतबीर सिंह रिटायर्ड व भाई सचिन कुमार देश सेवा में कार्यरत है।

## संक्षिप्त समाचार

### पल्स पोलियो की खुराक पिलाकर किया अभियान का शुभारंभ



**गुरुग्राम।** जिला में 28 से 30 मई के बीच चलने वाले पल्स पोलियो अभियान का रविवार को सीएमओ डॉ. वीरेंद्र यादव ने शुभारंभ किया। डीसी निशांत कुमार यादव के मार्गदर्शन में आयोजित इस अभियान के तहत नागरिक अस्पताल सेक्टर-10 में सीएमओ ने बच्चों को स्वयं पोलियो की खुराक देकर इस तिन दिवसीय कार्यक्रम की शुरूआत की। डॉ. यादव ने इस दौरान नागरिक अस्पताल में अभियान के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया। सीएमओ डॉ. वीरेंद्र यादव ने वहां उपस्थित चिकित्सकों व स्वास्थ्यकर्मियों को निर्देश देते हुए कहा कि इस अभियान को सफल बनाना हमारी साझी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि सभी विभाग योजनाबद्ध तरीके से काम करते हुए इस पुनीत कार्य के अभियान को सफल बनाने के लिए सहयोग करें। इस दौरान उन्होंने जिलावासियों से भी अपील करते हुए कहा कि सभी अभिभावक इस तीन दिवसीय अभियान में अपने 5 साल तक के बच्चों को पोलियो रोधी दवा अवश्य पिलवाएं। कार्यक्रम में जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. जय प्रकाश ने सीएमओ को पूरे अभियान की रूपरेखा की जानकारी देते हुए बताया कि पल्स पोलियो अभियान के तहत 28 मई को पोलियो बूथ पर तथा 29 व 30 मई को घर-घर जाकर बचे हुए बच्चों को दवा पिलाई जाएगी। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग द्वारा अलग-अलग स्तर पर मॉनीटरिंग करते हुए काम किया जाएगा। इसके साथ ही गुरुग्राम में माइग्रेटरी आबादी को ध्यान में रखते हुए निर्धारित लक्ष्य से अधिक बच्चों को कवर करते हुए उन्हें पोलियोरोधी दवा पिलाने के प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि अभियान को सफल बनाने के लिए जिला में 1557 टीकाकरण केन्द्रों पर लगभग 5408 वैक्सीनेटरों का सहयोग लिया जा रहा है। इसके साथ ही जिला में 162 मोबाइल टीमें, 501 हाईरिस्क एरिया की पहचान, 33 ट्रांजिट टीमें, 286 सुपरवाईजरों की ड्यूटी लगाई गई।

### गुरुग्राम से किसान मोर्चा को नहीं जाने दिया जंतर-मंतर पर



**गुरुग्राम।** देश की राजधानी स्थित जंतर-मंतर पर महिला पहलवानों के धरने का समर्थन करने गुरुग्राम से जा रहे किसान मोर्चा के सदस्यों को पुलिस ने रोक लिया। किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष संतोख सिंह कार्यकर्ताओं व महिला संगठनों के साथ हुडा सिटी सेंटर मेट्रो स्टेशन पर पहुंचे तो सभी कार्यकर्ताओं को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। उन्हें क्षेत्र के सेक्टर-29 पुलिस थाना ले जाया गया। संतोख सिंह, महेंद्र सिंह ठाकरान, सूबे सिंह बोहरा आदि का कहना है कि पुलिस से आग्रह भी किया गया कि वे शांतिपूर्वक जंतर-मंतर पर जा रहे हैं, लेकिन पुलिस ने उनकी एक नहीं सुनीं। उन्हें जंतर-मंतर पर नहीं जाने दिया गया। उन्होंने बताया कि पुलिस थाना क्षेत्र में ही उन्हें रोक लिया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार खिलाड़ियों के आंदोलन से डर गई है और तानाशाही रवैया अपनाकर आंदोलन को तोड़ना चाहती है। दिल्ली की सीमाओं को सील कर दिया गया है, ताकि लोग जंतर-मंतर पर महिला पहलवानों के आंदोलन के समर्थन में न पहुंच सकें। उनका कहना है कि सेक्टर-29 थाना में ही महिला सम्मान महापंचायत का आरंभ सभी ने मिलकर कर दिया। पुलिस द्वारा रोके गए लोगों में उषा सरोहा, धर्मबीर कटारिया, देविका सिवाच, रामवती, भारती देवी, डा. मुकेश शर्मा, जगपाल सिंह कटारिया, सतबीर सिंह, जसबीर ठाकरान, महाबीर, अनिल दहिया, अनूप सिंह, नवीन, रविंद्र, महाबीर ठाकरान, मनफूल ठाकरान, दयाचंद ठाकरान, जगदीश ठाकरान, विजेंद्र फौजी, आकाशदीप आदि शामिल रहे।

### शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई यूपीएससी की परीक्षा



**गुरुग्राम।** जिला प्रशासन ने रविवार को जिला में दो सत्रों में आयोजित संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा को शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न कराया। इसके लिए स्वयं एडीसी हितेश कुमार मीणा ने कमान सम्भाली और जिला में बनाए गए परीक्षा केंद्रों में से कुछ को आकस्मिक तौर पर चेक किया। उन्होंने उन परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा आयोजन की व्यवस्थाएं देखी, परीक्षा केंद्र अधीक्षक व स्टाफ से भी पूछताछ की। एडीसी ने बताया कि प्रशासन ने यह सुनिश्चित किया कि प्रश्न पत्र सही तरीके से गोपनीयता से परीक्षा केंद्रों तक पहुंचे, जिसके लिए डिस्ट्रिब्यूशन ऑफिसर ड्यूटी पर लगाए गए। उन्होंने बताया कि संघ लोक सेवा आयोग परीक्षा की यह परीक्षा दो चरणों में आयोजित की गई थी। पहली शिफ्ट प्रातः 9.30 बजे से 11.30 बजे तक थी। वहीं दूसरी शिफ्ट दोपहर 2.30 बजे से शाम 4.30 बजे तक थी। उन्होंने बताया कि इस परीक्षा के लिए गुरुग्राम जिला में 61 केंद्र बनाए गए थे व 24 ड्यूटी मजिस्ट्रेट लगाए गए थे। इन केंद्रों पर 20060 परीक्षार्थियों ने परीक्षा देनी थी। दोनों चरणों में 68 प्रतिशत के करीब परीक्षार्थी परीक्षा देने आए थे। सुरक्षा की दृष्टि से जिन स्कूलों में केंद्र बनाए गए, उसके नजदीक फोटोस्टेट मशीन या अन्य इलेक्ट्रोनिक उपकरण वाली दुकानों को बंद रखा गया। दोनों सत्रों में परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई।

### मंदिर क्षतिग्रस्त कर जबरन कब्जा करने का आरोप

**तावडू।** उपमंडल के गांव गुढी में दबंगों द्वारा मंदिर क्षतिग्रस्त कर भूमि पर जबरन अवैध कब्जा करने का मामला सामने आया है। मामले में विरोध करने पर जाति सूचक शब्दों का प्रयोग कर अपमानित और जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप है। सदर थाना पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए पांच आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गुढी निवासी नवीन ने बताया कि करीब 60 वर्ष पहले ग्राम पंचायत द्वारा दलित समाज के लोगों के लिए भूमि एलोट की गई थी, जिस पर एक कुंआ भी बनाया गया। जिस पर अब गांव के ही दबंग किस्म के लोगों ने कब्जा कर लिया। नवीन का आरोप है कि बीते 25 मई को कुंए के पास स्थित पूजनीय स्थल को तोड़ दबंगों ने घर में आने जाने का रास्ता बना कर जबरन निर्माण भी कर लिया। जिम्मेदार ग्रामीणों ने विरोध किया तो जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली गलौज की गई। इसके अलावा उन्हें जान से मारने की भी धमकी दी गई। नवीन के बयान पर सदर थाना पुलिस ने गुढी निवासी रमजान, जुहरू, कमरू, कासम और असरु के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस मामले में आरोपी पक्ष का कहना है कि संबंधित तथाकथित मंदिर भूमि उनकी निजी मिल्कियत है। इससे संबंधित जरूरी दस्तावेज भी उनके पास मौजूद हैं। वह निष्पक्ष जांच के लिए तैयार हैं।

## डोर टू डोर कूड़ा उठाने वाली एजेंसी ने एनजीटी के आदेशों की उड़ाईं धज्जियां


सोहना में डोर टू डोर कूड़ा उठाने के दौरान गीला व सूखा कचरा को एक साथ बिना ढके भरकर ले जाते कंश्यूलेशन एजेंसी के कर्मचारी।

**सोहना।** नगर परिषद सीमा क्षेत्र में डोर टू डोर कूड़ा उठाने वाली कंश्यूलेशन एजेंसी एनजीटी के आदेशों की जमकर धज्जियां उड़ा रही है। डोर टू डोर कूड़ा उठाने के दौरान गीला व सूखा कूड़ा-कचरा अलग नहीं किया जा रहा है। वाहनों में भरे कूड़े को बिना जाल या सुरक्षा कवच के निस्तारण केन्द्र ले जाया जा रहा है। नगर परिषद प्रशासन ने अगस्त माह में डोर टू डोर कूड़ा उठाने वाली कंश्यूलेशन एजेंसी को नये नियम व शर्तों के आधार पर ठेका दिया था। लेकिन यह एजेंसी पहले से ही शहर में डोर टू डोर कूड़ा उठाने का कार्य करती रही है। इस बार ठेका देने से पहले एजेंसी को नये नियम के आधार पर कार्य करने की शर्त रखी गई थी। एजेंसी कर्मचारी सभी नियमों को नजरअंदाज करते हुए अपनी मनमर्जी से कूड़ा उठाने का कार्य कर रहे हैं।

**एनजीटी के इन नियमों की पालना नहीं :** एजेंसी कर्मचारी को एनजीटी नियम के अनुसार डोर टू डोर कूड़ा उठाने के दौरान गीले व सूखे कचरे को दो अलग-अलग पाशे में रखना होता है, लेकिन वाहन चालक कूड़े की छंटनी किए बिना ही एक ही डिब्बे में कूड़ा भर रहे हैं। कूड़े को निस्तारण केन्द्र तक लेकर जाने से पहले सुरक्षा कवच से ढका जाना चाहिए, लेकिन वाहन चालक सरेआम कूड़े को आम रास्ते से लेकर बाजारों में बिखेरते हुए ले जाते हैं। विशेष रूप से आबादी वाले क्षेत्र से अवश्य लेकर जाते है। जाल न लगा होने के कारण वाहनों से कूड़ा गिरता हुआ जाता है।

**परिषद अधिकारियों पर ध्यान नहीं देने का आरोप :** नगर परिषद अधिकारी सरेआम एनजीटी के आदेशों की धज्जियां उड़ाने वाले वाहन चालकों का कुछ नहीं बिगाड़ पा रहे हैं। परिषद अधिकारी सब कुछ जानते हुए भी अंजान बने हुए हैं। राहुल का कहना है कि अगस्त से लेकर आज तक बीते करीब 9 माह में नप अधिकारियों ने नियमों की धज्जियां उड़ाने वाले एक भी वाहन चालक का चालान तक नहीं काटा है। जिससे एजेंसी मालिक व उसके कर्मचारी अपनी आदतों से बाज नहीं आ रहे हैं।

> **अब चालान काटे जाएंगे**
>
> **एजेंसी** कर्मचारियों के वाहन चालकों को कई बार नियमों की पालना करने के लिए चेतावनी देकर छोड़ा गया, लेकिन भविष्य में इस तरफ ध्यान देते हुए चालान काटे जाएंगे।
>
> **सतेन्द सिंह**
> **( सफाई इंस्पेक्टर नप )**

## सोहना नप चैयरपर्सन को राजस्थान पुलिस ने किया गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। सोहना


सोहना नप चेयरपर्सन अंजू देवी राजस्थान पुलिस की हिरासत में।

**राजस्थान** पुलिस ने नगरपरिषद चेयरपर्सन अंजू देवी को गिरफ्तार किया। अंजू देवी पर फर्जी स्कूल प्रमाण पत्र का चुनाव में उपयोग करने का आरोप है। जिसकी तलाश में राजस्थान पुलिस पिछले करीब तीन माह से गिरफ्तार करने के लिए चक्कर लगा रही थी। अंजू देवी के खिलाफ राजस्थान में फर्जी स्कूल प्रमाण पत्र बनवाने के आरोप में मामला दर्ज है।

रविवार को राजस्थान पुलिस ने नगर परिषद चैयरपर्सन अंजू देवी को भौंडसी थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली ग्लोबल हाइट सोसायटी के एक फ्लैट से गिरफ्तार किया है। राजस्थान पुलिस अंजू देवी को ग्लोबल हाइट सोसायटी से सीधे अलवर जिला ले गई है। अंजू देवी की एक जमानत याचिका पहले ही रद्द हो चुकी है। सूत्रों के अनुसार अभी यह मामला राजस्थान के हाई कोर्ट में विचाराधीन है। हालांकि अधिकारिक तौर अंजू देवी के गिरफ्तार होने की पुष्टि स्थानीय स्तर पर नहीं हो सकी है, क्योंकि राजस्थान पुलिस पिछले करीब तीन माह से अंजू देवी की गिरफ्तारी में पहले भी कई बार सोहना में स्थित उनके निवास स्थान पर दो बार तथा अन्य कई स्थानों पर छापामारी कर चुकी थी। रविवार को राजस्थान पुलिस ने किसी को इस बात की भनक तक नहीं लगने दी, क्योंकि राजस्थान पुलिस साधा कपड़ों में ग्लोबल हाइट सोसायटी के उस फ्लैट पर पहुंच गई। जहां पर अंजू देवी रह रही थी।

**ललिता ने लगाया था अंजू देवी पर आरोप :** नगर परिषद आम चुनाव में दूसरे नंबर पर रही आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी ललिता ने अंजू देवी के स्कूल प्रमाण पत्र फर्जी होने का आरोप लगाया था। जिसकी शिकायत ललिता द्वारा राजस्थान पुलिस से की थी। अंजू देवी को हरियाणा चुनाव आयोग भी स्कूल प्रमाण पत्र फर्जी होने के आधार पर अपदस्थ कर चुका है, लेकिन हरियाणा हाईकोर्ट में चुनाव आयोग के फैसले के खिलाफ अंजू देवी ने याचिका डालकर स्टे लेते हुए राहत की सास ली और नगर परिषद के चैयरपर्सन पद की शपथ ले ली थी।

**नप की राजनीति में आया उछाल :** चेयरपर्सन अंजू देवी को राजस्थान पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए जाने से नगर परिषद की राजनीति में काफी बदलाव होने के आसार हैं। कयास लगाए जा रहे हैं कि सरकार अंजू देवी को निलंबित करके कार्यभार उप चेयरपर्सन को सौंप सकती है। जिसको लेकर अंजू देवी के विरोधियों ने अपनी योजना को अमलीजामा पहनाने की कवायद शुरू कर दी।

## प्रतिभाशाली विद्यार्थियों व समाजसेवियों का किया सम्मान

### गुड़गांव विकास मंच एवं ब्राह्मण वेलफेयर एसोसिएशन ने किया सम्मान समारोह

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


गुरुग्राम में प्रतिभाशाली छात्रों एवं समाजसेवियों के सम्मान समारोह में नर्सिंग ऑफिसर पूनम सहराय को सम्मानित करते मुख्य अतिथि कैनविन फाउंडेशन के संस्थापक डा. डीपी गोयल व अन्य।

**गुड़गांव** विकास मंच एवं ब्राह्मण वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से प्रतिभाशाली छात्रों व समाजसेवियों के अलावा कार्यक्रम में पहुंचे सभी अतिथियों, विशिष्ट अतिथियों को भी स्मृति चिन्ह, सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। यहां ओल्ड ज्यूडिशियल कॉम्पलेक्स स्थित होटल प्रेसियस इन में यह समारोह आयोजित किया गया।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में कैनविन फाउंडेशन के संस्थापक डा. डीपी गोयल, पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी ललित कटारिया ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजसेवी राजकुमार त्यागी, सोनू तायल, ब्राह्मण सभा झाड़सा के पूर्व अध्यक्ष नरेंद्र कौशिक, बनवारी लाल शर्मा, एडवोकेट महेश शर्मा, शिक्षाविद् डा. सोना यादव, नर्सिंग ऑफिसर पूनम सहराय, शिक्षिका संगीता दास, संस्था के उपाध्यक्ष अनिल वशिष्ठ, मनीष कौशिक, सोनू कौशिक, कृष्ण भारद्वाज, दीपक कटारिया, सोनाली बत्रा, भारती जैन, अंतराष्ट्रीय चित्रकार कमल शर्मा, जितेंद्र वशिष्ठ, संदीप गौड़, दयाकिशन भारद्वाज, विकास शर्मा, सोमबीर कादयान, अभिषेक ठाकुर, आशा गगन गोयल, अजय जैन ने शिरकत की।

ब्राह्मण वेलफेयर एसोसिएशन व गुड़गांव विकास मंच के अध्यक्ष अजय शर्मा ने बताया कि संस्था की ओर से अतिथियों द्वारा एमबीबीएस करने उपरांत डा. प्रिया वशिष्ठ व चार्टर्ड अकाउंटेंट सौहार्द अत्री को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इनके अलावा 12वीं कक्षा के टॉपर वेदांत शर्मा, इशिता, मयंक यादव, अनु यादव, प्रिया शुक्ला, शैना शर्मा और 10वीं कक्षा के टॉपर श्रेष्ठ गौड़, रिया कादियान, गर्व बत्रा, काशवी रावत आदि को भी यहां सम्मानित करते हुए उन्हें भविष्य में भी ऐसे ही सफलताओं के लिए शुभकामनाएं दी गई। अपने संबोधन में डा. डीपी गोयल ने कहा कि ये दोनों संस्थाएं गुरुग्राम में समाजसेवा के क्षेत्र में बेहतर काम कर रही हैं। हम सबका लक्ष्य समाजसेवा ही होना चाहिए। जीवन हमें मिला है तो मानवता के काम भी आना चाहिए। सभी को अपने भीतर ऐसी सोच पैदा करनी होगी। हम समाज को कुछ देने की सोच रखें। नवीन गोयल ने कहा कि समाजसेवी के रूप में अजय शर्मा लगातार सक्रिय रहते हैं। उन्होंने कहा कि समाजसेवा का कोई दायरा नहीं होता। वह किसी भी रूप में कहीं पर भी की जा सकती है।

## सेक्टर-4 में नवीन ने चलाया सफाई अभियान

### नवीन गोयल ने सुबह 6 बजे शुरू किया सेक्टर में सफाई अभियान

### पीएम मोदी के स्वच्छ भारत अभियान के तहत की गई सफाई

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


गुरुग्राम के सेक्टर-4 ग्रीन बेल्ट में सफाई अभियान चलाते नवीन गोयल।

**पर्यावरण** संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने रविवार की सुबह 6 बजे से सेक्टर-4 में ग्रीन बेल्ट एरिया में सफाई अभियान चलाया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत अभियान के तहत उन्होंने यह अभियान चलाया। इससे पूर्व नवीन गोयल का स्वागत भी किया गया।

वरिष्ठ साहित्यकार मदन साहनी, सुंदरदास अग्रवाल, हिमांशु, संजीव रोहिल्ला, डा. एससी गुप्ता, महिंद्र रोहिल्ला, राजेश शर्मा, सोनू गर्ग, शीशपाल जांघू, अजय कुमार श्रीवास्तव, निखिल जैन समेत समाज के अनेक आम और खास लोगों ने नवीन गोयल के साथ श्रमदान करके इस क्षेत्र को चमकाया। इस अवसर पर नवीन गोयल ने फिर से दोहराया कि स्वच्छता के मामले में हमें गुरुग्राम को टॉप-10 शहरों में लाना है। इसके लिए ऐसे प्रयास बहुत जरूरी हैं। किसी भी काम की सफलता के लिए हमें निरंतर उस पर फोकस करना चाहिए। हम अगर सड़क पर झाड़ू भी नहीं लगा सकते तो इतना जरूर करें कि अपने हाथ में कागज या अन्य कोई चीज सड़कों पर ना फेंके। उन्हें निर्धारित डस्टबिन में डालें। अगर हम अपने घर की सफाई करके गली में गंदगी डालते हैं तो यह भी ठीक नहीं। नवीन गोयल ने कहा कि हम गुरुग्राम महानगर के निवासी हैं। यह शहर विदेशी लोगों की भी रिहायश है। हमारे द्वारा की गई हर गलती का असर हमारे शहर की छवि पर पड़ता है। केंद्र सरकार और प्रदेश सरकार के प्रयासों से गुरुग्राम विश्व में चमक रहा है। इसकी चमक को हमें फीकी नहीं पड़ने देना। अपने कर्तव्यों का पालन करके हम स्वच्छता ही नहीं बल्कि पर्यावरण में सुधार करने के भी प्रयास करें। पेड़ लगाएं, उनका पालन करें। जिन पेड़ों की छांव में हम बैठते हैं, जिनसे हमें ऑक्सीजन मिलती है, वे भी किसी ने लगाए हैं। इसलिए अपने आगे की पीढ़ियों के लिए हम भी पेड़ लगाएं। नवीन गोयल ने कहा कि ऐसे अभियानों का मुख्य उद्देश्य सफाई करने के साथ क्षेत्र के लोगों को जागरुक करना भी रहता है। उन्होंने आह्वान किया कि अपने-अपने क्षेत्र में मौजिज लोग एक टीम बनाकर हर संडे को थोड़ी-थोड़ी सफाई करके अपने क्षेत्र की सूरत बदल सकते हैं। हमें अपनी जिम्मेदारियों को समझना चाहिए। देश के प्रधानमंत्री ने झाड़ू लगाई है। इसलिए हमारे भीतर भी इस काम के प्रति कोई झिझक नहीं होना चाहिए। साहित्यकार मदन साहनी ने भी स्वच्छता और पर्यावरण विषय को गंभीरता से लेने की बात कही। उन्होंने कहा कि हमारे जीवन का ये दोनों ही अभिन्न अंग हैं।

## विधायक सीमा त्रिखा ने पन्ना प्रमुखों को दी जिम्मेदारी



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**बड़खल** विधानसभा क्षेत्र वार्ड-17 के पन्ना प्रमुख कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन बड़खल मंडल के अध्यक्ष सत्येंद्र पांडे, पूर्व मंडल अध्यक्ष कर्मवीर बैंसला द्वारा एसजीएम नगर बी ब्लॉक होली फेथ मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में किया गया। बैठक में मुख्य वक्ता विधायक सीमा त्रिखा ने शिरकत की।

उन्होंने कहा कि हरियाणा की सरकार पारदर्शी एवं समदर्शी हाथों में चल रही है, जिसका नेतृत्व मनोहर लाल कर रहे हैं। इस पारदर्शी एवं समदर्शी सरकार के चलते हरियाणा में भ्रष्टाचार खत्म हुआ और पारदर्शी नीति बनी। उनके नेतृत्व में हरियाणा ऐसा पहला राज्य बना जहां गरीबी की न्यूनतम सीमा 1.20 हजार से बढ़ाकर 1.80 की गई।

हरियाणा राज्य के लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं देने में भी अव्वल रहा। उसी प्रकार हरियाणा भाजपा के कर्मठ संघर्षशील अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ भी भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के दिशा निर्देशों का पालन करते हुए हरियाणा राज्य में भाजपा का संगठन और पार्टी की नींव को मजबूत करने का काम कर रहे हैं। विधायक ने इस मौके पर पन्ना प्रमुखों को जिम्मेदारियां भी बताईं।

# खेल व खिलाड़ियों की उपेक्षा कर रही भाजपा सरकार : विधायक

## अरावली क्रिकेट एकेडेमी का उद्घाटन करने पहुंचे विधायक आफताब अहमद

## तमाम युवा कर रहे हैं क्रिकेट, कुश्ती, वेटलिफ्टिंग जैसे खेलों में नाम रोशन





पायनियर समाचार सेवा। मेवात

**कांग्रेस** विधायक दल के उप नेता व नूह विधायक चौधरी आफताब अहमद रविवार को नूह के खेडला गांव में अरावली क्रिकेट अकादमी का उद्घाटन करने मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। समिति के सदस्यों व आयोजक सूबेदार खुर्शीद अहमद खेडला ने विधायक का जोरदार स्वागत करते हुए उनका धन्यवाद किया। पीसीसी सदस्य महताब अहमद भी इस दौरान वहां मौजूद रहे।

विधायक आफताब अहमद ने कहा कि खेल स्वस्थ जीवन के विकास के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। अब तो खेल में अच्छा कॅरियर भी संभव है। मेवात के कई युवा अलग अलग खेलों जैसे क्रिकेट, कुश्ती, वेटलिफ्टिंग आदि में अच्छा प्रदर्शन करके मेवात व देश का नाम रोशन कर रहे हैं। आफताब अहमद ने कहा कि उन्होंने कांग्रेस की हुड्डा सरकार में मेवात में स्टेडियम की शुरुआत की थी। जो भाजपाई सरकार के निराशाजनक रूख व खराब रखरखाव से बदहाल हो गए हैं। नूह में एक इंडोर बैडमिंटन स्टेडियम भी बनाया गया था और खिलाड़ियों को पूरा मान सम्मान दिया गया था।

इस दौरान विधायक आफताब अहमद ने कहा कि आज खिलाड़ी न्याय की मांग को लेकर दिल्ली की सड़कों पर बैठे हैं, जबकि सरकार उन्हें न्याय देने की अपेक्षा उन्हें हतोत्साहित कर रही है। कल केंद्र की भाजपाई सरकार ने देश के लिए मेडल जीतने वाले खिलाड़ियों को धरनास्थल से डंडे व पुलिस बल के दम पर उठाने का दुर्भाग्यपूर्ण काम किया।

कांग्रेस पार्टी के विधायक दल नेता चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा, सांसद दिपेंद्र सिंह हुड्डा के साथ साथ पूरा कांग्रेस विधायक दल खिलाड़ियों के साथ साथ दिन-रात जनता के हितों की लड़ाई लड़ रहे हैं। विधायक आफताब अहमद ने कहा कि हमारी बेटियों का यौन शोषण करने वाले अपराधियों को सजा नहीं देना सरकार की विकृत मनोदशा का दर्शा रहा है। विधायक आफताब अहमद ने कहा कि प्रदेश में अगली सरकार कांग्रेस की बनने जा रही है। भाजपा-जजपा सरकार अपनी लोकप्रियता खो चुकी है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल के जन संवादों में लोगों का मुखर विरोध इस बात का संकेत है कि हरियाणा ने मौजूदा सरकार को समय से पहले ही अलविदा कह दिया है। विधायक आफताब अहमद ने कहा कि कांग्रेस सरकार बनने के बाद मेवात में खेलों की नर्सरियों के साथ-साथ अत्याधुनिक खेल स्टेडियम बनाए जाएंगे। सभी खेलों की सरकारी इकाइयां अमल में लाई जाएंगी।

इस दौरान आबिद दानिबास, तौफीक क्रिकेटर, फरमान कटारिया, तारीफ हफीज सरपंच उटावड, याहया इब्राहिम, जहीर अब्बास, हफीज एक्टिविस्ट, हासम चेयरमैन मुरादबास, हरियाणा दिव्यांग क्रिकेट टीम कप्तान हासिम अली शिकरावा, सुफियान एक्टिविस्ट, साजिद आतिफ आदि मौजूद थे।

# साठ बेरोजगार महिलाओं को प्रधानमंत्री योजना में दिलाया लोन



महिला आत्मनिर्भर समिति के अध्यक्ष गोल्डी शर्मा के गले में माला अर्पण करके स्वागत करती महिलाओं का एक समूह।

पायनियर समाचार सेवा। फिरोजपुर झिरका

**महिला** आत्मनिर्भर समिति द्वारा शहर में चलाए गए रोजगार अभियान के तहत महिला आत्मनिर्भर समिति की अध्यक्ष गोल्डी शर्मा ने सौ बेरोजगार महिलाओं को प्रधानमंत्री योजना के तहत एसबीआई बैंक, गुडगांव ग्रामीण एवं कैनरा बैंक से लॉन दिलाने का कार्य किया। जिसमें लगभग 60 बेरोजगार महिलाओं को बैंकों से पैसे मिल गए हैं। ताकि अलग-अलग बैंकों से लिए गए लॉन के पैसों से बेरोजगार महिलाएं अपनी आजीविका चला सकें और आत्मनिर्भर बन सकें। इसी क्रम में शहर की मजदूर महिलाओं के एक समूह ने महिला आत्मनिर्भर समिति की अध्यक्ष गोल्डी शर्मा एवं उनकी टीम को अपने निवास स्थल पर बुलाकर उनका स्वागत किया। उनके गले में माल्यार्पण करके उनका अभिवादन किया। वहीं इस अवसर पर गोल्डी शर्मा ने बताया कि महिला आत्मनिर्भर समिति का उद्देश्य बेरोजगार लोगों को रोजगार से जोड़ना है। इसी कारण से प्रधानमंत्री योजना के तहत बेरोजगार महिलाओं को बैंकों से लॉन दिलाकर उन्हें आजीविका चलाने के लिए प्रेरित किया है। जल्द ही महिला आत्मनिर्भर समिति की बड़ी टीम गठित कर शहर के वार्डों एवं गांवों में जाकर मजदूर महिलाओं को रोजगार से जोड़ा जाएगा और उन्हें पैसे कमाने का जरिया दिलाया जाएगा। इस मौके पर मंजू, मीना, ममता, संतोष, बबीता, पुष्पा, सरोज, सुनीता, अनीता सहित काफी संख्या में महिलाएं मौजूद रही।

## संक्षिप्त समाचार

### कैंटर गाड़ी में बेहरमी बंधे दस ऊंट बरामद

**तावडू।** जिले के रेवासन गांव खड़ी एक एक कैंटर गाड़ी से दस ऊंट बरामद किए गए हैं। जिन्हें क्रूरता पूर्वक तरीके से गाड़ी में लादा गया था। मामले में दो के खिलाफ केस दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी। रोजका मेव थाना पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक सूचना मिली कि मोहम्मद कैफ निवासी घासेड़ा ऊंट काटने के धंधे में संलिप्त है। जिसकी शह पर एक कैंटर गाड़ी में ऊंटों को लाया गया। जो फिलहाल रेवासन में खड़ी है। गाड़ी मालिक सुनील कुमार निवासी रातकला महेंद्रगढ़ भी इसमें शामिल है। सूचना के मुताबिक पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस को देख दोनों रात के अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से भाग गए। जिनकी पहचान सुनील कुमार और मोहम्मद कैफ के रूप में हुई। गाड़ी की तलाशी लेने पर उसमें 10 ऊंट बरामद हुए जिन्हें बहुत ही क्रूरता पूर्वक तरीके से बांधा हुआ था। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

### युवती को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप

**तावडू।** नगर से एक 20 वर्षीय युवती को बहला-फुसलाकर ले जाने का मामला सामने आया। पुलिस ने नामजद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शहर थाना पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक पीड़िता युवती के पिता ने बताया कि बीते शुक्रवार सुबह 10.00 बजे के करीब बेटी की सहेली ने फोन कर बाजार में बुलाया था। दोपहर तक बेटी घर नहीं लौटी तो सहेली से पूछताछ की गई। जिसके बाद पता लगा कि डिंगरहेडी निवासी अंकित उनकी बेटी के संपर्क में था, जो उन्हें बहला-फुसलाकर कहीं पर ले गया है। शहर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### भागवत सप्ताह के शुभारंभ पर श्रद्धालुओं ने निकाली कलश यात्रा



**फरीदाबाद।** फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सेक्टर-7ए हाउसिंग बोर्ड कालोनी के ग्रीन पार्क में परोपकार चेरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ के शुभारंभ अवसर पर सैकड़ों महिलाओं ने कलश यात्रा में भाग लिया। इस अवसर पर कथा व्यास श्रीधाम वृंदावन से आए संत श्री अनुज जी महाराज के सानिध्य में कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व महासचिव एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता बलजीत कौशिक ने भी भाग लिया। इस दौरान उन्होंने अपने सिर पर भागवत गीता रखकर यात्रा में शामिल रहे। लोगों को संबोधित करते हुए बलजीत कौशिक ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा मनुष्य की सभी इच्छाओं को पूरा करती है। यह कल्पवृक्ष के समान है। भागवत कथा ही साक्षात कृष्ण है और जो कृष्ण है, वही साक्षात भागवत है। भागवत कथा भक्ति का मार्ग प्रशस्त करती है। पांडवों के जीवन में होने वाली श्रीकृष्ण की कृपा को बड़े ही सुंदर ढंग से दर्शाया। श्री कौशिक ने कहा कि परीक्षित कलियुग के प्रभाव के कारण ऋषि से श्रापित हो जाते हैं। उसी के पश्चाताप में वह शुकदेव जी के पास जाते हैं। भक्ति एक ऐसा उत्तम निवेश है, जो जीवन में परेशानियों का उत्तम समाधान देती है। साथ ही जीवन के बाद मोक्ष भी सुनिश्चित करती है। उन्होंने कहा कि सात दिनों तक रोजाना अपने बहुमूल्य समय से कुछ समय निकालकर पंडाल में पहुंचकर श्रीमद भागवत कथा का रसपान कर अपने जीवन को कष्ट मुक्त बनाने की पहल करें। कलश यात्रा में जिला महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष सुनीता फागना, शांता शर्मा, चंचल, संजना शर्मा, रिंकी शर्मा, कांता, बबीता, जानकी, निशा सलूजा, किरन, विमला चौधरी, किरन कपूर, ऊषा जटवानी, मीनाक्षी, दीपा बरेजा, ऊषा जैन, प्रेम, श्रद्धा सेठी, हर्षा, सुनील पाराशर, चमन नागर सहित सैकड़ों महिला व पुरुष शामिल थे।

### दुकान से मोबाइल सहित दस हजार रुपए चोरी

**तावडू।** नगर के नूंह मार्ग पर स्थित एक परचून की दुकान से दो मोबाइल और दस हजार रुपये चोरी होने का मामला सामने आया। चोरी की वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पीड़ित दुकानदार के बयान पर शहर थाना पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। नूह मार्ग तावडू निवासी नंदकिशोर ने बताया कि बीते शुक्रवार शाम 4.00 बजे के करीब वह दुकान के पास ही में अपने गोदाम से सामान लेने गया था। करीब दो मिनट बाद ही वापस आया तो दुकान के गल्ले में रखे दो मोबाइल और दस हजार रुपये गायब थे। दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज से पता लगा कि दो अज्ञात व्यक्ति गले से मोबाइल चोरी कर रहे हैं। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

### प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं में किया जा रहा है बेहतर काम



**फरीदाबाद।** परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने बल्लभगढ़ विधानसभा में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत की। मूलचंद शर्मा ने सुबह पहले बल्लभगढ़ के सरकारी अस्पताल और सेक्टर-3 के जच्चा बच्चा केंद्र एफआरयू-2 से नन्हे बच्चों को पोलियो से बचाव की खुराक पिलाकर पल्स पोलियो कार्यक्रम की शुरुआत की। श्री शर्मा ने कहा पोलियो मुक्त भारत में फिर से यह बीमारी न फैले, इसलिए समय समय पर सरकार अभियान चलाती है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर के प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज बेहतर कार्य कर रहे हैं। जिसका लाभ प्रदेश की जनता उठा रही है। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए अनेक कदम उठाए हैं और अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचे, उसके लिए अनेक योजनाएं चली हुई हैं। इस मौके पर डॉक्टर एसएमओ टीसी गिडवाल, एसएमओ डॉक्टर मान सिंह, एडवोकेट तरुण सहित समस्त नर्स और स्टाफ गण मौजूद रहे। इसके बाद सेक्टर तीन स्थित अंबेडकर भवन पहुंचे और हेल्थ चेकअप कैंप का रिबन काटकर उद्घाटन कर अपना भी चेकअप कराया।

### सुंध गांव से दो क्विंटल प्रतिबंधित मांस सहित चार बाइक बरामद

**तावडू।** उपमंडल के गांव सुन्ध के जंगल से दो क्विंटल प्रतिबंधित मांस सहित चार मोटरसाइकिल व औजार मिलने का मामला सामने आया। सदर थाना पुलिस ने इस मामले में आठ अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक सूचना मिली की कुछ लोग सुन्ध गांव के जंगल में गोकशी करने वाले हैं। दबिश देकर सभी को काबू किया जा सकता है। सूचना के मुताबिक पुलिस ने रात के समय में दबिश दी, जहां पुलिस वाहनों की लाइट देख 7-8 अज्ञात व्यक्ति मौके से फरार हो गए। इस दौरान पुलिस ने मौके से लगभग दो क्विंटल प्रतिबंधित मांस, कुल्हाड़ी, छुरी, गंडासा, गुटका, इलेक्ट्रॉनिक कांटा सहित चार मोटरसाइकिल को बरामद कर लिया। पुलिस ने मामले में आठ अज्ञात लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# तीन लड़कों पर रंजिशन कुणाल की हत्या का आरोप लगाया

## माता-पिता की बुढ़ापे की लाठी टूटी, दो बहनों की राखी की कलाई छूटने से मचा कोहराम

## साथ में पढ़ने वाले लड़कों के साथ कुणाल का हुआ था झगड़ा, मिली थी धमकी



मृतक का फाइल फोटो।

पायनियर समाचार सेवा। मेवात

**जिले** के शिकरावा गांव की दो बहनों का इकलौता भाई व बूढ़े मां-बाप का बुढ़ापे का सहारा 19 वर्षीय कुणाल दुनिया को हमेशा के लिए अलविदा कह चुका है। परिजनों ने दोस्तों पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

बता दें की हरियाणा के नूह जिले के शिकरावा गांव के 19 वर्षीय कुणाल की झज्जर के बादली गांव में नहर में लाश मिली है। परिजनों ने साथ में पढ़ने वाले तीन लड़कों पर रंजिश के चलते हत्या करने का आरोप लगाया है। बादली थाना पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर हत्या सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी और शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। मृतक कुणाल के पिता श्रीचंद ने बताया कि मेरा 19 वर्षीय लड़का प्रभु दयाल उर्फ कुणाल अपने नाना के वहां जाहिदपुर जिला झज्जर में काफी दिन से पढ़ाई कर रहा था। सब अच्छा चल रहा था, मन लगाकर लड़का पढ़ाई कर रहा था, लेकिन कुछ दिन पहले साथ में पढ़ने वाले लड़कों के साथ उसका झगड़ा हुआ था, जो उन्होंने उसे जान से मारने की धमकी दी थी। झगड़े के बाद उनका राजीनामा भी हो गया, लेकिन क्या पता था कि राजीनामा सिर्फ नाम का था। वह तो प्रभुदयाल उर्फ कुणाल को घर से निकालने का बहाना ढूंढ रहे थे। अचानक ये हुआ कि मेरे लड़के प्रभु दयाल उर्फ कुणाल को उन तीनों लड़कों ने अपने साथ बहला-फुसलाकर बुला लिया। बादली गांव की नहर में डूबा कर उसकी हत्या कर दी। उन्होंने बताया कि हमें 21 मई को कुणाल के नाना के यहां से सूचना मिली कि प्रभु दयाल उर्फ कुणाल सुबह कोचिंग सेंटर गया था ना तो कोचिंग सेंटर पहुंचा। ना ही घर वापस लौटा। हमने आसपास रिश्तेदार व वहां पर हर जगह तलाश किया, लेकिन प्रभुदयाल उर्फ कुणाल का कोई सुराग नहीं लगा। उन्होंने बताया कि हमें 22 मई को सुबह सूचना मिली कि आपका लड़का मृत अवस्था में नहर में मिला। हम सूचना पाकर वहां पहुंचे और लड़के को पुलिस के सहयोग से नहर से बाहर निकाला। जिसको देखा कि ना तो उसके पेट में पानी था और उसके मुंह पर निशान थे। जिससे साफ जाहिर है कि उसके साथियों ने पहले उसको पीटा, फिर उसको नहर में डूबा कर उसकी हत्या कर दी।

### मां-बहनों का हुआ बुरा हाल

**बता** दें कि दो बहनों के इकलौते भाई वे बूढ़े मां-बाप का इकलौते वारिस की मौत से पूरे गांव में गम का माहौल है। मां-बाप व बहन का रो रोकर बुरा हाल है। परिजनों की एक ही पुकार है की जल्द से जल्द हमें इंसाफ दिलाया जाए।

### पुलिस इस मामले में ढील बरत रही : मृतक की मां

**प्रभुदयाल** उर्फ कुणाल की मां ने कहा कि ना तो मेरे लड़के का बैग मिला है, ना ही फोन, पर्स और ना ही कपड़े कोई भी सामान अभी तक बरामद नहीं हुआ है। पुलिस इस में ढील बरत रही है। हमें इंसाफ चाहिए। जल्द से जल्द कातिलों को सलाखों के पीछे भेजा जाए ताकि हमें इंसाफ मिल सके।

# बार बार आश्वासनों के बावजूद नहीं बनी कैथल चीका रोड

**कैथल।** जन शिक्षा अधिकार मंच कैथल द्वारा दिन-रात का धरना आज भी जारी रहा। धरने की अध्यक्षता सड़क सुरक्षा मंच गुहला चीका के अध्यक्ष एडवोकेट जीवानंद कौशिक ने की। उन्होंने धरने पर उपस्थित साथियों को संबोधित करते हुए कहा कि कैथल जिले में सड़कों का बहुत बुरा हाल है।

अभी भी सड़कों का निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ है। चीका में 40 दिनों तक दिन रात धरना दिया गया, उसके बाद विधायक चौधरी ईश्वर सिंह ने बजट सत्र के उपरांत तुरंत सड़क बनाने का आश्वासन दिया था लेकिन कैथल चीका रोड़ पर अभी भी ज्यादा प्रगति नहीं हुई है। उन्होंने मांग की कि कैथल से पटियाला रोड को फोरलेन बनाया जाए तथा इस कार्य को शीघ्रता से पुरा किया जाए। इस अवसर पर गुहला विधानसभा के वरिष्ठ नेता नरेश डांढे ने कहा कि सुरेश द्रविड़ पर दर्ज एफआईआर तुरंत रद्द की जाए अन्यथा आने वाले समय में सड़क सुरक्षा मंच गुहला चीका भी इस आंदोलन में बड़े पैमाने पर सहभागी होगा। सरदार हरबीर सिंह ने कहा कि सरकार तानाशाही पर आ गई है। आज किसानों को जगह जगह दिल्ली जाने से रोका जा रहा है। बहुत से किसानों को आज बंधक बनाया गया है। लोकतंत्र में सरकार का अमर्यादित आचरण है। सरकार को महिला खिलाड़ियों के साथ न्याय करना चाहिए।

# महिलाओं व आंदोलनकारियों पर पुलिस ने जगह-जगह अत्याचार किये हैं : फूल सिंह

## महिला पहलवानों की गिरफ्तारी की निंदा की

पायनियर समाचार सेवा। कैथल

**यौन** शोषण व पोक्सो एक्ट में बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी के लिए दिल्ली जंतर मंतर पर 36 दिनों से दिन-रात धरना दे रही महिला पहलवानों के बुलावे पर आज महिला सम्मान महापंचायत में जाने वाली महिलाओं व आंदोलनकारियों पर पुलिस ने जगह-जगह अत्याचार किये हैं। उनके साथ ऐसे व्यवहार किया जैसे कि वे क्रिमिनल हों।

जन संघर्ष मंच हरियाणा राज्य प्रधान ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि पिछले दो दिनों से ही पुलिस ने इस महापंचायत में जाने वाली महिलाओं किसानों छात्रों नोजवानों की पकड़-धकड़ करने का कार्य अपने हाथ में लिया हुआ है। आज सुबह 5:35 बजे कुरुक्षेत्र रेलवे जंक्शन से चलने वाली कुरुक्षेत्र-हजरत निजामुद्दीन रेलगाड़ी रद्द कर दी गई। उसके बाद चलने वाली अंबाला से पुरानी दिल्ली रेलगाड़ी में भी पुलिस हर स्टेशन पर दिल्ली जाने वाले लोगों को बेवजह परेशान कर रही थीं। जन संघर्ष मंच हरियाणा की राज्य कार्यकारिणी सदस्य ऊषा को भी काफी परेशान किया गया। जब किसी तरह वे दिल्ली जंतर मंतर के पास पहुंचे तो उन्हें भी अपनी साथी पूजा व अन्यों के साथ जंतर मंतर से ही हिरासत में ले लिया गया है।

मंच के प्रधान फूल सिंह ने सरकार की इस दमनकारी व तानाशाही पूर्ण रवैया की कड़ी निंदा की है। इंसाफ की लड़ाई लड़ रही महिला पहलवानों व उनके समर्थकों को गिरफ्तार करवा कर लोकतंत्र की हत्या कर रहे हैं। न्याय की मांग कर रही इन बेटियों को सडकों पर घसीटा जा रहा है।

भाजपा के डबल इंजन की सरकार ने न्याय की लड़ाई लड़ रही महिला पहलवानों का समर्थन करने वाले लोगों को घरों से निकलने नहीं दिया है, उनके पीछे पुलिस लगा दी गई है उनके घरों में छापे मारे गये, धरपकड़ की गई है। उन्होंने कहा है कि सरकार यौन अपराधी बृजभूषण को पूरी तरह से संरक्षण दिए हुए हैं और गिरफ्तार नहीं कर रही और दूसरी तरफ सैकड़ों की तादाद में महिला खिलाड़ियों व उनके समर्थकों को हिरासत में लिया गया है। उनकी इंसाफ की लड़ाई को कुचलने के लिए मोदी सरकार निम्न से निम्नतर स्तर पर उतर चुकी है।

# गजब स्वाद ही नहीं औषधीय गुणों से भरपूर है अत्रीफल मिठाई

## कालूराम पंसारी ने अत्रिफल मिठाई की शुरुआत आज से 80 साल पहले की थी

## कालूराम की चार पीढ़ियां इस अत्रीफल मिठाई को बेचने का काम करती

रिजवान कासिम। मेवात

**जिले** के पुनहाना कस्बे में गजब स्वाद की अजब मिठाई का अधिकारी से लेकर नेता तक दीवाना है। आम आदमी भी इस मिठाई को स्वाद के साथ-साथ स्वास्थ्य के लिए लाभदायक मानकर दशकों से खरीदता आ रहा है। इस मिठाई का नाम है अत्रिफल। अत्रिफल मिठाई की शुरुआत आज से करीब 80 साल पहले कालूराम पंसारी ने की थी। कालूराम पंसारी वैध हकीम का काम करते थे। उन्हीं के मन में इस मिठाई को बनाने का ख्याल आया। कालूराम की चार पीढ़ियां इस अत्रीफल को बेचने का काम करती हैं।

स्वर्गीय कालूराम पंसारी का परिवार इन मिठाइयों को बनाने के लिए किसी हलवाइ या मजदूर की मदद नहीं लेता, बल्कि खुद अपने हाथों से इसे बनाता है। इस मिठाई के स्वाद का हर कोई दीवाना है, लेकिन सिर का दर्द, जोड़ों का दर्द, कमजोरी या फिर शरीर की गर्मी को यह मिठाई पूरी तरह से खत्म कर देती है। दिनेश कुमार गर्ग दुकानदार ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान बताया कि उनके दादा वैध हकीम का काम करते थे। उस समय नब्ज-नाड़ी देखकर मरीज को दवाई दी जाती थी।

उन्होंने ही अत्रीफल नाम की मिठाई को शुरू किया था। इसी मिठाई के कारोबार से उनका परिवार पल रहा है। दिनेश कुमार के पिता व अब उनके पुत्र भी इसी मिठाई को बना रहे हैं। इस मिठाई में काजू, बादाम, इलायची, खरबूजा-तरबूज के मगज, खांड, देसी घी, धनिया इत्यादि मिलाया जाता है। सबसे खास बात यह है कि जिले के पुनहाना शहर में भी सिर्फ एक दुकान पर ही यह मिठाई मिलती है। प्रदेश ही नहीं देश में भी शायद किसी ने अत्रीफल का नाम नहीं सुना होगा, जायका तो दूर की बात है।

एक कहावत है कि आम के आम, गुठलियों के दाम। इस मिठाई को खरीदने वाले लोग न केवल इसका स्वाद लेते हैं बल्कि इसे खाने के बाद अपने आप को पूरी तरह से स्वस्थ मान कर चलते हैं। शरीर की छोटी-मोटी बीमारी भी इस मिठाई के खाने के बाद समाप्त हो जाती हैं। धीरे-धीरे अनेक प्रकार की बीमारियां बढ़ रही हैं तो इस मिठाई की डिमांड भी तेजी से मार्केट में बढ़ रही है। इस अजब-गजब मिठाई को खाने के बाद इसकी आरएसएस के नेताओं-कार्यकर्ताओं ने जमकर तारीफ की थी। इस मिठाई को बनाने के लिए दुकानदार को दिन-रात मेहनत करनी पड़ी थी। सबसे खास बात यह है कि आजकल जहां मिलावट खोरी का दौर चरम सीमा पर है, वहां पूरी तरह से हर प्रकार से यह मिठाई शुद्ध है। यही कारण है कि अत्रीफल का कोई सानी नहीं है। इस लोग औषधीय मिठाई भी मानते हैं।

### गरीबों के लिए कम रेट पर भी उपलब्ध

**दिनेश** कुमार गर्ग दो प्रकार का अत्रि फल बनाते हैं। गरीब लोगों के लिए तकरीबन 150 रुपये प्रति किलो है, उसमें कुछ मटेरियल कम डाला जाता है और अच्छी क्वालिटी की मिठाई 470 रुपये प्रति किलो के हिसाब से बेची जा रही है। दोनों प्रकार की मिठाई को खरीदने के लिए लोगों की भीड़ लगी रहती है।

### आईएएस-आईपीएस भी हैं अत्रीफल मिठाई के दीवाने

**सबसे** खास बात तो यह है कि आईएएस तथा आईपीएस अधिकारी भी इस मिठाई के दीवाने हैं। सबसे खास बात यह है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का पानीपत जिले के समालखा कस्बे में जो कार्यक्रम कुछ माह पहले हुआ था। उसमें भी देशभर से आए आरएसएस के नेताओं-कार्यकर्ताओं ने पुनहाना कस्बे में बनने वाले अत्रीफल मिठाई का जायका लिया।

# मंदिर क्षतिग्रस्त कर जबरन कब्जा करने का आरोप

## विरोध करने पर जातिसूचक शब्द प्रयोग कर किया अपमानित

पायनियर समाचार सेवा। तावडू

**उपमंडल** के गांव गुढी में दबंगों द्वारा मंदिर क्षतिग्रस्त कर भूमि पर जबरन अवैध कब्जा करने का मामला सामने आया है।मामले में विरोध करने पर जाति सूचक शब्दों का प्रयोग कर अपमानित और जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप है।सदर थाना पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए पाँच आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गुढी निवासी नवीन ने बताया कि करीब 60 वर्ष पहले ग्राम पंचायत द्वारा दलित समाज के लोगों के लिए भूमि आलोट की गई थी,जिस पर एक कुआं भी बनाया गया।जिस पर अब गांव के ही दबंग किस्म के लोगों ने कब्जा कर लिया।नवीन का आरोप है कि बीते 25 मई को कुएं के पास स्थित पूजनीय स्थल को तोड़ दबंगों ने घर में आने जाने का रास्ता बना कर जबरन निर्माण भी कर लिया।जिम्मेदार ग्रामीणों ने विरोध किया तो जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली गलौज की गई।इसके अलावा उन्हें जान से मारने की भी धमकी दी गई। नवीन के बयान पर सदर थाना पुलिस ने गुढी निवासी रमजान,जुहरू,कमरू, कासम और असरु के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस मामले में आरोपी पक्ष का कहना है कि संबंधित तथाकथित मंदिर भूमि उनकी निजी मलकियत है।इससे संबंधित जरूरी दस्तावेज भी उनके पास मौजूद हैं। वह निष्पक्ष जांच के लिए तैयार हैं। तो वही तावडू डीएसपी जयप्रकाश यादव का कहना है कि मामला उनके संज्ञान में है,जिसकी पूरी निष्पक्षता के साथ जांच कर रहे हैं जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद (हरियाणा) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, जिला- गौतमबुद्ध नगर - 201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक : विजय प्रकाश सिंह, स्थानीय संपादक : प्रवीण मोहंती। दूरभाष नंबर : (0129) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

## टूटने लगा है भूजल पर भरोसा

**भूजल** भंडार कोई निजी जमीन तक सीमित रहने वाली संरचना नहीं है। भूगर्भ-विज्ञान के विकास के साथ हमें पता चल गया है कि भूजल भंडार तो मीलों तक आपस में जुड़े हो सकते हैं। इसका अर्थ यह हुआ कि भूजल को निजी भूमि से जुड़े व्यक्तिगत अधिकार के रूप में मान्यता नहीं दी जा सकती। भूजल एक सामुदायिक संसाधन है। जलवायु परिवर्तन के इस दौर में पूरी दुनिया में जल आपूर्ति अपने आप में एक चुनौती के रूप में उभरती दिख रही है। पृथ्वी का 71 प्रतिशत हिस्सा पानी से ढंका हुआ है। कुल उपलब्ध जल का 97 प्रतिशत भाग सागरों में है जो खारा है, इसलिए पीने या सिंचाई के काम नहीं आ सकता। केवल तीन प्रतिशत ही प्रयोग के योग्य है, जिसमें 2.4 प्रतिशत ग्लेशियरों में है। केवल 0.6 प्रतिशत जल ही नदियों, झीलों आदि में



है। पृथ्वी पर कुल 32 करोड़ 60 लाख खरब गैलन पानी है। यह मात्रा घटती-बढ़ती नहीं है। सागरों से पानी भाप बनकर बादलों के रूप में बरसता है, उसमें से कुछ ही ग्लेशियरों और बर्फ, नदी जल, भूजल के रूप में धरती पर रुक जाता है, बाकी बहकर फिर समुद्र में चला जाता है। जो पानी धरती पर रुक गया, वही हमारे उपयोग के योग्य बचता है। जलवायु परिवर्तन से जमीन पर गर्मी बढ़ रही है और इससे ग्लेशियर और बर्फ के रूप में रुकने वाला जल ग्लेशियरों और बर्फ के पिघलने की गति बढ़ने के कारण घटता जा रहा है।

अति-वृष्टि और अनावृष्टि का चक्र चल पड़ा है। वर्षा वाले दिन कम हो रहे हैं और वर्षा की बौछार बढ़ती जा रही है। कई-कई दिन होने वाली बारीक़ बारिश की फुहार गये जमाने की बात हो गई है, जिससे भूजल पुनर्भरण ज्यादा होता था। पिघलने की दर तेज होने से, आकलन के मुताबिक 2050 तक हिमालय के ग्लेशियर लगभग समाप्त हो जाएंगे, जिससे नदी की वर्ष भर की सतत आपूर्ति बाधित हो जाएगी। इससे भूजल पर निर्भरता बढ़ती जाएगी।

इस समय भी देश में 61.6 प्रतिशत भूमि सिंचाई के लिए भूजल पर निर्भर है, केवल 24.5 प्रतिशत ही नहरों से सिंचित है। शेष अन्य पारंपरिक साधनों से सिंचाई होती है। कुल निकाले गए भूजल का 89 प्रतिशत सिंचाई के लिए, 2 प्रतिशत उद्योगों के लिए और नौ प्रतिशत घरेलू उपयोग के लिए प्रयोग हो रहा है। भूजल के अत्यधिक दोहन से भूजल स्तर लगातार नीचे जा रहा है। इसके चलते भूजल दोहन के लिए ऊर्जा का खर्च बढ़ता ही जा रहा है और देश के लगभग एक तिहाई जिलों में स्थायी भूजल भंडार भी समाप्त हो गए हैं। हमें उतना ही भूजल निकालना चाहिए जितना हर वर्ष पुनर्भरण से इकठ्ठा होता है। यदि उससे ज्यादा दोहन करेंगे तो स्थायी भूजल भंडार खत्म होते जाएंगे। इस आसन्न संकट को देखकर ही हमें भूजल विकास कार्यक्रम बनाने चाहिए और उनका अनुश्रवण करना चाहिए। भूजल के मामले में एक तो हमारे पास वर्तमान तकनीकों से मेल खाने वाले कानूनों का अभाव था, दूसरे व्यवस्थित अनुश्रवण व्यवस्था भी नहीं थी। 2005 के क़ानून ने इस कमी को कुछ हद तक पूरा किया है। उससे पहले 1882 का एक क़ानून था जिसके अनुसार कोई भी अपनी जमीन के नीचे से भूजल दोहन कर सकता था। जाहिर है, उस समय ऊर्जा-चलित गहरे कुएं बनाने की कोई सुविधा ही उपलब्ध नहीं थी। लोग रेहट, कुओं आदि से भूजल दोहन करते थे जिससे भूजल स्तर पर कोई प्रभाव पड़ने की संभावना ही नहीं रहती थी। आज जब एक डेढ़ हजार फुट नीचे तक से भूजल का निकास संभव हो गया है तो सोचना जरूरी है।

भूजल भंडार कोई निजी जमीन तक सीमित रहने वाली संरचना नहीं है। भूगर्भ-विज्ञान के विकास के साथ हमें पता चल गया है कि भूजल भंडार तो मीलों तक आपस में जुड़े हो सकते हैं। इसका अर्थ यह हुआ कि भूजल को निजी भूमि से जुड़े व्यक्तिगत अधिकार के रूप में मान्यता नहीं दी जा सकती। भूजल एक सामुदायिक संसाधन है इसलिए सामुदायिक हितों के दृष्टिगत ही इसका प्रबन्धन होना चाहिए। वर्तमान क़ानून में इस दिशा में रास्ता बना है, किन्तु मौके पर कानून के प्रावधानों को लागू करने की लचर व्यवस्थाओं से काम चलने वाला नहीं है। 2005 के क़ानून के अंतर्गत %भूजल प्राधिकरण% को भूजल नियंत्रण और विनिमयन की पर्याप्त शक्तियां मिली हैं। उनका सम्यक उपयोग किया जाना चाहिए।

# खैरातों पर रोक लगाना जरूरी

राजनीतिक पार्टियां 'खैरातें' छोड़ना नहीं चाहती हैं क्योंकि ये वोट बटोरने का उनका फार्मूला बन गया है। वे इसके जादुई असर को भी जानती हैं।



उत्तम गुप्ता
(लेखक नीति विश्लेषक हैं।)



**हाल ही** में संपन्न हुए कर्नाटक विधानसभा चुनाव में देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस ने जनता से 'पांच गारंटियों' का वादा किया था। इनमें गृह ज्योति, गृह लक्ष्मी, सखी कार्यक्रम, युवा निधि तथा अन्न भाग्यम को उसने अपने घोषणापत्र में स्थान दिया था। सरकार बनाने का निर्णायक जनादेश प्राप्त करने के बाद कांग्रेस ने कैबिनेट की पहली बैठक में इन सभी पांच गारंटियों को स्वीकार कर लिया है। लेकिन बड़ा सवाल यह है कि क्या करदाताओं का पैसा इन पर खर्च करना उचित है? इन गारंटियों को कल्याणकारी योजना के रूप में पेश किया गया है। इनके अंतर्गत सरकार सुनिश्चित करेगी कि 1. सहायता ऐसे व्यक्ति तक पहुंचे जिसे इसकी बहुत आवश्यकता है अर्थात उसे गरीब या बहुत गरीब होना चाहिए। 2. ये 'सीमित समय' के लिए हैं जिसके बाद लाभार्थी को अपने पैरों पर खड़ा होना होगा। 3. योजना का वित्त पोषण इस तरीके से किया जाएगा कि इससे बजट में अस्थिरता न पैदा हो। गृह ज्योति के अंतर्गत कांग्रेस ने प्रति माह राज्य में हर परिवार को 200 यूनिट मुफ्त बिजली का वादा किया है। यह विचार अपने आप में ही गलत है। इसका अर्थ है कि हर परिवार इतना गरीब है कि वह 5 रुपये प्रति यूनिट के हिसाब से हर माह 200 यूनिट बिजली का 1,000 रुपया देने की स्थिति में नहीं है। इस योजना में यह उल्लेख नहीं है कि इसे 'कब तक' जारी रखा जाएगा। इससे अनुमान लगाया जा सकता है कि मुफ्त बिजली देने की यह योजना सरकार के पूरे कार्यकाल 5 साल तक लागू रहेगी। यह योजना लंबे समय तक खजाने पर 'अनावश्यक' बोझ डालती रहेगी। इससे बिजली वितरण कंपनियों की वित्तीय स्थिति पर भी बोझ पड़ेगा क्योंकि उनको सभी परिवारों को राज्य सरकार की ओर से मुफ्त बिजली सप्लाई करनी पड़ेगी। इसका भुगतान बाद में या कम किया जा सकता है क्योंकि अनेक राज्य आसानी से रियायती दरों पर या मुफ्त बिजली सप्लाई की प्रतिपूर्ति नहीं करते हैं।

गृह लक्ष्मी के अंतर्गत परिवार की प्रमुख हर महिला को दो हजार रुपये प्रति माह दिए जाएंगे। यह भी आश्चर्यजनक है। घोषणापत्र के अनुसार कोई अरबपति महिला भी इसकी अधिकारी होगी। इस प्रकार पैसा बांटना सीमित संसाधनों की भयानक बरबादी है। कांग्रेस ने कहा है, 'हम महिलाओं के हाथ में पैसा इसलिए दे रहे हैं ताकि उनका अपने जीवन पर नियंत्रण सुनिश्चित हो सके।' महिला सशक्तीकरण का विचार अच्छा है, पर हमें इसका संदर्भ नहीं भूलना चाहिए। पीएम आवास योजना जैसी योजनाओं में बने मकानों का स्वामित्व महिलाओं के नाम पर होता है और यह बात समझ में आती है। लेकिन सभी महिलाओं को पैसा बांटने और फिर महिला सशक्तीकरण की बात हास्यास्पद है।

सखी कार्यक्रम के अंतर्गत कर्नाटक में यात्रा करने वाली सभी महिलाओं को मुफ्त बस टिकट दिए जाएंगे। यह भी मूर्खतापूर्ण योजना है। युवा निधि के अंतर्गत सरकार कर्नाटक के नौजवानों को दो साल सहायता देगी। इसके लिए बेरोजगार स्नातकों को 3,000 तथा बेरोजगार डिप्लोमा धारकों को 1,500 रुपये प्रति माह दिए जाएंगे। प्रथमदृष्टया यह जरूरतमंद लोगों को सहायता देती लगती है। लेकिन इसे बेरोजगार युवा या युवती के परिवार की आर्थिक स्थिति से अलग नहीं किया जा सकता है। यदि बेरोजगार युवा किसी अमीर परिवार से हो जो बेरोजगारी के कठिनाई के समय अपनी देखभाल स्वयं कर सकता हो तो उसे राज्य सहायता की आवश्यकता नहीं है। राज्य की सहायता केवल ऐसे बेरोजगार नौजवानों को दी जानी चाहिए जो गरीब परिवारों से हों। इसके साथ ही लाभार्थी का चयन करते समय सरकार को यह ध्यान भी देना होगा कि वह स्व-रोजगार प्राप्त न हो। लेकिन घोषणापत्र में ऐसी किसी शर्त की बात नहीं कही गई है। इसी प्रकार अन्न भाग्य योजना के अंतर्गत सरकार ने बीपीएल परिवारों के हर व्यक्ति को 10 किलो चावल देने का वादा किया है। ऐसे परिवार पहले से ही राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून या एनएफएसए, 2013 के अंतर्गत प्रति व्यक्ति प्रति माह 7 किलो अनाज मुफ्त प्राप्त कर रहे हैं।

इन गारंटियों को पूरा करने के लिए हर साल 62,000 करोड़ रुपये खर्च होंगे जो राज्य के राजकोषीय घाटे या एफडी से अधिक है। राज्य में प्राप्तियों की तुलना में खर्च 2022-23 में 60,500 करोड़ रुपये अधिक था। यदि एक या दूसरे मद में खर्च पर कटौती न की जाए या समान धनराशि की प्राप्तियां न बढ़ाई जांए तो एफडी 122,500 करोड़ हो जाएगा। राज्य के सकल घरेलू उत्पाद-एसजीडीपी के प्रतिशत के रूप में यह 5 प्रतिशत से अधिक हो जाएगा, जबकि वित्तीय दायित्व एवं बजट प्रबंधन कानून-एफआरबीएम के अंतर्गत यह सीमा 3 प्रतिशत है। ये गारंटियां 'कल्याणकारी योजना' के महत्वपूर्ण सिद्धान्तों के अंतर्गत नहीं आती हैं। ये न केवल जरूरतमंद तबकों तक लक्षित नहीं हैं, बल्कि इनके लिए कोई अंतिम तिथि भी नहीं निर्धारित की गई है जिससे बजट में अस्थिरता पैदा होगी। वोट बटोरने के लिए सार्वजनिक धन से ऐसे लाभ बांटने की कांग्रेस की रणनीति 'खैरातें' कही जा सकती हैं। यह विभीषिका अधिकांश राजनीतिक पार्टियों को ग्रस चुकी है जो खैरातों का प्रयोग चुनाव जीतने के लिए करते हैं। कर्नाटक से उत्साहित कांग्रेस इन खैरातों का प्रयोग और धड़ल्ले से 2023 के अंत में होने वाले राज्य विधानसभा चुनावों तथा 2024 के आम चुनाव में करेगी। इससे सत्तारूढ़ भाजपा समेत दूसरी पार्टियों पर भी दबाव पड़ेगा कि वे ऐसे ही या इससे बड़े लालच मतदाताओं के समक्ष पेश करें। कहा जाता है कि भाजपा ने इस दिशा में सोचना शुरू कर दिया है।

इस अंधी दौड़ के राज्यों व केन्द्र की वित्तीय व्यवस्था पर विनाशकारी प्रभाव होंगे। क्या इस विभीषिका पर किसी प्रकार लगाम लगाई जा सकती है? इसका जवाब तलाशने के लिए हमें एस. सुब्रमण्यम बालाजी बना तमिलनाडु सरकार एवं अन्य पर सर्वोच्च न्यायालय के जुलाई, 2013 में दिए फैसले पर गौर करना होगा। इसमें कहा गया था कि किसी प्रकार की खैरातों के वितरण से सभी लोग प्रभावित होते हैं तथा 'यह बड़े पैमाने पर स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनावों की जड़ों को झकझोर देती है।' इससे किसी तार्किक व्यक्ति को अनुमान लगाना चाहिए कि सवोच्च न्यायालय इस सड़न को रोकने के लिए कठोर दिशानिर्देश देगा। लेकिन इसके नतीजे में एक अधकचरा फैसला आया।


सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि चुनाव घोषणापत्र में किए वादों को लोक प्रतिनिधित्व कानून-आरपीए या किसी अन्य कानून के अंतर्गत 'भ्रष्ट व्यवहार' नहीं कहा जा सकता है, इसलिए राज्य विधानसभा में उपयुक्त कानून पास कर किसी सत्तारूढ़ पार्टी को खैरातें बांटने के लिए सार्वजनिक धन के प्रयोग से रोका नहीं जा सकता है। इसी आदेश में उसने भारतीय निर्वाचन आयोग-ईसीआई को निर्देश दिए कि वह 'ऐसे दिशानिर्देश तैयार करे जो सभी पंजीकृत राजनीतिक पार्टियों के चुनाव घोषणापत्रों की विषयवस्तु को नियंत्रित करते हों। इसके लिए उम्मीदवारों, बैठकों, प्रदर्शनों, चुनाव दिन, आदि निर्धारित करने वाले सामान्य व्यवहार वाले निर्देशों में इनको शामिल किया जा सकता है। इसे आदर्श आचार संहिता में-चुनाव घोषणापत्र के निर्देश- शीर्षक से अलग से शामिल किया जा सकता है। इससे राजनीतिक पार्टियों व उम्मीदवारों को निर्देश दिए जाएंगे।' लेकिन निर्वाचन आयोग ने ऐसे कोई दिशानिर्देश जारी नहीं किए।

लंबे समय बाद 25 जनवरी, 2022 को 'खैरातों' के खिलाफ दिशानिर्देश की मांग करने वाली जनहित याचिका पर विचार करते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने कहा, 'निसंदेह यह एक गंभीर मामला है। खैरातों के लिए नियमित बजट से अधिक खर्च किया जा रहा है। इससे समान आधार की अवधारणा बाधित होती है।' हालांकि, इस बार सर्वोच्च न्यायालय की चिन्ता 2013 की तुलना में अधिक गंभीर थी, लेकिन इस पर कार्रवाई के बारे में क्या कहा जाए? 3 अगस्त, 2022 को सर्वोच्च न्यायालय ने सांसदों से कहा कि वे खैरातों पर लगाम लगाने वाला कानून बनाएं, लेकिन इसके लिए एक समिति का गठन किया जाना चाहिए जो सभी सकारात्मक व नकारात्मक पक्षों पर विचार करे। लेकिन बहुसंख्य राजनीतिक पार्टियां खैरातों को छोड़ना नहीं चाहती हैं। ऐसा लगता है कि भारत को इस विभीषिका के साथ हमेशा के लिए जीना सीखना होगा।

# 2000 रुपये का नोट सबक सिखा गया है सरकार को

"2000 रुपये के नोट को जारी करने और वापस लेने के फैसले से सबक सीखा जा सकता है"

जगदीश रत्तनानी
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)



**2000** रुपये के नोट को जारी करने और वापस लेने के फैसले से सबक सीखा जा सकता है। पहला यह है कि निर्णय का उद्देश्य तब खो जाता है जब इसके कारण होने वाली बाधाओं को हल करना मुश्किल होता है। यदि नीति काले धन को बाहर निकालने के लिए थी (जिनमें से कोई भी नहीं मिला) तो उच्च मुद्रा नोट की शुरुआत एक पाठ्यक्रम का विषय है कि काले धन और जमाखोरी को प्रोत्साहित करने के लिए क्या नहीं किया जाना चाहिएबुरी यादों के साथ जीना आसान नहीं होता है।

विमुद्रीकरण ऐसी ही यादों में से एक है जो देश के दिलोदिमाग पर सरकार के एक ऐसे कदम के रूप में अंकित है जिसके कारण व्यापक व्यवधान व जनहानि हुई और भारतीय अर्थव्यवस्था पटरी से उतर गई। इसलिए यह आश्चर्य की बात नहीं है कि 2000 रुपये के नोट को बंद करने के फैसले से उस खतरनाक विमुद्रीकरण की बदसूरत याद ताजा हो जाती है जिसे पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने %संगठित और वैध लूट% कहा था। मोदी सरकार पर यह उनकी सबसे कठोर टिप्पणी थी। हर किसी को पता था कि नोटबंदी का यह भूत फिर सामने आयेगा। 2000 रुपये के नोट को बंद किए जाने से यह सामने आ गया है। भारतीय रिजर्व बैंक ने नोट की कानूनी वैधता जारी रखने की घोषणा के साथ प्रेस विज्ञप्ति, परिपत्र और इससे संबंधित बार-बार पूछे जाने वाले प्रश्नों (एफएक्यू) के जवाबों के साथ इसे खबरों में बनाये रखा। इस डर से कि इस निर्णय को गलत तरीके से समझा जाएगा, यह सावधानी और परिवर्तन जरूरी था। निश्चित रूप से इस बार यह विमुद्रीकरण का मामला नहीं है बल्कि 2000 रुपये के नोट के प्रचलन से योजनाबद्ध वापसी का मामला है जिसके चलते यह नोट वैध मुद्रा बना हुआ है। नागरिकों के पास 30 सितंबर, 2023 तक



अपने खातों में नोट जमा करने या बैंक काउंटरों पर अन्य मूल्यवर्ग के नोटों के साथ इन्हें बदलने का समय है। हालांकि एक्सचेंज में थोड़ी कठिनाई है- बैंक शाखाओं के कामकाज में बाधा न पहुंचे इसलिए एक बार में केवल 20,000 रुपये तक के नोट जमा किए जा सकते है। केवाईसी मानदंडों के साथ नोट जमा के लिए कोई सीमा नहीं है।

आरबीआई के शब्दों में कहा जाए तो %जनता को होने वाली असुविधा को कम करने, परिचालन सुविधा सुनिश्चित करने तथा बैंक शाखाओं के नियमित कामकाज में व्यवधान से बचने के लिए सभी बैंक एक समय में 20,000 रुपये की सीमा तक 2000 रुपये के नोट बदल सकते हैं।% इसे देखने का एक तरीका यह है कि आरबीआई एक व्यवस्थित विनिमय चाहता है जो विध्वंसक नहीं है। इसका दूसरा पक्ष यह है कि भारतीय बैंकिंग और शाखा संचालन को भारतीय नोटों के साथ बाधित करना काफी आसान प्रतीत होता है ! अपने अद्वितीय बैंगनी रंग के साथ 2000 रुपये का नोट कम से कम स्वतंत्र भारत के इतिहास में सबसे कम समय तक रहने वाले भारतीय मुद्रा नोट के रूप में जाना जाएगा।उच्च मूल्य वर्ग के नोट को वापस लेना सही दिशा में एक कदम है। उच्च मुद्रा नोट को भारतीय प्रणाली से लगभग सभी नकदी के (चलन से) बाहर निकलने के कारण उत्पन्न शून्य को भरने के लिए एक अति साहसिक उपाय के रूप में पेश किया गया था जो देश में तब तक (और अब भी कई हिस्सों में) नकदी के लेन-देन पर रहता है। फिर भी, यह शुरू में ही स्पष्ट हो गया था कि सिस्टम से काले धन को बाहर निकालने का नोटबंदी कार्यक्रम का एक कथित उद्देश्य उच्च मुद्रा नोट के जारी होने के साथ ही विफल हो गया था। जब नोट उच्च मूल्यवर्ग का होता है तो नकदी की जमाखोरी आसान होती है। नतीजतन, नकदी जमा करने के लिए हतोत्साहित करने के लिए यह होना चाहिए कि मुद्रा का बड़ा हिस्सा छोटे मूल्यवर्ग में होना चाहिए। विकसित दुनिया में उच्च मूल्य वर्ग के नोट जारी नहीं किए जाते हैं। उदाहरण के लिए, संयुक्त राज्य अमेरिका में फेडरल रिजर्व बोर्ड वर्तमान में 1, 2, 5, 10, 20, 50 और 100 डॉलर के मूल्यवर्ग में बैंक नोट जारी करता है। वहां उच्च मूल्यवर्ग का नोट आखिरी बार 1945 में मुद्रित किया गया था और 1969 में बंद कर दिया गया था। भारत में नोटबंदी की घोषणा 8 नवंबर, 2016 को की गई थी। मार्च, 2017 तक तत्कालीन नए पेश किए गए 2000 रुपये के बैंक नोट का हिस्सा, प्रचलन में रही मुद्रा के कुल मूल्य का 50 प्रतिशत से अधिक था लेकिन बाजार में प्रचलन में मुद्रा की कुल मात्रा का सिर्फ 3.3 फीसदी था। नकदी के भूखे देश की जमाखोरी की तत्काल आवश्यकता को 2000 के नोट ने पूरा किया।

# मजबूत भाजपा या मजबूर भाजपा

**राहुल** गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा के दौरान लोगों से उनकी चर्चा का हवाला देते हुए ये बातें कहीं। अगर सरकार को ये आपत्तिजनक लग भी रही हैं, तब भी स्पष्टीकरण देने की उसकी जवाबदेही बनती है। राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा के दौरान लोगों से उनकी चर्चा का हवाला देते हुए ये बातें कहीं। अगर सरकार को ये आपत्तिजनक लग भी रही हैं, तब भी स्पष्टीकरण देने की उसकी जवाबदेही बनती है। अदानी समूह को निजी मामला बताकर सरकार अपना पल्ला नहीं झाड़ सकती, क्योंकि निजीकरण की मुहिम के कारण कई सरकारी उपक्रमों में अब अदानी समूह की भागीदारी है।मजबूर और मजबूत में केवल र और त का अंतर है। लेकिन इस एक अंतर से अर्थों में भारी फर्क आ जाता है। जैसे भाजपा बहुमत के लिहाज से मजबूत है, लेकिन फिलहाल कांग्रेस के आरोपों के आगे मजबूर है। र और त को मिलाकर रत भी बनता है,



तर भी। चंदे से तर होकर भाजपा सबसे अमीर पार्टी है और प्रयास रत है कि चंदे की रकम में कभी कमी न आए। भाजपा के रत और तर वाले इसी रवैये पर मंगलवार को राहुल गांधी ने लोकसभा में अपने विचार रखे। संसद के इतिहास में कुछ भाषण अविस्मरणीय माने गए हैं, राहुल गांधी का पूरा भाषण अगर संसद के रिकार्ड में दर्ज हो, तो वह भी ऐतिहासिक भाषणों में ही शुमार होगा। हालांकि इसकी संभावनाएं कम हैं। क्योंकि मौजूदा सरकार के पैमाने में आलोचना के लिए स्थान है ही नहीं। कोई जरा सी मीन-मेख सरकार के कामकाज या मोदीजी के फैसलों पर निकाल कर दिखा दे, तो समूचा तंत्र बचाव के साथ-साथ पलटवार करने में जुट जाता है। गड़े मुर्दे निकालने का सिलसिला शुरु हो जाता है। अगर कोई बता दे कि सिंधु घाटी सभ्यता के दौर में भी कांग्रेस थी और उसने तब कोई गलती की थी, तो भाजपा के पुरातत्ववेत्ता उसे याद दिलाने से भी नहीं चूकेंगे। अच्छा है कि कबीर इस दौर में नहीं हुए, वर्ना निंदक नियरे राखिए जैसा दोहा लिखने पर उन्हें राष्ट्रद्रोह का आरोपी बना दिया जाता। साबुन, पानी, आंगन, कुटि जैसे शब्दों के आधार पर ईडी और आईटी पीछे लग जाती।उनका हथकरघा किसी निजी कंपनी के हवाले हो जाता और इसे देशहित में लिया गया धर्मार्थ फैसला बता दिया जाता। वैसे ही जैसे पीएम केयर फंड सरकारी विभागों, निगमों, निजी प्रतिष्ठानों से चंदा लेकर, राष्ट्रीय चिह्न के साथ प्रचारित होकर भी धर्मार्थ फंड बता दिया गया है। धर्म के नाम पर सवाल पूछने की देश में अघोषित मनाही हो चुकी है, इसलिए कोई पीएम केयर फंड का हिसाब-किताब नहीं पूछ सकता। जहां सवाल-जवाब की गुंजाइश ही नहीं, वहां क्या बात की जाए। इसलिए इस मुद्दे को यहीं रहने देते हैं।लेकिन अदानी मामले को ऐसे ही कैसे रहने दें। क्योंकि जैसा राहुल गांधी ने लोकसभा में कहा कि तमिलनाडु से लेकर केरल, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, सब जगह एक नाम हमें सुनने मिला-अदानी। ये अदानी जी पहले एक-दो बिजनेस करते थे, अब एयरपोर्ट, डेटा सेंटर, सीमेंट, सोलर एनर्जी, विंड एनर्जी, एरो स्पेस एंड डिफेंड, कंज्यूमर फाइनेंस, रिन्यूबल एनर्जी, मीडिया, पोर्ट सब में अदानी का नाम है। राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा के दौरान लोगों से उनकी चर्चा का हवाला देते हुए ये बातें कहीं। अगर सरकार को ये आपत्तिजनक लग भी रही हैं, तब भी स्पष्टीकरण देने की उसकी जवाबदेही बनती है। अदानी समूह को निजी मामला बताकर सरकार अपना पल्ला नहीं झाड़ सकती, क्योंकि निजीकरण की मुहिम के कारण कई सरकारी उपक्रमों में अब अदानी समूह की भागीदारी है। जहां सरकार और निजी भागीदारी से काम हो रहा हो, वहां केवल एक पक्ष ही नहीं, दोनों पक्ष जवाबदेह होते हैं। अदानी समूह ने तो हिंडनबर्ग के आरोपों पर अपनी सफाई में कह दिया कि यह देश पर सुनियोजित हमला है। अगर वाकई ऐसा है, तो फिर देश खतरे में है और इस नाते ही सही मोदी सरकार को जवाब तो देना ही चाहिए। संसद में राहुल गांधी इसलिए तो सवाल उठा रहे थे, क्योंकि सवाल देशहित का है। भाजपा उसे अपने हित-अहित से जोड़कर क्यों देख रही है।राहुल गांधी को आप पसंद कर सकते हैं, नापसंद कर सकते हैं, लेकिन लोकसभा में उनकी कही बातों को हवा में नहीं उड़ा सकते। वैसे भी मंगलवार के उनका भाषण इतना दमदार था कि उसे हवा में नहीं उड़ाया जा सकता। आज की पीढ़ी की भाषा में कहें तो राहुल ने सदन में आग लगा दी थी। अब इस आग को अगर बुझाना है, अगर राहुल के भाषण को खारिज करना है तो फिर भाजपा को उतने ही मजबूत तर्क पेश करने होंगे। केवल कांग्रेस पर लगाए पुराने आरोप दोहराने से बात नहीं बनेगी। राहुल गांधी ने लोकसभा में प्रधानमंत्री मोदी और गौतम अदानी की विमान में एक साथ बैठी हुई तस्वीर भी दिखाई। हालांकि इस पर लोकसभा अध्यक्ष ने उन्हें फौरन टोका। संसद कवरेज कर रहा कैमरे का फोकस भी फोटो से तत्काल हटा लिया गया। लेकिन उतनी देर में देश और दुनिया ने उस तस्वीर को देख ही लिया, जिसमें दोनों सज्जन काफी सहज, आरामदायक मुद्रा में नजर आ रहे हैं। ये आराम तभी महसूस होता है, जब कोई अपना साथ होता है। राहुल गांधी ने संसद में इसी रिश्ते को बताया और कुछ सवाल पूछे। अब भाजपा इस बात पर नाराज हो गई है। अगर उसकी नाराजगी इस बात पर है कि राहुल गांधी ने एक रिश्ते का जिक्र संसद में कर दिया है, तो उसे बता देना चाहिए कि रिश्ता है या नहीं।

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से
pioneerhry@gmail.com
पर भी भेज सकते हैं।

# महिला पहलवानों के समर्थन में दिल्ली जाने वालों को गिरफ्तार करने की किसान सभा ने की निंदा




### 34 किसान-महिलाओं को गिरफ्तार करके लोहारू थाने ले गए

**पायनियर समाचार सेवा।** भिवानी

**अखिल** भारतीय किसान सभा भिवानी कमेटी के आह्वान पर महिला पहलवानों को न्याय दिलाने हेतु दिल्ली जा रहे किसानों व महिलाओं को पुलिस द्वारा गिरफ्तार करने व सभा के नेताओं को घरों में नजरबंद करने व उत्पीड़न कार्यवाही की कड़ी निंदा की है।

पुलिस दमन के बाद भी किसान सभा व महिला समिति के सैंकड़ों सदस्य टिकरी बॉर्डर पर पहुंचने में सफल हो गए। भिवानी में रेलवे स्टेशन पर सुबह 34 किसान और महिलाओं को गिरफ्तार करके लोहारू थाने ले गए। टिकरी बार्डर पर प्रदर्शनकारियों को सम्बोधित करते हुए किसान सभा के जिला प्रधान रामफल देशवाल, उप प्रधान कामरेड ओम प्रकाश, सचिव मास्टर जगरोशन रोढा ने कहा कि केंद्र की मोदी और राज्य की खट्टर सरकार महिला पहलवानों के कथित यौन शोषण कारियों को बचाने वास्ते जनता के साथ तानाशाही व उत्पीड़न पर उतर आई है। वह शांतिपूर्ण आंदोलन को पुलिस की मदद से कुचलने का हथकंडा अपना रही है। परन्तु यह आन्दोलन कुचला नहीं जा सकेगा तथा जन जन व घर घर पहुंच चुका है। यह हालात 1975 के आपातकाल से बुरे हो गये हैं। प्रजातन्त्र का गला घोट दिया है। उन्होंने कहा कि जितनी ताकत से सरकार दमन पर उतरेगी, उतनी ही वह जनता से अलग थलग पड़ेगी और उसका जनाधार सिकुड़ेगा। उन्होंने कहा कि यह हमारी बेटियों के सम्मान की लड़ाई है और उनके समान के लिए किसान मजदूर सर्वस्व कुर्बानी देने के लिए आगे आएगा।

## रोहतक जिले के सांपला में महिलाओं और पुलिस के बीच झड़प

### टकराव के दौरान एक महिला हुई बेहोश



**रोहतक।** हरियाणा में पहलवानों की महापंचायत में जा रहे किसानों की पुलिस धरपकड़ कर रही है। इस बीच रोहतक के सांपला में पुलिस व महिला समूह के बीच झड़प हो गई। इसी दौरान पुलिस ने बल पूर्वक महिला समूह का नेतृत्व करने वाली समाजसेवी सोनिया दुहन व अन्य लोगों को हिरासत में लिया। इस दौरान एक महिलाएं बेहोश होकर गिर गईं। झड़प के दौरान महिलाओं ने पुलिस के भी पसीने छुड़ाए रखे। इस दौरान दिल्ली जा रहे पहलवानों के समर्थकों का पुलिस के बीच जमकर टकराव देखने को मिला। झड़प के दौरान पुलिस कई महिलाओं को हिरासत में लेने में सफल रही। इसके साथ ही कुछ नेताओं को रोहतक में पुलिस ने नजरबंद कर, दिल्ली जाने से रोका लिया। इसी दौरान कई किसान पहले ही पुलिस को चकमा देकर दिल्ली की ओर कूच कर गए। जानकारी के अनुसार हिसार से चलकर दिल्ली की ओर जाने वाला समूह रविवार को सापला स्थित बाबा कालिदास मंदिर में रुका हुआ था। जिसमें पुलिस ने दबिश देकर महिलाओं के समूह के नेतृत्व कर रही महिला सोनिया दुहन सहित करीब 30 महिलाओं को हिरासत में लिया। वही जिला कार्यालय से किसान सभा के जिला प्रधान प्रीत सिंह और महिला महापंचायत का ऐलान करने वाली खाप की नेता को भी पुलिस ने हिरासत में लिया। इसी दौरान चौबीसी खाप के प्रधान मेहर सिंह नंबरदार, हरदीप सिंह अहलावत, जिला अध्यक्ष अंकुर सीवाच व अन्य किसानों को पुलिस ने हिरासत में लिया। आपको बता दें कि खाप पंचायत ने दिल्ली की नई संसद भवन पर महिला महापंचायत करने का निर्णय लिया गया था।

### पीएम मोदी मन की बात का 101वां एपिसोड किया पूरा

## गुरुग्राम के म्यूजियम कैमरा का जिक्र कर हरियाणा वासियों को गौरवान्वित किया : धनखड़

**पायनियर समाचार सेवा।** रोहतक



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपने मन की बात का 101 वां एपिसोड पूरा किया। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश के अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ ने रविवार को भाजपा नेता अशोक खुराना के निवास स्थान पर प्रधानमंत्री का संबोधन सुना। यह कार्यक्रम पूरे रोहतक जिले के अंदर जिला अध्यक्ष रणवीर ढाका के नेतृत्व में किया गया । इस अवसर पर पीएम ने केंद्र की भाजपा द्वारा की गई पहल और सफलताओं का जिक्र किया।

उन्होंने भक्त कबीर, विनायक दामोदर सावरकर और तमिल अभिनेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री एनटी रामा राव को भी याद किया। आज वीर सावरकर व एनटी रामाराव की जयंती है। सावरकर को याद करते हुए पीएम मोदी ने कहा वीर सावरकर का व्यक्तित्व दृढ़ता और विशालता से समाहित था। उनके निर्भीक और स्वाभिमानी स्वभाव को गुलामी की मानसिकता बिल्कुल भी रास नहीं आती थी। स्वतंत्रता आंदोलन ही नहीं सामाजिक समानता और सामाजिक न्याय के लिए भी सरकार ने जितना कुछ किया ,उसे आज भी याद किया जाता है। इस अवसर पर उन्होंने भक्त कबीर को भी याद किया। उन्होंने कहा कि उनकी शिक्षाएं आज भी प्रसांगिक है । इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हरियाणा की जनता कभी भी वंशवाद की राजनीति को स्वीकार नहीं करेगी।

हरियाणा में कांग्रेस के कुछ खंडहर ही बचे हैं जिसे हुड्डा पिता-पुत्र निपटा देंगे। नई संसद के उद्घाटन के अवसर पर उन्होंने देशवासियों को बधाई दी।भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री ने गुरुग्राम के म्यूजियम कैमरा का जिक्र कर हरियाणा वासियों को गौरवान्वित किया। इसमें 1860 के बाद के 8 हजार से ज्यादा कैमरा का संग्रह मौजूद है। इस कार्यक्रम में मेयर मनमोहन गोयल, सीनियर डिप्टी मेयर राजकमल सहगल, निगम पार्षद सूरजमल कलोई, जिला मीडिया प्रभारी तरुण सनी शर्मा, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष उषा शर्मा, किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष राजकुमार सुनारिया, जिला सोशल मीडिया प्रभारी आशा शर्मा, पूर्व युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष, मनीष शर्मा लेबर वेलफेयर बोर्ड के पूर्व मेंबर भूषण चुघ, मण्डल उपाध्यक्ष सुभाष मल्होत्रा, जगदीश दुआ, पवन सहगल, नरेंद्र शर्मा, पदम ढुल, सुरेंद्र सैनी काले सोशल जिला हेमन्त सहगल आदि उपस्थित रहे।

## श्रमिकों के बच्चों को अब पढ़ाई के लिए सालाना दिए जाएंगे दस हजार

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने चुनावी वर्ष में श्रमिकों के बच्चों को बड़ी सौगात दी है। मुख्यमंत्री ने श्रमिक कल्याण बोर्ड में अंशदाता श्रमिकों के बच्चों को स्नातक की पढ़ाई तक 10 हजार रुपये वार्षिक छात्रवृत्ति देने का फैसला किया है। इससे पहले 8500 सालाना छात्रवृत्ति दी जाती थी। बोर्ड के अन्तर्गत रजिस्टर्ड श्रमिकों और शिक्षा प्राप्त करने वाले उनके बच्चों से बातचीत के दौरान मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने यह घोषणा की।

बातचीत के दौरान मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि सीमित संसाधन होने पर भी सफल होने के हमारे सामने बहुत से उदाहरण हैं। हमारे दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री से लेकर अब्राहम लिंकन तक ने सीमित संसाधनों में सफलता पाई है। प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना की तर्ज पर हमने हरियाणा कौशल विकास मिशन बनाया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रमिक के शारीरिक या मानसिक रूप से दिव्यांग बच्चों दी जाने वाली राशि हरियाणा सरकार ने 2500 रुपये से बढ़ाकर 3000 रुपये मासिक कर दी है। श्रमिक परिवारों को कन्यादान स्कीम के तहत 3 बेटियों की शादी तक 51000 रुपये और 50000 रुपये शादी के प्रबंध के लिए हरियाणा सरकार देती है। मनोहर लाल ने बताया कि प्रधानमंत्री श्रम योगी मान-धन योजना के तहत असंगठित श्रमिकों के पंजीकरण में हरियाणा अव्वल है। अब तक 8,19,564 लाभार्थियों का पंजीकरण किया जा चुका है। अंत्योदय आहार योजना के तहत 10 रुपए में उच्च गुणवत्ता का भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है।

### हरियाणा में 75 फीसदी हैं असंगठित क्षेत्र में श्रमिक

**हमारी** संस्कृति में श्रमिकों को महान शिल्पी विश्वकर्मा की संज्ञा दी गई है। केवल संगठित ही नहीं असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों पर सरकार पूरा ध्यान दे रही है। हरियाणा में आज लगभग 25 फीसदी श्रमिक संगठित क्षेत्र में, 75 फीसदी श्रमिक असंगठित क्षेत्र में पंजीकृत हैं। श्रमिकों की सुरक्षा को मजबूत करने के लिए सरकार उनका दुर्घटना बीमा करा रही है।


### 30 मई को होगा प्रदेश में मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन : डीसी


**यमुनानगर।** हरियाणा राज्य निर्वाचन आयोग ने हरियाणा पंचायत राज निर्वाचन नियम 1994 के तहत पंचायती राज संस्थाओं के पंच, सरपंच व सदस्य पंचायत समिति के प्रस्तावित उप चुनाव के मद्देनजर मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन मंगलवार 30 मई 2023 को किया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) एवं डीसी राहुल हुड्डा ने जानकारी देते हुए बताया कि राज्य चुनाव आयोग की ओर से 5 जनवरी 2023 को प्रकाशित अंतिम मतदाता सूची अनुसार 1 जनवरी 2023 को अर्हता तिथि मानकर अपडेट मतदाता सूची तैयार कर ली गई है। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची का ड्राफ्ट प्रकाशन संबंधित खंड के निर्वाचक अधिकारी (पंचायत) द्वारा करने उपरांत 15 मई 2023 तक दावों एवं आपत्तियों का निपटारा जिला निर्वाचक अधिकारी (पंचायत) द्वारा किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त 25 मई 2023 तक अपीलेट अथॉरिटी द्वारा दायर अपील का निपटारा भी कर दिया है, जिसके उपरांत मंगलवार 30 मई 2023 को मतदाता सूची का फाइनल प्रकाशन किया जाएगा।

## अंबाला लोकसभा क्षेत्र उपचुनाव की तैयारी में जुटी भाजपा

### बनतो कटारिया या सुदेश कटारिया को मिल सकता है टिकट

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़





**हरियाणा** की अंबाला लोकसभा सीट के लिए उपचुनाव अगले वर्ष होने वाले लोकसभा और हरियाणा विधानसभा के आम चुनाव का सेमीफाइनल हो सकता है। इस आरक्षित सीट से भाजपा के सांसद और पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री रतनलाल कटारिया का निधन हो गया था। रतन लाल कटारिया के निधन से रिक्त इस लोकसभा सीट के लिए उपचुनाव तय माना जा रहा है। अभी लोकसभा आम चुनाव के लिए एक वर्ष बाकी है। इसलिए कानूनन उपचुनाव कराया जाना अनिवार्य है। आम चुनाव में एक वर्ष से कम समय होने पर उपचुनाव नही कराए जाने की छूट मिलती है।

हरियाणा और केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा में उपचुनाव को लेकर चर्चाएं छिड़ी हुई है। खासकर हरियाणा में अंबाला लोकसभा उपचुनाव को सेमी फाइनल की अहमियत दी जा रही है।यह माना जा रहा है कि जो भी दल अंबाला उपचुनाव जीतेगा आने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनाव भी जीतेगा। भाजपा उपचुनाव की तैयारी में जुट गई है। भाजपा इस उप चुनाव में रतन लाल कटारिया की पत्नी बनतो कटारिया या युवा भाजपा नेता सुदेश कटारिया को इस उपचुनाव के लिए टिकट दे सकती है

भाजपा में एक धड़ा अम्बाला लोकसभा सीट के उपचुनाव के पक्ष में है। उसकी दलील है कि इस उपचुनाव में जींद उपचुनाव की तरह जीत दर्ज करके कांग्रेस के बढ़ते कदमों पर रोक लगाई जा सकती है। ऐसे में अगर उपचुनाव होता है तो मुकाबला काफी रोचक होगा।

अम्बाला लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले 9 विधानसभा क्षेत्रों में से 5 भाजपा और 4 कांग्रेस के विधायक हैं। पंचकूला से ज्ञानचंद गुप्ता, अम्बाला कैंट से अनिल विज, अम्बाला सिटी से असीम गोयल, यमुनानगर से घनश्याम दास अरोड़ा, जगाधरी से कंवरपाल गुज्जर। कांग्रेस के कालका से प्रदीप चौधरी, मुलाना से वरुण चौधरी , सढौरा से रेणुबाला, नारायणगढ़ से शैली चौधरी है।

## ब्राह्मण समाज ने पूर्व मंत्री ग्रोवर का किया भव्य स्वागत



**पायनियर समाचार सेवा।** रोहतक

### मोखरा गांव के लोगों की मांगों को करवाएंगे पूरा, गांव में बनाएं भव्य परशुराम मंदिर

**मोखरा** गांव में भगवान परशुराम समिति की ओर से आयोजित भगवान परशुराम जयंती कार्यक्रम में पहुंचे प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष और पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर का ब्राह्मण समाज की ओर से भव्य स्वागत किया गया। परशुराम समिति की ओर से उन्हें सम्मान स्वरूप पगड़ी पहनाई और फरसा भेंट किया। परशुराम समिति की ओर से मोखरा गांव की समस्याओं का मांग पत्र सौंपा।

पूर्व मंत्री ने आश्वस्त किया कि उनकी मांगों को पूरा करवाया जाएगा। इससे पहले, ग्रामीणों को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री ग्रोवर ने कहा कि ब्राह्मण समाज पूजनीय है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने 36 बिरादरी के हित मे अनेक फैसले लिए हैं। भाई चारे के साथ आगे बढ़े और किसी के बहकावे में आने की बजाय सभी मिलजुल कर रहे। जब रोहतक की जनता ने उन्हें विधायक चुना और फिर प्रदेश सरकार में मंत्री बने तो प्रदेश भर में काम करने वाली अनेक परशुराम समितियों की हर तरह से मदद की थी। भविष्य में भी मदद के लिए तैयार रहेंगे। मोखरा गांव में बन रहे भगवान परशुराम मंदिर को भव्य बनाएं। मंदिर निर्माण में उनकी तरफ से जो भी मदद चाहिए, वह हर मदद उपलब्ध करवाई जाएगी। मुख्यमंत्री ने पहले भी मोखरा गांव के लिए कई सौगात दी। आगे भी गांवों की मांगों को पूरा किया जायेगा।

## शिशु भारती मंत्रिमंडल में कक्षा 8वीं के समीर बने अध्यक्ष

### शिशु भारती छात्रों का एक लोकतांत्रिक शैक्षिक संगठन : राजेश गोयल

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र


गीता निकेतन विद्या मंदिर के विद्यार्थी।

**शिशु** भारती विद्यालय के छात्रों का एक मंच है जहां छात्र संसद बैठ कर परस्पर विद्यालय से संबंधित विषयों पर चर्चा, तर्क एवं निर्णय करती हैं। विद्यालय में इस प्रकार के अनेक विषय होते हैं, जिनके बारे में प्रधानाचार्य छात्रों का अभिमत जानना चाहते हैं। इसके लिए छात्र संसद सर्वोत्तम मंच होता है। सभी कक्षाओं के छात्र-प्रतिनिधि सदस्य होते हैं।

शिशु भारती छात्रों का ही एक ऐसा लोकतांत्रिक शैक्षिक संगठन है। उपरोक्त शब्द वंदना सभा में शिशु भारती के पदाधिकारियों को शपथ दिलवाते हुए कुरुक्षेत्र के मोहन नगर में स्थित गीता निकेतन विद्या मंदिर की प्रबंध समिति के प्रबंधक राजेश गोयल ने कहे। शिशु भारती मंत्रिमंडल में अध्यक्ष पद पर आठवीं कक्षा के समीर, उपाध्यक्ष पद पर आठवीं कक्षा की वंशिका सैनी, मंत्री पद पर सातवीं कक्षा की भव्या, सहमंत्री पद पर छठी कक्षा के भैया भूपेंद्र, सेनापति पद पर सातवीं कक्षा के छात्र नमन, उप सेनापति पद पर सातवीं कक्षा के भैया विपिन तथा पत्रकार पद पर आठवीं कक्षा की प्राची ने शपथ ग्रहण की।

### 65 साल में हरियाणा के इतिहास में किसान का पैसा सीधा

## किसान के खाते में दुष्यंत चौटाला के प्रयास से हुआ सम्भवः दिग्विजय

**पायनियर समाचार सेवा।** भिवानी



**जननायक** जनता पार्टी के प्रधान महासचिव दिग्विजय चौटाला ने कहा कि उनकी पार्टी जजपा हमेशा 51 सौ बुढ़ापा पेंशन करने के पक्ष में रही है। वहीं उन्होंने कहा कि हरियाणा के 65 साल के इतिहास में पहली बार किसान का पैसा सीधा किसान के खाते में पहुंचा, यह सब दुष्यंत चौटाला की वजह से सम्भव हो पाया है।

वे रविवार को बवानीखेड़ा हलके के विभिन्न गांवों के दौरे के दौरान ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। दिग्विजय चौटाला ने कहा कि प्राइवेट सेक्टर में स्थानीय युवाओं के लिए 75 प्रतिशत रोजगार कानून जननायक चौधरी देवीलाल द्वारा लागू की गई बुढ़ापा पेंशन की तरह ऐतिहासिक साबित होगा। उन्होंने कहा कि इस कानून के लागू होने के बाद प्रदेश के युवाओं के लिए निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि इसमें अभी हाईकोर्ट का फैसला आना बाकी है।

## महीने के आखिरी रविवार को घंटाघर मार्केट रही पूर्णता बंद, लिया था फैसला

**पायनियर समाचार सेवा।** भिवानी



**कल** शनिवार को घंटाघर मार्केट के प्रधान अतुल रोहिल्ला व रेडीमेड गारमेंट यूनियन के प्रधान संजय बवेजा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सभी व्यापारियों ने महीने के आखिरी रविवार को मार्केट बंद रखने का फैसला लिया था। इसके चलते 28 मई रविवार को मार्केट की सभी दुकानें बंद रहीं।

सभी व्यापारियों ने अपनी इच्छा से महीने के आखिरी रविवार को छुट्टी रखने का फैसला किया था, जिसका असर आज पूर्ण रूप से घंटाघर मार्केट के अंदर देखने को मिला। मार्केट की सभी दुकानें बंद रही आगे भी इसी तरह से महीने के आखिरी रविवार को घंटाघर मार्केट को बंद रखने का फैसला किया गया है। व्यापारियों ने बताया कि यह फैसला उन्होंने अपनी मर्जी से लिया है।

## आणुविक हाइड्रोजन थैरेपी : एक दवा रहित और सुरक्षित रास्ता

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**प्रिवेंटिव** हेल्थ और वेलनेस सोल्यूशन के क्षेत्र में प्रमुख कंपनी सीरीन एनवायरोटेक को अपने उत्पादों की उदझ श्रृंखला की सफलता की घोषणा की। उदझ उत्पाद श्रृंखला में उदझ इनहेलर और उदझ हाइड्रोजन पानी की बोतलें शामिल हैं। यह अच्छी सेहत और रहन-सहन को बढ़ावा देने के लिए पीने योग्य पानी को ले जाने का सेहतमंद और स्टाइलिश संसाधन हैं।

सीरीन एनवायरोटेक के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. बाबू सुधाकर ने बताया, हम ऐसे नए-नए प्रॉडक्ट्स बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जो दवाईरहित, सुरक्षित और सेहत के लिए लाभदायक हो। उदझ के प्रॉडक्ट्स बेहतर भविष्य के लिए प्रिवेंटिव हेल्थ और वेलनेस सोल्यूशंस प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता का सबूत हैं। उदझ इनहेलर एक नया प्रॉडक्ट है, जो हाइड्रोजन गैस सांस के माध्यम से शरीर के भीतर ले जाने का अनोखा तरीका है, जिसके कई स्वास्थ्य संबंधी लाभ हैं। यह तनाव और सूजन को कम करने में मदद करता है। दिमाग की सक्रियता की क्षमता में सुधार करता है और शरीर को पूर्ण रूप से स्वस्थ रखने में भी सहायता करता है। उदझ हाइड्रोजन बोतलें स्लीक और स्टाइलिश पानी की बोतलें है, जिससे रास्ते में या सफर के दौरान हाइड्रोजन से भरपूर पानी पीने को मिलता है। हाइड्रोजन युक्त पानी पीने से पाचन क्षमता में सुधार आता है, एनर्जी लेवल बढ़ता है और शरीर में जल की उचित मात्रा बरकरार रहती है। उदझ पानी की बोतलें एथलीट्स, फिटनेस के शौकीनों और हर उस व्यक्ति के लिए परफेक्ट है, जो अपनी जीवन शैली को स्वस्थ रखना चाहते हैं। यह प्रॉडक्ट्स उन लोगों के लिए डिजाइन किये गये हैं, जो अक्सर सफर में रहते हैं और अपनी अच्छी सेहत बरकरार रखना चाहते हैं।

## हरियाणा के कॉलेजों में प्रवेश के लिए पीपीपी देना हुआ अनिवार्य

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**हरियाणा** में अब शिक्षा के क्षेत्र में भी परिवार पहचान पत्र की दखलंदाजी हो गई है। प्रदेश के कॉलेज में प्रवेश के आवेदन के साथ अब परिवार पहचान पत्र सलग्न करना अनिवार्य होगा। उच्च शिक्षा विभाग की ओर से परिवार पहचान पत्र को जरूरी कर दिया गया है। युवाओं को प्रवेश आवेदन के साथ ही अपना परिवार पहचान पत्र अपलोड करना होगा।

हरियाणा में सोमवार से सरकारी कॉलेजों में स्नातक पाठ्यक्रमों के लिए केंद्रीकृत ऑनलाइन दाखिला प्रक्रिया शुरू हो रही है।राज्य के सरकारी कॉलेज सोमवार से बुधवार तक अपनी प्रोफाइल भरना शुरू करेंगे, जिसके बाद 5 जून से 19 जून तक युवा आवेदन शुरू कर देंगे। कॉलेज 8 से 23 जून तक दस्तावेजों के सत्यापन की प्रक्रिया शुरू करेंगे। सत्यापन का काम पूरा होने के बाद 1 से 20 जुलाई के बीच मेरिट लिस्ट जारी की जाएगी।

प्रवेश के लिए परिवार पहचान पत्र अनिवार्य होने से बड़ी संख्या में युवाओं को स्नातक बनने का मौका नहीं मिल पाएगा। राज्य में बहुत युवाओ के पास फैमिली आई-डी नहीं है। इसके साथ ही जिनके पास यह आई डी है उनका सटीक डाटा उसमें शामिल नहीं है। इस कारण से प्रमाणीकरण में काफी परेशानी आएगी। उच्चतर शिक्षा निदेशक ने स्पष्ट किया है कि सीटों की संख्या भी स्पष्ट होनी चाहिए। इसमें लापरवाही बरतने वाले प्रिंसिपल के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही कॉलेजों को विषय संयोजन की सीटों को फ्रीज करने के बाद बदलाव की अनुमति नहीं दी जाएगी। कॉलेज पाठ्यक्रम की सीटों में खेल कोटे की सीटों का भी स्पष्ट तौर पर उल्लेख किया जाना अनिवार्य है।

## गति ने देश भर में प्रभावी, सुविधाजनक और निर्बाध बाइक परिवहन उपलब्ध कराने के लिए लॉन्च की बाइक एक्सप्रेस

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम




**ऑल** कार्गो ग्रुप कंपनी और भारत के प्रमुख एक्सप्रेस लॉजिस्टिक्स एवं आपूर्ति श्रृंखला समाधान प्रदाताओं में से एक गति लिमिटेड ने खासतौर पर डिजाइन की गई सुरक्षित एवं ऑन-टाइम बाइक परिवहन सेवा को देश भर में उपलब्ध कराने के लिए बाइक एक्सप्रेस का लॉन्च किया। यह सर्विस विभिन्न स्थानों पर जाने वाले कामकाजी पेशेवरों एवं छात्रों, पर्यटकों, बाइकरों और उन सभी लोगों के लिए पेश की गई है। जो स्वतन्त्र परिवहन सेवाओं का लाभ उठाना चाहते हैं।

बाइक एक्सप्रेस कई तरह की सुविधाएं उपलब्ध कराती है जैसे देश भर में मुफ्त और आसान डोर पिक-अप डिलीवरी, ऑन-स्पॉट पैकिंग, कस्टमाइज़्ड डिलीवरी, विशेष यात्रा, प्रशिक्षित एवं अनुभवी पेशेवरों के द्वारा नियोजन एवं निष्पादन, वैदर प्रूफ कंटेनर व्हीकल के माध्यम से परिवहन, कन्साइनमेन्ट ट्रैकिंग, लास्ट माईल एवं रिमोट लोकेशन डिलीवरी, 24/7 कस्टमर सपोर्ट आदि। बाइक एक्सप्रेस 150 सीसी तक के लिए रुपये 4000 के ऑल-इन्क्लुज़िव फ्लैट रेट पर और 150 सीसी से उपर के लिए रु 4500 पर उपलब्ध है। हाल ही में बाईक एक्सप्रेस की सफलता पर बात करते हुए हुअफरीद नसरवांजी, चीफ कमर्शियल ऑफिसर, गति लिमिटेड ने कहा, ''बाइक से किसी नए स्थान पर जाना तनाव का कारण बन सकता है। लेकिन हमारी खासतौर पर डिज़ाइन की गई बाइक एक्सप्रेस अनुभवी एवं प्रशिक्षित टीम के साथ देश भर में प्रभावी और सुरक्षित बाईक परिवहन सेवाएं उपलब्ध कराती है। बाइकिंग के शौकीनों और पर्यटकों के लिए बाईक एक्सप्रेस पसंदीदा सर्विस के रूप में उभरी है, जो छुट्टियों और यात्रा के लिए इसका उपयोग करते हैं। बाईक एक्सप्रेस के माध्यम से हम कस्टमाइज़्ड, टॉप-रेटेड एवं प्रभावी बाईक परिवहन सेवाएं उपलब्ध कराते हैं। छुट्टियों के मौजूदा सीज़न में हमारी बाइक एक्सप्रेस सर्विस की मांग बढ़ रही है।

# हिरासत के अढ़ाई घंटे के बाद देर रात भाकियू प्रवक्ता राकेश बैंस को छोड़ा, घर पर रखा नजरबंद

## सुबह गुरनाम सिंह चढ़ूनी को भी लिया हिरासत में, दोपहर बाद छोड़ा

पायनियर समाचार सेवा। शाहाबाद मारकंडा

**बीती** रात पुलिस ने भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी) के प्रवक्ता राकेश बैंस को हिरासत में लिया और ढाई घंटे के बाद छोड़ भी दिया। वजह यह थी कि राकेश बैंस ने रविवार को सुबह दिल्ली के जंतर-मंतर पर बैठे पहलवानों द्वारा घोषित संसद के सामने महा पंचायत में किसानों का नेतृत्व करते हुए रवाना होना था। इसलिए शनिवार रात 10.30 बजे प्रवक्ता राकेश बैंस को जिला पुलिस की टीम ने हिरासत में ले लिया। थाना शाहाबाद में एसएचओ के कमरे में बिठा दिया।

मीडिया और किसान प्रतिनिधि पहुंचना शुरू हुए और वजह पूछी गई, तो एसएचओ ने यह बताया कि गिरफ्तार नहीं किया है। उन्हें आर्डर हुए है और कुछ देर के लिए राकेश बैंस को थाने में ही रखा जाएगा। राकेश बैंस के हिरासत में जाने के बाद जैसे ही भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी के अन्य बड़े किसान नेताओं को इस बात की भनक लगी, तो वह सब नई अनाज मंडी शाहाबाद में एकत्रित होना शुरू हो गए। किसानों को एकत्रित होता देख शाहाबाद एसएचओ राजपाल और अन्य पुलिस अधिकारी अनाज मंडी पहुंचे। वहां मीडिया को देख किसानों के साथ नरमी से बात करने लगे। करीब रात 12 बजे भारतीय किसान यूनियन के ब्लॉक कार्यकारी सदस्य जसबीर सिंह मामूमाजरा ट्राली में किसानो को भर कर अनाजमंडी पहुंचे।



देर रात अनाज मंडी शाहाबाद में सरकार विरोधी नारेबाजी करते किसान।



सीआईए की हिरासत से छूट कर किसानों को संबोधित करते गुरनाम सिंह चढ़ूनी।

### सीआईए की हिरासत से छूट कर चढ़ूनी से किसानो को किया संबोधित

**जसबीर** सिंह मामूमाजरा ने नेतृत्व में किसान दोपहर में सीआईए-2 कुरुक्षेत्र के बाहर विरोध प्रदर्शन करने लगे, जिसे देखते हुए चढ़ूनी को भी जिला पुलिस ने दोपहर में ही छोड़ दिया। सीआईए-2 ऑफिस बाहर आने के बाद गुरनाम सिंह ने बातचीत में बताया कि दिल्ली का कार्यक्रम संपन्न हो चुका है। अब 4 जून को सोनीपत के गांव मुंडलाना में महा पंचायत होगी। इसमें पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक सहित पहलवान हिस्सा लेंगे। उन्होंने प्रशासन की इस कार्रवाई को अन्यायपूर्ण बताया।

### सुबह 4 बजे राष्ट्रीय अध्यक्ष चढ़ूनी को किया गिरफ्तार और अन्य को किया नजरबंद

**रविवार** अलसुबह करीब 4 बजे भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढ़ूनी को सीआईए-2 ने उनके घर से हिरासत में लिया। उन्हें सीआईए ऑफिस में ही नजरबंद किया गया।

सुबह राकेश बैंस को भी पुलिस ने 5-6 पुलिस जवानो संग घर पर ही नजर बंद कर दिया। भाकियू प्रदेशाध्यक्ष कर्म सिंह मथाना, आइटी सेल के प्रदेशाध्यक्ष संदीप संगरोहा सहित कई अन्य किसानों को भी नजरबंद किया गया। गिरफ्तारी देते समय गुरनाम सिंह चढ़ूनी ने सोशल मीडिया के माध्यम से किसानो को एकत्रित होने का सन्देश दिया। कहा कि अगर शाम तक पुलिस ने उन्हें नहीं छोड़ा, तो सभी किसान भाई कोई बड़ा फैसला लेंगे।

मलिकपुर गांव को सौगात

# मारकण्डा नदी के रास्ते पर 61 लाख रुपये की लागत से बनेगा पुल

पायनियर समाचार सेवा। शाहाबाद मारकंडा

**शाहाबाद** के विधायक रामकरण ने गांव मलिकपुर वासियों की 40 वर्ष पुरानी मांग पूरी करते हुए गांव के मारकण्डेय के रास्ते पर पुल के निर्माण कार्य की शुरूआत कर दी है। रविवार को विधायक रामकरण, जजपा के जिलाध्यक्ष कुलदीप जखवाला और हलकाध्यक्ष जगबीर मोहड़ी ने विधिवत रूप से नारियल फोड़ कर व भूमि पर कट लगा कर इस योजना को हरी झंडी दी।

विधायक ने कहा कि गांव मलिकपुर व मारकण्डा नदी पर करीब 81 फुट लंबे इस पुल का निर्माण 61 लाख की लागत से होगा। जुलाई माह में यह पुल गांव की जनता को समर्पित कर दिया जाएगा। विधायक ने बताया कि पुल न होने के कारण गांव दो हिस्सों में बंटा हुआ। ग्रामीणों को नदी के आर-पार जाने के लिए काफी परेशानी होती है। मगर पुल बनने से यह समस्या दूर हो जाएगी। वहीं जिलाध्यक्ष कुलदीप जखवाला व हल्काध्यक्ष जगबीर मोहड़ी ने कहा कि इस पुल के साथ-साथ 50 किलोमीटर के ढेरों के रास्तों को पक्का करवाने का काम किया जाएगा। उद्घाटन कार्यक्रम में मंच का संचालन सतीश कुमार ने बाखूबी निभाया।

इस अवसर पर सरपंच एसोसिएशन के प्रधान सुखदीप मोहड़ी, जजपा हल्का महासचिव सतीश कुमार, सरपंच प्रतिनिधि सुनील कुमार, मनीष कुमार, रिंकू कठवा, प्रवीन कौर, सुदेश रानी, संतप्रीत, सुखबीर सिंह, जसविन्द्र सिंह, मंजू, ओमप्रकाश सहित बड़ी संख्या में गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।



गांव मलिकपुर में पुल के निर्माण की शुरुआत करते विधायक रामकरण।

### नदी में पानी आने पर होती थी दिक्कत : सतीश

**जजपा** के हल्का महासचिव सतीश कुमार ने बताया कि गांव का श्मशान घाट नदी के दूसरी ओर है, लेकिन जब नदी में पानी आता है तो संस्कार के लिए शव को दो-दो दिन रखना पड़ता है या फिर शाहाबाद के रास्ते से जाकर 10 किलोमीटर का रास्ता अतिरिक्त तय करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि विधायक रामकरण ने पुल का निर्माण शुरू करवा कर गांव वासियों का बहुत बड़ा कष्ट काट दिया है।

### मलिकपुर के लोगों को सबसे बड़ा उपहार : सरपंच

**गांव** की सरपंच सुनैना व प्रतिनिधि सुनील कुमार ने कहा कि इस पुल के माध्यम से गांव मलिकपुर को इस वर्ष का सबसे बड़ा उपहार मिला है। उन्होंने कहा कि पिछले 40 सालों से सरपंच इस पुल के निर्माण का प्रयास कर चुके थे लेकिन अभी तक मांग सिरे नहीं चढ़ी थी।

# भाजपा सरकार सभी मोर्चों पर विफल : किरण चौधरी

पायनियर समाचार सेवा। भिवानी



**हाथ** से हाथ जोड़ो अभियान के तहत आज पूर्व मंत्री विधायक किरण चौधरी ने गांव दुल्हेड़ी में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार हर मोर्चे पर विफल हो चुकी है। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में अव्यवस्था का माहौल है। गरीब, मजदूर, किसान, व्यापारी, कर्मचारी सभी सरकार की नीतियों से त्रस्त हैं और प्रदेश व देश में बदलाव के लिए तैयार हैं। बेरोजगारी और महंगाई लोगों के लिए भारी परेशानी का सबब बन गई हैं।

उन्होंने कहा कि सरकार ने देश व प्रदेश को एक प्रयोगशाला बना दिया है। केंद्र सरकार क इशारे पर पहले 2016 में नोटबंदी की गई थी और कहा गया था कि काले धन पर लगाम लगेगी व आतंकवाद खत्म हो जाऐगा। नोटबंदी के चलते देश के करोड़ों लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। बावजूद इसके न तो आतंकवाद खत्म हुआ और न ही काला धन।

अब एक बार फिर से सरकार ने दो हजार रुपये के नोटबंद करके अपना तुगलकी फरमान जारी किया है। किरण चौधरी ने कहा कि किसानों की आय दो गुणा करने का दावा करने वाली सरकार ने किसानों को कहीं का नहीं छोड़ा। क्षेत्र के हजारों किसान आज भी सरकारी पोर्टलों में फंसकर अपनी सरसों नहीं बेच पाए हैं और हजारों को औने पौने दाम पर सरसों बेचनी पड़ी है।

# जीवन में मुकाम हासिल करने के लिए मेहनत और जुनून का होना अति आवश्यक : अजराना

### कक्षा दसवीं में 95 फीसद अंक लेने वाली छात्रा जसलीन कौर को किया सम्मानित

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**हरियाणा** सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के प्रवक्ता कवलजीत सिंह अजराना ने कहा कि जीवन में मुकाम हासिल करने के लिए मेहनत और जुनून का होना अति आवश्यक है। वे आज हेजल ओवरसीज में टैगोर पब्लिक स्कूल की कक्षा दसवीं में 95 फीसद अंक लेकर विद्यालय, शहर एवं माता-पिता का नाम रोशन करने वाली छात्रा जसलीन कौर आनंद को सम्मानित कर रहे थे। उन्होंने छात्रा जसलीन कौर आनंद के जुनून और मेहनत की मुक्त कंठ से सराहना करते हुए सेंटर के अन्य विद्यार्थियों को उससे प्रेरणा लेने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि छात्रा जसलीन कौर आनंद के पिता देवेंद्र सिंह आनंद की कोरोना-19 के समय मृत्यु हो गई थी। देवेंद्र सिंह आनंद के आकस्मिक निधन से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। इसके बावजूद जसलीन कौर ने हिम्मत और दलेरी रखते हुए अपनी पढ़ाई जारी रखी। शानदार अंक प्राप्त करते हुए अपने विद्यालय, शहर एवं अभिभावकों का नाम रोशन किया है। उन्होंने छात्रा जसलीन कौर को उच्च शिक्षा प्राप्त करने और जीवन पथ पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हुए अपनी ओर से हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। छात्रा जसलीन कौर आनंद ने कहा कि वे अपनी यह उपलब्धि अपने स्वर्गीय पिता जी को समर्पित करती है। हेजल ओवरसीज के डायरेक्टर गगनदीप सिंह ने बताया कि जसलीन कौर आनंद पढ़ाई के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में भी शुरू से हिस्सा लेती रही है। वह दो फिल्मों व गानों में भी अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन कर चुकी है। इसके साथ साथ जसलीन कौर, इंस्टाग्राम पर भी खूब चर्चित है। उन्होंने हर क्षेत्र में उपलब्धियों के लिए जसलीन कौर आनंद को बहुत-बहुत शुभकामनाएं दी।



छात्रा जसलीन कौर को सम्मानित करते कवलजीत सिंह अजराना व गगनदीप सिंह।

### रविवार को कोरोना से संक्रमित नहीं मिला कोई पोजिटिव केस

**सोनीपत।** उपायुक्त ललित सिवाच ने बताया कि रविवार को जिला में कोरोना से संक्रमित कोई नया पोजिटिव केस नहीं मिला। उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी कोरोना रिपोर्ट के अनुसार बताया कि अब जिला में कोरोना वायरस के पोजिटिव मामलों का कुल आंकड़ा 60371 हो गया।

उपायुक्त ने कहा कि जिला में कोरोना से मरने वाले मरीजों की संख्या 278 हो गई है। अब तक जिला में 60 हजार 085 कोरोना मरीजों को ठीक होने के उपरांत डिस्चार्ज किया गया है। उपायुक्त ने कहा कि जिला में अब कोरोना को कोई भी एक्टिव केस मौजूद नहीं है। जिला उपायुक्त ललित सिवाच ने जिलावासियों से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग अपना टीकाकरण जरूर करवाए व पहले की तरह सतर्कता बरतते हुए प्रशासन द्वारा जारी सभी दिशा निर्देशों की पालना अवश्य करे।

## संक्षिप्त समाचार

### योग सहायकों ने विद्यार्थियों को दिया योग प्रशिक्षण



योग प्रशिक्षण में भाग लेते स्कूली विद्यार्थी।

**सोनीपत।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. सतपाल के निर्देशन में जिला में गांवों, शहरों तथा शिक्षण संस्थानों में आयुष विभाग के योग सहायकों द्वारा योग प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी कड़ी में जीएडी राजलूगढ़ी में कार्यरत एएमओ डॉ. बलविंद्र सिंह के नेतृत्व में योग सहायक अनिल कुमार, धीरज कुमार तथा मीनाक्षी ने विभिन्न स्कूलों में विद्यार्थियों को योग प्रशिक्षण दिया। इस दौरान योग सहायकों ने विद्यार्थियों को प्राणायाम और खड़े होकर, बैठकर एवं लेटकर किए जाने वाले आसनों का अभ्यास करवाया। साथ ही उन्होंने ताड़ासन, वक्रासन, भुजंगासन, कपालभांति, अनुलोम-विलोम का अभ्यास करवाते हुए उनसे होने वाले फायदों के बारे में विद्यार्थियों को अवगत करवाया। योग सहायकों ने कहा कि योगाभ्यास शरीर, मन, विचार एवं कर्म के बीच सामंजस्य स्थापित करता है। योग केवल व्यायाम नहीं है बल्कि स्वयं के साथ विश्व और प्रकृति के साथ एकत्व खोजने का भाव है।

### पुलिस ने किसान नेताओं को रात भर रखा थाने में



**कैथल।** दिल्ली में पहलवानों के समर्थन में होने वाली महिला महापंचायत में हिस्सा लेने का ऐलान करने के बाद पुलिस ने कई किसान नेताओं को रात भर थाना में रखा और दोपहर को उन्हें छोड़ दिया। शनिवार देर रात भाकियू के जिला प्रधान महाबीर चहल नरड़ और नरेंद्र माघो माजरी और अन्य किसान नेताओं को पुलिस पकड़कर थाने ले गई। रविवार दोपहर बाद जिला प्रधान महाबीर चहल नरड़ और नरेंद्र माघो माजरी आदि को छोड़ा गया। सुबह कई किसान नेता उनसे मिलने के लिए पहुंचे, लेकिन पुलिस ने उन्हें मिलने नहीं दिया।

### रोडवेज कर्मी आज महाप्रबंधक को देंगे ज्ञापन



**कैथल।** डिपो प्रधान महावीर संधु ने कहा कि साझा मोर्चा के आह्वान पर 29 मई को हरियाणा राज्य परिवहन कैथल डिपो के महाप्रबंधक के माध्यम से हरियाणा सरकार के नाम ज्ञापन दिया जाएगा। ज्ञापन में कर्मचारियों के नाजायज तबादले का विरोध व परिवहन मंत्री द्वारा मीटिंग में मांगी गई बातों को लागू करने बारे, महानिदेशक व एसीएस के अड़ियल रिवैये का विरोध किया जाएगा। हरियाणा राज्य परिवहन कैथल डिपो के सभी पदाधिकारी व सभी कर्मचारी ज्ञापन देने के प्रोग्राम में बढ़-चढ़कर लेंगे।

### कबीरदास जयंती के कार्यक्रम में राज्यपाल होंगे मुख्यातिथि : मेहरा

**सोनीपत।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता व झज्जर विधानसभा के पूर्व उम्मीदवार डॉ. राकेश मेहरा ने कहा कि 06 जून को कबीरदास जयंती के उपलक्ष में होने वाले जिलास्तरीय कार्यक्रम में हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे।

यह कार्यक्रम जीवीएम गर्ल्स कॉलेज में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर रविवार को रेलवे रोड स्थित पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में डॉ. राकेश मेहरा ने कबीर समाज के लोगों की बैठक ली और उन्हें उचित दिशा-निर्देश दिए। डॉ. मेहरा ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में हरियाणा सरकार हमारे सभी ऋषि मुनियों की जंयती को बड़ी धूमधाम से पूरे प्रदेश में मनाती है, जिससे लोगों को उनके जीवन में बारे में पता चलता है।

# कर्ण राज सिंह तूर भाजपा किसान मोर्चा के कैथल जिला प्रभारी नियुक्त

पायनियर समाचार सेवा। शाहाबाद मारकंडा



**भारतीय** जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता कर्ण राज सिंह तूर को भाजपा किसान मोर्चा का कैथल का जिला प्रभारी नियुक्त किया गया है। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सुखविंद्र श्योराण ने कर्ण राज सिंह तूर को कैथल जिला प्रभारी का नियुक्ति पत्र सौंपा।

बातचीत के दौरान कर्ण राज सिंह तूर ने बताया कि वह भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ एवं किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सुखविंद्र श्योराण का आभार व्यक्त करते हैं। जिन्होंने उन पर अटूट विश्वास जताते हुए उन्हें एक बार पुनः किसान मोर्चा का जिला प्रभारी नियुक्त किया। उन्होंने कहा कि वह किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सुखविंद्र श्योराण एवं पार्टी के विश्वास पर खरा उतरने का भरसक प्रयास करेंगे। जैसे उन्होंने पूर्व में सच्ची निष्ठा एवं आस्था से एक समर्पित कार्यकर्ता के रूप में भारतीय जनता पार्टी के लिए काम किया है, आगे भी इसमें कोई कमी नहीं आने देंगे। कर्ण राज सिंह तूर को भाजपा किसान मोर्चा का जिला प्रभारी नियुक्त करने पर मुख्यमंत्री के राजनीतिक सचिव कृष्ण बेदी, भाजपा मंडल अध्यक्ष मुलख राज गुंबर, गौरव बेदी, अरुण कंसल, राजेश चावला, राज सतीजा, बीबी करतार कौर, जितेंद्र धुराला, सर्वजीत कलसानी आदि ने प्रसन्नता व्यक्त की।

# जींद रैली के लिए भिवानी से हजारों कर्मचारियों ने किया कूच

पायनियर समाचार सेवा। भिवानी

**सर्व** कर्मचारी संघ की आज जींद रैली के लिए विभिन्न विभागों के कर्मचारियों ने जिला भिवानी के विभिन्न खंडों व जिला मुख्यालय से बसों व अन्य छोटे वाहनों में इकट्ठे होकर हजारों की संख्या में नारेबाजी करते हुए जींद रैली के लिए प्रस्थान किया। सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान ने बताया कि कर्मचारी पिछले लगभग 1 माह से जींद रैली के लिए तैयारियों में लगे हुए हैं।



हरियाणा के हर विभाग के सभी कच्चे और पक्के कर्मचारी मिलकर सर्व कर्मचारी संघ के बैनर तले हरियाणा सरकार की जनविरोधी एवं कर्मचारी विरोधी नीतियों के विरुद्ध एक बड़े आंदोलन का आगाज कर रहे हैं। मुख्य रूप से सभी विभागों में लगे हुए कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने, पुरानी पेंशन योजना बहाल करने, निजीकरण पर रोक लगाने, शिक्षा व स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार करने, विभागों से निकाले गए कर्मियों को समायोजित करने, स्कूलों एवं शिक्षा को सिकोड़ने वाली वाली नई शिक्षा नीति व चिराग योजना को वापिस लेने ,विभागों में पड़े खाली पदों पर नियमित भर्ती करने, रोजगार कौशल निगम को भंग कर स्थाई रोजगार प्रदान करने जैसे सांझे मांग मुद्दों के लिए समस्त हरियाणा का कर्मचारी इस रैली के लिए उत्साहित है और यदि इस चेतावनी रैली के बाद भी सरकार कर्मचारियों के मुद्दों पर उदासीन रहती है तो इस से भी बड़े आंदोलन की घोषणा आज जींद की सर्व कर्मचारी संघ की रैली में की जाएगी।

# क्रॉम्पटन की हाई-फ्लो मैक्स टेक्नोलॉजी से लैस वाटर पंप लॉन्च

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**गुणवत्ता,** विश्वसनीयता और नवाचार के मूलभूत सिद्धांतों के साथ प्रसिद्ध ब्रैंड, क्रॉम्प्टन ग्रीव्स कंज्यूमर इलेक्ट्रिकल्स ने अनूठी हाई फ्लो मैक्स टेक्नोलॉजी से लैस मिनी मास्टर प्लस पंप लॉन्च किया। इस फ्लैगशिप उत्पाद में कई तरह की नई विशेषतायें हैं और यह पंप पानी पम्प करने की प्रक्रिया को तेज करता है, जिससे पानी की टंकी आधे से कम समय में भर जाती है।

आजकल विशेष रूप से बहुमंजिले बंगलों में रहने वाले लोगों को पानी टंकी भरने में काफी समय लगता है जिससे उन्हें बहुत असुविधा होती है। इसे ध्यान में रखते हुए, क्रॉम्प्टन ने अपने महत्वपूर्ण मिनी मास्टर प्लस पंप के साथ पानी टंकी की तेज भराई को एक नए स्तर पर पहुंचाया है। तकनीकी रूप से बेहतर पंपों की विस्तृत रेंज कम लागत, ज्यादा टिकाऊपन और कार्यप्रदर्शन, पैसों के महत्व और ऊर्जा की कम खपत सहित अधिक लाभ प्रदान करते हैं। क्रॉम्प्टन का मिनी मास्टर प्लस पंप वॉल्यूट केसिंग और अडेप्टर जैसे महत्वपूर्ण पुर्जों पर स्टेनलेस स्टील की शीट जैसी उन्नत खूबियों से लैस है, जो इसे जंग-रोधी बनाते है और इनके संचालन में कोई परेशानी नहीं होती है।

इससे पंप के जाम होने या खराब होने जैसी कोई समस्या नहीं होती है और पानी का सुचारू प्रवाह सुनिश्चित होता है। 24 महीनों की दोगुनी वारंटी इस उत्पाद द्वारा कार्यप्रदर्शन की गुणवत्ता को बल मिलता है। प्रॉडक्ट के बारे में क्रॉम्प्टन ग्रीव्स कंज्यूमर इलेक्ट्रिकल्स के वाइस प्रेसिडेंट और बिजनेस हेड, रजत चोपड़ा ने कहा कि क्रॉम्प्टन ने उपभोक्ताओं को लगातार नए-नए प्रॉडक्ट्स दिए हैं, जो यूजर्स की जीवन में विशेष महत्व रखते हैं। प्रॉडक्ट नई महत्वपूर्ण सीरीज लंबे समय तक चलने वाले गुणवत्तायुक्त और आधुनिक फीचर्स से लैस है। हमारा प्रयास पंप को भरने में लगने वाले समय और मेहनत में कटौती करना और उपभोक्ताओं के अनुभव की गुणवत्ता में बढ़ोतरी करना है।

भाजपा जिला कोर कमेटी की हुई बैठक

# महा संपर्क अभियान के लिए विस्तृत चर्चा हुई यह शब्द कहे भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश सपरा ने

पायनियर समाचार सेवा। यमुनानगर

**भाजपा** जिलाध्यक्ष राजेश सपरा ने जानकारी देते हुए बताया कि केन्द्र में पीएम नरेंद्र मोदी भाजपा सरकार के 9 वर्ष पूरे होने पर जिला यमुनानगर में महा सम्पर्क अभियान चलाया जाएगा उसी की तैयारियों को लेकर आज भाजपा जिला कार्यालय यमुना कमल हुड्डा जगाधरी में भाजपा जिला कोर कमेटी की बैठक हुई।


भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश सपरा ने बताया कि महा सम्पर्क अभियान के तहत पूरे जिला यमुनानगर में भाजपा व उसके विभिन्न मोर्चा व प्रकोष्ठ भाजपा सरकार के लाभार्थियों से सम्पर्क करेंगे, व्यापारियों, महिलाओं, युवाओं के सम्मेलन आयोजित किये जायेगें, भाजपा सरकार की उपलब्धियों पर प्रर्दशनी लगाई जाएगी, यह अभियान भाजपा बूथ स्तर से आगे पन्ना प्रमुख के जरिए हर घर तक महा सम्पर्क करेंगी व आमजनों को भाजपा सरकार व भाजपा संगठन की योजनाओं से अवगत कराएंगे। उन्होंने बताया कि 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस, 23 जून को स्वर्गीय श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि व 25 जून को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को लेकर विभिन्न भाजपा मोर्चा व प्रकोष्ठों की ड्यूटियां लगाई गई है, यह महा सम्पर्क अभियान एक साथ भाजपा व उसके सहयोगी सभी मोर्चे 30 मई से 30 जून तक चलाएंगे। स्कूल शिक्षा मंत्री कंवरपाल ने कोर कमेटी की बैठक में कहा कि केंद्र की पीएम नरेंद्र मोदी भाजपा सरकार व हरियाणा की मनोहर सरकार की उपलब्धियों व नीतियों से जनता को अवगत कराना अति आवश्यक है। बूथ स्तर पर पन्ना प्रमुख बनाने के बाद हमें पन्ना समिति का गठन करना है व हर 15 दिन में बूथ प्रमुख को पन्ना प्रमुख व पन्ना समिति के साथ बैठकर विकास कार्यों पर चर्चा करनी है, जिला यमुनानगर में पिछले 9 वर्षों में केन्द्रीय सरकार व हरियाणा सरकार के सौजन्य से हजारों करोड़ रुपए के विकास कार्य मंजूर हो चुके हैं, पीएम मोदी हर गरीब, वंचित को उसका हक प्रदान कर रहे हैं, हमारे भाजपा कार्यकर्ता आमजन के साथ लगातार संपर्क बना कर रखें व उसके सुख दुख में शामिल हो, आम जनता के हितों से जुड़े सार्वजनिक कार्यों को आगे बढक़र करवाए।



इस दौरान भाजपा विधायक घनश्यामदास अरोड़ा, नगर निगम मेयर मदन चौहान, चेयरपर्सन रोजीमलिक आंनद, भाजपा प्रदेश सचिव ईश्वर पलाका, जिला महामंत्री सुरेंद्र बनकट, जिला महामंत्री कृष्ण सिंगला, प्रदेश सह प्रवक्ता भारत भूषण जुआल, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य देविंद्र चावला, पूर्व चेयरमैन रामनिवास गर्ग, जिला उपाध्यक्ष रामपाल सिंह, व्यावसायिक प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक सीताराम मित्तल, पूर्व चेयरमैन रामेश्वर चौहान आदि उपस्थित रहे।

# ढाई साल में बनी नई संसद, 60 हजार श्रमिकों को मिला रोजगार

एजेंसी। नई दिल्ली



**नए** संसद भवन का निर्माण क्षेत्रफल 64,500 वर्ग मीटर है। इसे बनाने में 60 हजार श्रमिकों को प्रत्यक्ष रोजगार मिला है। प्रबंधन से लेकर परियोजना से जुड़े मजदूरों तक 23 लाख से अधिक मानव दिवस का रोजगार सृजित हुआ। इसे ऐसे समझ सकते हैं कि एक व्यक्ति अगर संसद भवन बनाने लगता तो उसे 23 लाख दिन काम करना पड़ता यानी कि 6312 साल लग जाते है। लेकिन इसका निर्माण कार्य जो कि दिसंबर 2020 में शुरू हुआ था और करीब ढाई साल के समय में पूरा हो गया है। यह भी एक उपलब्धि है।

भारत की प्रगति और लोकतांत्रिक मूल्यों का प्रतिनिधित्व करने वाले नए संसद भवन के लिए एक विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचा तैयार करने में अहम योगदान देने वाले कारपेंटरों (कारीगरों) को स्किल इंडिया ने प्रमाणित किया है। इन्होंने नए संसद भवन का फर्नीचर ऐसे तैयार किया है कि लोकसभा में 888 और राज्यसभा में 384 सदस्यों के बैठने की व्यवस्था है। वहीं, संयुक्त सत्र के दौरान लोकसभा भवन में 1,272 सदस्यों के बैठने का इंतजाम है।

इनकी कार्य विधा को देखते हुए कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) के तत्वाधान में काम कर रहे फर्नीचर और फिटिंग स्किल काउंसिल (एफएफएससी) की ओर से एनडीएमसी अधिकार क्षेत्र और नरसी ग्रुप के सहयोग से आरपीएल मान्यता के तहत 910 कारपेंटरों को प्रशिक्षित और प्रमाणित करते हुए स्किल्ड वर्कर का डिप्लोमा सर्टिफिकेट दिया गया है। इसका उद्देश्य कारपेंटर के कौशल प्रशिक्षण को बढ़ाना और उन्हें प्रोत्साहित करना है।

नए संसद भवन में एक भव्य संविधान हॉल बनाया गया है, जिसमें भारत की प्राचीन संस्कृति, लोकतांत्रिक परंपराओं को प्रदर्शित किया गया है। साथ ही नए संसद भवन में सांसदों के लिए लाउंज, विभिन्न समितियों के लिए कक्ष, डाइनिंग एरिया और पर्याप्त पार्किंग की जगह की व्यवस्था की गई है। संगीत दीर्घा में स्वामी हरिदास, त्यागराजा के चित्र व वाद्य यंत्र, नवरस के भाव, शास्त्रीय नृत्य की वहीं, स्थापत्य दीर्घा में वृहदेश्वर मंदिर-तंजौर लेकर ओरोविल-पड्डुचेरी तक की झलक दिखाई गई है। जबकि शिल्प दीर्घा में पत्थर, धातु, लकड़ी से लेकर कपड़ों की शिल्पकारी की झलक देखने को मिल रही है।

### सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम, परिंदा भी नहीं मार पाएगा पर



**नए** संसद भवन में थर्मल इमेजिंग सिस्टम और फेस रिकग्निशन सिस्टम वाले कैमरे लगाए गए हैं। इनकी मदद से संदिग्ध गतिविधियों को रोकने में मदद मिलती है। अपडेट सीसीटीवी सिस्टम, 360 डिग्री पर काम करता है। खास बात है कि अगर कोई व्यक्ति कैमरे के घूमने की विपरित दिशा से संसद भवन परिसर में घुसने का प्रयास करता है तो भी वह पकड़ा जाएगा। सूत्रों का कहना है कि कोई भी हैकर, यहां के उपकरणों में सेंध नहीं लगा सकता। नए संसद भवन को फूलप्रूफ साइबर सिस्टम से लैस किया गया है। जिन विशेषज्ञों ने इस सिस्टम को तैयार किया है, उन्होंने इसे 'स्टेट ऑफ आर्ट' साइबर सिक्योरिटी का नाम दिया है।

### मायावती ने नए संसद भवन के उद्घाटन के लिए शुभकामनाएं दीं



**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने रविवार को नए संसद भवन के उद्घाटन की शुभकामना देते हुए अपेक्षा की कि इसका उपयोग पवित्र संविधान की नेक मंशा के हिसाब से देश एवं जनहित में हो तो यह उचित होगा। बसपा प्रमुख ने रविवार को ट्वीट कर कहा, नए संसद भवन के आज किए गए उद्घाटन के लिए केंद्र को शुभकामनाएं।

### राष्ट्रपति ने संसद भवन का उद्घाटन किए जाने का स्वागत किया



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा नए संसद भवन का उद्घाटन किए जाने का स्वागत किया और कहा कि यह पूरे देश के लिए गर्व तथा अपार हर्ष की बात है। राष्ट्रपति ने उद्घाटन के अवसर पर अपने संदेश में कहा कि नए संसद भवन का उद्घाटन देश के इतिहास में सुनहरे शब्दों में लिखा जाएगा। उन्होंने अपने संदेश में कहा, नए संसद भवन का उद्घाटन भारत के सभी लोगों के लिए गर्व और खुशी की बात है।

### उद्घाटन के चलते केंद्रीय सचिवालय और उद्योग भवन मेट्रो स्टेशन के द्वार बंद रहे



**नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो के केंद्रीय सचिवालय और उद्योग भवन स्टेशन के सभी प्रवेश व निकास द्वार रविवार को नए संसद भवन के उद्घाटन के मद्देनजर बंद कर दिए गए। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। नया संसद भवन केंद्रीय सचिवालय स्टेशन के पास स्थित है जो एलो लाइन और वायलेट लाइन पर आने वाला इंटरचेंज स्टेशन है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को बड़ी संख्या में गणमान्य व्यक्तियों और पुजारियों की उपस्थिति में नए संसद भवन का उद्घाटन किया। दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) ने सुबह करीब साढ़े आठ बजे ट्वीट किया, दिल्ली मेट्रो रेल पुलिस से मिले निर्देश के मुताबिक, केंद्रीय सचिवालय और उद्योग भवन स्टेशन के सभी प्रवेश व निकास द्वार यात्रियों की आवाजाही के लिए बंद कर दिए गए। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि इन दोनों स्टेशन के द्वार रविवार को मेट्रो सेवा शुरू होने के बाद से बंद हैं। हालांकि, केंद्रीय सचिवालय में इंटरचेंज यानी मेट्रो लाइन बदलने की सुविधा उपलब्ध है। अधिकारी ने कहा कि इन दोनों स्टेशन पर द्वार बंद होने के संबंध में सुबह से नियमित रूप से घोषणाएं की जा रही हैं। अशोक रोड के निकट पटेल चौक मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर तीन को भी बंद कर दिया गया था।

### शाहरुख-अक्षय ने नई संसद के वीडियो को दी आवाज

**उद्घाटन** से पहले प्रधानमंत्री ने पार्लियामेंट बिल्डिंग के वीडियो के लिए सभी से वॉयस ओवर देने की अपील की थी। इसके बाद शाहरुख खान, अक्षय कुमार और अनुपम खेर जैसे सेलिब्रिटीज ने इस वीडियो में अपनी आवाज दी। मोदी ने ट्वीट कर शाहरुख और अक्षय कुमार के वॉयस ओवर की तारीफ की। संसद भवन का वीडियो सोशल मीडिया पर काफी चर्चित है। लोग इसे बड़ी संख्या में देख रहे हैं।

### ऐसे साकार हुआ नई संसद का सपना

- रोजगार सृजित: 23,04,095 (मानव दिवस में)
- प्रत्यक्ष रोजगार: 60,000 (श्रमिक)
- निर्माण क्षेत्रफल: 64,500 (वर्ग मीटर)
- स्टील का इस्तेमाल: 26,045 (एमटी में)
- सीमेंट का इस्तेमाल : 63,807 (एमटी में)
- फ्लाई ऐश का इस्तेमाल: 9,689 (घन मीटर में)
- निर्माण शुरू: 2020 (दिसंबर में)
- उद्घाटन : 28 मई, 2023

## विपक्ष ने प्रधानमंत्री पर आत्ममुग्ध तानाशाह होने और राष्ट्रपति को दरकिनार करने का आरोप लगाया

**नई दिल्ली।** विपक्षी दलों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा संसद के नए भवन का उद्घाटन किए जाने के बाद रविवार को कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को इस ऐतिहासिक कार्यक्रम से दूर रखा गया जो भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के दलित, आदिवासी एवं पिछड़ा समुदाय विरोधी रुख को दिखाता है। कांग्रेस ने प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि एक ऐसे आत्ममुग्ध तानाशाह प्रधानमंत्री ने संसद के नए भवन का उद्घाटन किया है, जिन्हें संसदीय परंपराओं से नफरत है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह भी आरोप लगाया कि राष्ट्रपति पद पर आसीन होने वाली पहली आदिवासी द्रौपदी मुर्मू को उनके संवैधानिक कर्तव्य का निर्वहन नहीं करने दिया जा रहा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार सुबह नए संसद भवन का उद्घाटन किया। कांग्रेस के संगठन महासचिव के सी वेणुगोपाल ने ट्वीट किया, संसद के नए भवन के शिलान्यास कार्यक्रम से तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को दूर रखा गया। उद्घाटन समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को दरकिनार कर दिया गया। उन्होंने आरोप लगाया, यह आरएसएस की पिछड़ा समुदाय विरोधी और उच्च जाति वाली सोच है। यही वजह है कि रामनाथ कोविंद और द्रौपदी मुर्मू को वह सम्मान नहीं दिया गया जिसके वे सर्वोच्च संवैधानिक पद पर आसीन होने रूप में हकदार थे।

### राजद ने साझा की ताबूत और नए संसद भवन की तस्वीर

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने रविवार को नए संसद भवन की वास्तुकला की तुलना एक ताबूत से की, जिस पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में जनता राजद को ऐसे ही ताबूत में दफना देगी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संसद भवन का उद्घाटन करते ही बिहार में सत्तारूढ़ दल राजद ने एक ट्वीट किया जिसमें एक ताबूत और नए संसद भवन को अगल-बगल दिखाते हुए पूछा गया, यह क्या है? भाजपा की बिहार इकाई ने ट्वीट का जवाब देते हुए लिखा, पहली तस्वीर आपका भविष्य है और दूसरी भारत की है। समझे? भाजपा के राज्यसभा सदस्य और बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील मोदी ने ट्वीट के लिए राजद पर निशाना साधते हुए कहा कि इससे ओछा और शर्मनाक कुछ नहीं हो सकता। उन्होंने कहा, उन्होंने दो तस्वीरें ट्वीट की हैं, एक नई संसद की और दूसरी एक ताबूत की। नई संसद की तस्वीर भारत के भविष्य को दिखाती है। ताबूत की तस्वीर राजद के भविष्य को दिखाती है।

## संक्षिप्त समाचार

### माउंट एवरेस्ट पर पहुंचने वाले भारतीय मूल के पर्वतारोही का सुराग नहीं

**सिंगापुर।** खोज और बचाव दल 19 मई को माउंट एवरेस्ट की चोटी पर पहुंचने वाले भारतीय मूल के लापता पर्वतारोही का अपने सर्वोत्तम प्रयासों के बावजूद पता नहीं लगा पाया है। पर्वतारोही की पत्नी ने शनिवार को इंस्टाग्राम पोस्ट में यह जानकारी दी। प्रकाशित एक रिपोर्ट में लिखा कि विभिन्न पर्वतों की चोटियों पर पहुंचने पर ली गईं, अपने पति श्रीनिवास सैनी दत्तात्रेय की तस्वीरें साझा करते हुए 36 वर्षीय संगीतकार सुषमा सोमा ने कहा, वह 39 वर्ष के थे और उन्होंने अपना गौरवशाली व समृद्ध जीवन पूरी निडरता और सकारात्मकता से जिया। श्रीनिवास 19 मई को माउंट एवरेस्ट की चोटी पर पहुंचे थे। उन्होंने इसके बाद अपनी पत्नी को एक संदेश भेजा था, जिसमें उन्होंने बताया था कि वह एवरेस्ट की चोटी पर पहुंच गए हैं। उन्होंने बताया था कि उन्हें सेरेब्रल ओडेमा हुआ है और उनके वापस नीचे आने की संभावना नहीं है। सेरेब्रल ओडेमा ऊंचाई पर होने वाली एक बीमारी है, जो जानलेवा भी साबित हो सकती है।

### घायल एशियाई साइकिल चालकों में भारतीय प्रवासी भी

**दुबई।** कुवैत के अल खलीज अल अरबी मार्ग पर हिट एंड रन दुर्घटना में घायल हुए 15 एशियाई लोगों में प्रवासी भारतीय भी शामिल हैं। एक मीडिया रिपोर्ट में रविवार को यह जानकारी दी गई। एक रिपोर्ट के मुताबिक, दुर्घटना शुक्रवार को कुवैत शहर में उस वक्त हुई जब फिलिपिनो साइकिलिंग ग्रुप का एक दल खेल का अभ्यास करने के लिए इकट्ठा हुआ था और बाद में इस दल में भारतीय साइकिल चालक भी शामिल हुए, जैसे ही चालकों का दल मुख्य सड़क पर साइकिल चलाते हुए पहुंचा तभी एक वाहन उन्हें टक्कर मारते हुए वहां से निकल गया। रिपोर्ट में कहा गया है, अल खलीज अल अरबी मार्ग पर हुई दुर्घटना में एशियाई साइकिल चालकों के एक समूह को गंभीर चोटें आईं, इस दल में भारतीय प्रवासी भी शामिल थे जो मुख्य सड़क पर साइकिल चला रहे थे। वाहन चालक, साइकिल चालकों को टक्कर मारकर नीचे गिराने के बाद तुरंत फरार हो गया। पुलिस आरोपी चालक को पकड़ने के लिए सीसीटीवी फुटेज की पड़ताल कर रही है।

### स्टालिन ने की जापान में बुलेट ट्रेन की यात्रा

**चेन्नई।** जापान की आधिकारिक यात्रा पर गए तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने रविवार को बुलेट ट्रेन से राजधानी तोक्यो तक 500 किलोमीटर की यात्रा की और कहा कि भारत में भी इस तरह की ट्रेन सेवा शुरू होने से भारतीय नागरिकों को भी फायदा हो सकता है। उन्होंने ट्विटर पर अपनी यात्रा की कुछ तस्वीरें साझा की और लिखा ओसाका से तोक्यो तक बुलेट ट्रेन की यात्राअ ढाई घंटे से भी कम समय में लगभग 500 किमी की दूरी तय की। उन्होंने कहा कि भारत में भी ऐसी ही ट्रेन चलाई जानी चाहिए। स्टालिन ने कहा, गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों को इसका लाभ मिलेगा और उनकी यात्रा आसान होगी।

### रमेश डी. धानुका बने बंबई हाईकोर्ट मुख्य न्यायाधीश

**मुंबई।** न्यायमूर्ति रमेश डी. धानुका ने रविवार को बंबई उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली। वह 30 मई तक ही इस पद पर काबिज रहेंगे। मुख्य न्यायाधीश के रूप में उनका कार्यकाल चार दिन का ही है। मुख्य न्यायाधीश के रूप में सेवानिवृत्त होने की आयु 62 वर्ष है। महाराष्ट्र के राज्यपाल रमेश बैस ने यहां राजभवन में आयोजित एक शपथ ग्रहण समारोह में न्यायमूर्ति धानुका को पद की शपथ दिलाई। राजभवन की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, समारोह की शुरुआत और समापन पुलिस बैंड द्वारा बजाए गए राष्ट्रगान के साथ हुआ। राज्य विधान परिषद में विपक्ष के नेता अंबादास दानवे, मुंबई के संरक्षक मंत्री दीपक केसरकर, न्यायमूर्ति धानुका के परिवार के सदस्य, बंबई उच्च न्यायालय के न्यायाधीश, महाराष्ट्र राज्य मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) के. के. तातेड, महाधिवक्ता बीरेंद्र सराफ, पुलिस विभाग के महानिदेशक रजनीश सेठ और वरिष्ठ सरकारी अधिकारी इस समारोह में शामिल हुए।

## नेपाल के राष्ट्रपति ने 501 कैदियों को माफी दी



**काठमांडू।** नेपाल के राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने रविवार को उम्रकैद की सजा काट रहे थरुहाट नेता एवं नागरिक उन्मुक्ति पार्टी के प्रमुख रेशम चौधरी सहित 501 दोषियों को माफी दे दी।राष्ट्रपति कार्यालय के अनुसार, इससे पहले सुबह मंत्रिपरिषद की एक बैठक में 19 राजनीतिक कैदियों सहित 501 कैदियों को राष्ट्रपति क्षमादान के तहत रिहा करने की सिफारिश करने का फैसला किया गया था। चौधरी 2015 में कैलाली जिले के टिकापुर इलाके में थरुहाट आंदोलन से जुड़े एक दंगे के दौरान आठ पुलिसकर्मियों सहित नौ लोगों की हत्या करने के लिए आजीवन कारावास की सजा काट रहा है। पूर्व नौकरशाहों और नागरिक समाज के नेताओं ने सरकार के इस कदम पर चिंता व्यक्त की है।

### ओमान के सुल्तान दो दिवसीय दौरे पर ईरान पहुंचे

**तेहरान।** ओमान के सुल्तान ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी और अन्य शीर्ष अधिकारियों के साथ वार्ता के लिए रविवार को तेहरान पहुंचे। राजधानी के सादाबाद पैलेस में रईसी ने सुल्तान हैथम बिन तारिक अल सैद का आधिकारिक स्वागत किया। सुल्तान की यात्रा ईरानी राष्ट्रपति के आधिकारिक निमंत्रण के बाद हो रही है। यह उनकी पहली ईरान यात्रा है। सुल्तान हैथम ने एक बड़े प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया जिसमें रक्षा विभाग, विदेश विभाग और अर्थव्यवस्था एवं निवेश मामलों के मंत्री शामिल हैं।

## दृश्यम-2 सर्वश्रेष्ठ फिल्म, आलिया भट्ट तथा ऋतिक रोशन सर्वश्रेष्ठ कलाकार

एजेंसी। अबू धाबी

**आइफा अवार्ड्स 2023**

**अंतरराष्ट्रीय** भारतीय फिल्म अकादमी पुरस्कार (आइफा) में अजय देवगन अभिनीत फिल्म दृश्यम-2 ने सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार अपने नाम किया।

आलिया भट्ट और ऋतिक रोशन को क्रमश: सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री और सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार मिला। हिंदी फिल्मों का यह सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार समारोह हर साल किसी विदेशी स्थल पर आयोजित किया जाता है। इस साल इसे एतिहाद एरिना में आयोजित किया गया जो यास द्वीप पर यास बे वाटरफ्रंट का हिस्सा है।

फिल्म दृश्यम-2 इसी नाम की मलयालम फिल्म का रीमेक है। उसे सर्वश्रेष्ठ एडेप्टेड स्टोरी का पुरस्कार भी मिला। आलिया भट्ट ने इस साल पुरस्कार समारोह में शिरकत नहीं की। उन्हें संजय लीला भंसाली की फिल्म गंगूबाई काठियावाड़ी में उनकी अदाकारी के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार मिला। वहीं, रितिक रोशन को एक्शन-थ्रिलर फिल्म विक्रम वेध के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार मिला। किरदार निभाने का मौका देने के लिए निर्देशक जोड़ी पुष्कर और गायत्री का शुक्रिया अदा करते हुए रोशन ने कहा, मैं कई वर्षों से वेध को जी रहा हूं।

यह सब यहीं अबू धाबी में शुरू हुआ। मैंने वेध के किरदार की शूटिंग यहीं से शुरू की थी।

## जी-20 प्रतिनिधियों ने उत्तराखंड के मॉडल गांव ओणी का दौरा किया

एजेंसी। ऋषिकेश (उत्तराखंड)



**ऋषिकेश** के निकट नरेंद्रनगर में भ्रष्टाचार रोधी उपायों पर मंथन के लिए हुई जी-20 बैठक में हिस्सा लेने के बाद विभिन्न देशों के प्रतिनिधियों ने रविवार को मॉडल गांव ओणी का दौरा किया। अतिथियों ने यहां ग्रामीण परिवेश, उनके रहन-सहन और दिनचर्या को न केवल निकट से जाना बल्कि स्वयं भी उन्होंने हाथ चक्की, मथनी और ओखली में अपने हाथ आजमाए। विदेशी मेहमानों ने गांव में पौधारोपण भी किया।

नरेंद्र नगर में तीन दिवसीय जी-20 के भ्रष्टाचार रोधी कार्य समूह की बैठक के बाद ओणी गांव पहुंचे अतिथियों को मुख्य रूप से पांच स्थानों का भ्रमण कराया गया, जिनमें मॉडर्न आंगनवाड़ी केंद्र, मॉडर्न पंचायत घर, फॉरेस्ट वाचिंग टावर, ओपन जिम तथा म्यूजियम शामिल थे। ओणी गांव में स्थापित की गई जी-20 वाटिका में अतिथियों ने अमलसारी के पौधों का रोपण भी किया। गांव के भ्रमण के लिए अतिथियों को चार टीम में बांटा गया था और सभी टीम ने अलग-अलग समय में विभिन्न जगहों का भ्रमण कर ग्रामीण जीवन को जाना और समझा।

इस दौरान उत्साहित विदेशी मेहमानों ने स्थानीय महिलाओं के साथ हाथ से चलाई जाने वाली चक्की, दूध मथने वाली माथनी तथा ओखली में हाथ भी आजमाए। विभिन्न विभागीय अधिकारियों ने अतिथियों को ग्रामीणी जीवन के बारे में जानकारी दी।

ऋषिकेश से करीब 14 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ओणी में करीब 10 करोड़ रुपये की लागत से विकास कार्य किए गए हैं तथा उसे मॉडल गांव के रूप में विकसित करने के लिए सौंदईकरण के साथ ही उसके मकानों को पारंपरिक एपण कला तथा पारंपरिक वेशभूषा से जुड़ी चित्रकारी से जीवंत किया गया है।

### पाकिस्तान में 6.0 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के कई हिस्सों में रविवार सुबह 6.0 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप आया जिससे दहशत फैल गई और लोगों को अपने घरों से बाहर निकलने को मजबूर होना पड़ा। इस्लामाबाद स्थित राष्ट्रीय भूकंपीय निगरानी केंद्र के अनुसार भूकंप का केंद्र अफगानिस्तान और ताजिकिस्तान का सीमावर्ती क्षेत्र था और यह 223 किलोमीटर की गहराई में आया, जिसके चलते इसके विनाशकारी प्रभाव नहीं हुए। इस्लामाबाद, पेशावर, स्वात, हरिपुर, मलकंद, एबटाबाद, बाटग्राम, पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर, टेक्सलिया, पिंड दादान खान और देश के कई अन्य हिस्सों में भूकंप के झटके महसूस किए गए।

## दूरसंचार विभाग ने बिहार, झारखंड में 17,000 अतिरिक्त सिम रद्द किए


### नौ से अधिक कनेक्शन रखने वाले ग्राहकों के खिलाफ उठाया कदम

एजेंसी। पटना


**बिहार** और झारखंड में नौ से अधिक कनेक्शन रखने वाले ग्राहकों के 21,800 सिम कार्ड में से अब तक कुल 17,000 को अप्रैल और मई में निष्क्रिय कर दिया गया है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। दूरसंचार विभाग (डीओटी) ने 21,800 कनेक्शन में से लगभग 17,000 ऐसे मोबाइल नंबरों को निष्क्रिय कर दिया है।

डीओटी के मौजूदा दिशानिर्देशों के अनुसार, एक ग्राहक भारत में सभी दूरसंचार सेवा प्रदाताओं से अधिकतम कुल नौ मोबाइल कनेक्शन प्राप्त कर सकता है। जम्मू-कश्मीर, असम और उत्तर पूर्वी राज्यों में ग्राहकों के लिए यह सीमा छह है। विशेष महानिदेशक दूरसंचार, डीओटी (लाइसेंस सेवा क्षेत्र-एलएसए-बिहार) के कार्यालय में एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, अप्रैल और मई के महीने में टेलीकॉम सिम सब्सक्राइबर वेरिफिकेशन विश्लेषण के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड फेशियल रिकॉग्निशन पावर्ड सॉल्यूशन ने खुलासा किया कि बिहार और झारखंड में एक उपभोक्ता को अनुमति से अधिक नौ से ज्यादा कनेक्शन देकर कुल 21,800 मोबाइल कनेक्शन जारी किए गए। उन्होंने कहा, ऐसे करीब 17,000 नंबर के कनेक्शन काट दिए गए हैं। इस तरह के नंबरों की पहचान करने के लिए और विश्लेषण किया जा रहा है।

### एक उपभोक्ता को अनुमति से अधिक ज्यादा कनेक्शन देकर कुल 21,800 मोबाइल कनेक्शन जारी किए गए थे



### डीओटी ने अप्रैल-मई में सात करोड़ ग्राहकों का विश्लेषण किया



**झारखंड** भी डीओटी के एलएसए (बिहार) के अधिकार क्षेत्र में आता है। डीओटी ने अप्रैल और मई के महीने में बिहार और झारखंड के लगभग सात करोड़ ग्राहकों का फेशियल विश्लेषण किया और पाया कि 21,800 मोबाइल कनेक्शन स्वीकृत सीमा से अधिक जारी किए गए थे।

# नोएडा एक्सप्रेसवे चौड़ा होगा, ट्रैफिक की गति में आएगी तेजी

● नए सिरे से सर्वे करने का आदेश सीईओ ने दिया

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



**नोएडा** एक्सप्रेसवे को और चौड़ा करवाया जाएगा। इसके लिए नोएडा अथॉरिटी ने एक कंपनी को जिम्मेदारी सौंपी है। पहले दौर का सर्वे किया जा चुका है।

हालांकि, सर्वे रिपोर्ट मुख्य कार्यपालक अधिकारी ऋतु महेश्वरी ने खारिज कर दी है। नए सिरे से सर्वे करने का आदेश सीईओ ने दिया है। यह काम कर रही कंपनी को वीडियो रिपोर्ट बनाकर प्रजेंटेशन देना होगा। नोएडा और ग्रेटर नोएडा के बीच करीब 30 किलोमीटर लंबा एक्सप्रेसवे हैं। दोनों शहरों के बीच इस मार्ग से रोजाना लाखों लोग आवागमन करते हैं। ग्रेटर नोएडा और आगरा के बीच 165 किलोमीटर लंबा यमुना एक्सप्रेसवे शुरू होने के बाद नोएडा एक्सप्रेसवे पर वाहनों की संख्या बढ़ी है। नोएडा शहर में महामाया फ्लाईओवर से गौतम बुद्ध द्वार तक एक्सप्रेसवे की राह में कई अड़चन हैं। दलित प्रेरणा स्थल की दीवारों ने एक्सप्रेसवे को संकुचित कर दिया है। महामाया फ्लाईओवर से लेकर फिल्म सिटी और चिल्ला बॉर्डर तक हर वक्त ट्रैफिक धीमा रहता है। सुबह और शाम ट्रैफिक जाम लग जाता है। जिसमें रोजाना हजारों वाहन फंसते हैं। अब नोएडा अथॉरिटी ने महामाया फ्लाईओवर से लेकर सेक्टर.14ए के पास गौतम बुद्ध द्वार तक एक्सप्रेसवे को चौड़ा करने का निर्णय लिया है।

एक्सप्रेसवे की चौड़ाई किस तरह बढ़ायी जाएए यह पता लगाने की जिम्मेदारी एक कंपनी को सौंपी गई है। कंपनी ने पिछले 15 दिन महामाया फ्लाईओवर से लेकर गौतम बुद्ध द्वार तक इस सड़क का सर्वे किया। ट्रैफिक के दबाव का आंकलन किया गया। शुक्रवार को यह रिपोर्ट सीईओ रितु महेश्वरी के सामने पेश की गई। ऋतु माहेश्वरी ने सर्वे पर कई आपत्तियां दर्ज करवाई हैं। अब इन आपत्तियों का समाधान कम्पनी को करना है। ऋतु माहेश्वरी ने सर्वे रिपोर्ट के साथ वीडियो रिपोर्ट भी बनाने का निर्देश दिया है। अब स्टैटिक कैमरों और ड्रोन के जरिए वीडियो सर्वे करवाया जाएगा। आपको बता दें कि नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे छह लेन का एक्सप्रेसवे है, जो नोएडा और ग्रेटर नोएडा को जोड़ता है। इस एक्सप्रेसवे का विस्तार ताज इकोनॉमिक जोन, इंटरनेशनल एयरपोर्ट और यमुना एक्सप्रेसवे के साथ बनाए जाने वाले एविएशन हब तक किया जा रहा है। एक्सप्रेसवे 24.53 किलोमीटर लंबा है, जिसे पुराने दिल्ली-आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग को राहत देने के लिए 400 करोड़ रुपये की लागत से बनाया गया था। दरअसल, नेशनल हाइवे पहले से ही भीड़भाड़ वाला था। यह फरीदाबाद, बल्लभगढ़ और पलवल जैसे शहरों के बीच से होकर गुजरता था। नोएडा.ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे देश के शुरूआती एक्सप्रेसवे में से एक है।

यह नोएडा में महामाया फ्लाईओवर और ग्रेटर नोएडा में परी चौक को जोड़ता है। नोएडा में दिल्ली की ओर डीएनडी फ्लाईवे और चिल्ला बॉर्डर तक जाता है। नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे का निर्माण वर्ष 2002 में पूरा हुआ था। तब से एक्सप्रेसवे का पुनर्निर्माण नहीं करवाया गया। हाल ही में एक्सप्रेसवे की रि-सरफेसिंग का काम पूरा हुआ है। नोएडा की सीईओ ऋतु माहेश्वरी ने करीब डेढ़ साल पहले रि-सरफेसिंग का काम शुरू करवाया था। आपको बता दें कि तत्कालीन मुख्यमंत्री मायावती ने जुलाई 2002 में इसकी शुरुआत की थी। हालांकि, एक्सप्रेसवे की नींव मायावती के पूर्ववर्ती मुख्यमंत्री राजनाथ सिंह ने रखी थी। इसे रक्षामंत्री राजनाथ सिंह की परिकल्पना माना जाता है।

## दिल्ली जाने वाले वाहनों को मिलेगी राहत

**नोएडा** से दिल्ली जाने वाले लाखों लोगों को आश्रम फ्लाईओवर से बड़ी राहत मिलेगी। हालांकि फ्लाईओवर के एक हिस्से के ऊपर हाईटेंशन बिजली की लाइन आ रही थी, जिस कारण इसका एक रूप अभी तक चालू नहीं हो पाया है। हाईटेंशन लाइनों को यूनीपोल पर शिफ्ट किया जाना था, जो अब बनकर तैयार हो गए हैं और इन पर बिजली के तार भी लगा दिए गए हैं। फ्लाईओवर के दोनों ओर लगाए गए दो यूनिपोल की मदद से तारों को ऊपर उठा दिया गया है जोकि फ्लाईओवर से काफी ऊंचाई पर हैं। पीडब्ल्यूडी अधिकारी ने बताया कि कम ऊंचाई पर लटक रहे हाईटेंशन तारों को हटाकर बिजली के हाइड्रो पोल का कनेक्शन दोनों यूनिपोल के बीच में लगाए गए नए हाईटेंशन तारों में दे दिया गया है।

# पिता-पुत्र ने आर्थिक तंगी के चलते की आत्महत्या

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**गौमबुद्ध** नगर के नोएडा में एक सोसाइटी में रहने वाले पिता-पुत्र ने आर्थिक तंगी और बीमारी के चलते ज्यादा मात्रा में दवाइयां खाकर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली है। पुलिस ने रविवार को बताया कि यह घटना थाना सेक्टर-113 क्षेत्र के सेक्टर -77 स्थित इलाइट होम सोसाइटी की है।

सहायक पुलिस आयुक्त सौम्या सिंह ने बताया कि सेक्टर 77 स्थिति इलाइट होम सोसायटी में रहने वाले 23 वर्षीय शुभांशु जैन और उसके 54 वर्षीय पिता राहुल जैन पुत्र विनोद जैन ने अत्यधिक मात्रा में दवाइयां खाकर आत्महत्या कर ली है।

उन्होंने बताया कि घर में राहुल जैन के पिता विनोद जैन भी रहते हैं। घर में परिवार की कोई महिला सदस्य नहीं रहती थी। विनोद जैन ने पूछताछ के दौरान पुलिस को बताया कि शुभांशु और राहुल शुगर और रक्तचाप सहित कई बीमारियों से ग्रसित थे। उन्होंने कहा कि गाजियाबाद स्थित अपनी कुछ संपत्ति बेचकर दोनों ने एक बिल्डर के यहां पैसे जमा किए थे, लेकिन बिल्डर के वादे के अनुसार उन्हें रिटर्न नहीं मिल रहा था जिसके कारण दोनों परेशान थे।

### मीडियाकर्मी ने लोहे की हुक से फांसी का फंदा लगाया

**नोएडा।** थाना बिसरख क्षेत्र के चिपयाना खुर्द में रहने वाले एक मीडिया कर्मी ने कथित रूप से पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। थाना बिसरख के प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार सिंह ने बताया कि विक्की कुमार मूल रूप से जनपद वैशाली (बिहार) का रहने वाला था और नोएडा में एक समाचार पत्र में काम करता था। अधिकारी ने बताया कि विक्की अपने मामा के घर पर रहता था।

# छापेमारी में लाखों की नकली दवाई जब्त

● हिमाचल व उत्तराखंड से एनसीआर में सप्लाई होती थी मेडिसिन

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

**मोदीनगर** की गोविन्दपुरी कॉलोनी में पुलिस व औषधि विभाग की टीम ने छापेमारी करके 50 लाख रुपये की कीमत से अधिक की नकली दवाईयां बरामद की है। हिमाचल व उत्तराखंड से नकली दवाईयां लाकर एनसीआर में सप्लाई की जाती थी।

पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जबकि मुख्य आरोपी फरार चल रहा है। इसके अलावा दो मेड़िकल स्टोर भी सील किए हैं। जिला औषधि निरीक्षक अनुरोध कुमार ने बताया कि एक सन फर्मा कंपनी के अधिकारियों ने सूचना दी कि मोदीनगर में नकली दवाईयां की सप्लाई एनसीआर में की जा रही है। जानकारी मिलने के बाद एक टीम तैयार की गई। उन्होंने बताया कि शुक्रवार देर रात मोदीनगर पुलिस के साथ मिलकर गोविन्दपुरी की मानवतापुरी कॉलोनी में एक मकान पर छापा मारकर नकली दवाईयों का जखीरा बदामद किया है।

बताया जा रहा है कि जो दवाईयां बरामद की गई, उनकी कीमत बाजार में 50 लाख रुपये से अधिक की है। नकली दवाईयां मिलने के बाद मोदीनगर के मेडिकल स्टोर संचालकों में हड़कंप मचा हुआ है।

प्रथम जांच में सामने आया है कि इन दवाईयों की मैन्यूफैक्करिंग हिमाचल और उत्तराखंड में होने की संभावना है। औषधि निरीक्षक आशुतोष मिश्रा ने बताया कि विभाग को एक निजी कंपनी के अधिकारियों ने लिखित में सूचना दी कि मोदीनगर में हमारी कंपनी के नाम से नकली दवाईयां बेची जा रही हैं। इसके बाद उक्त स्थान पर छापेमारी की कार्रवाई की गई तो पूरा मामला खुल गया। उन्होंने बताया कि बरामद दवाईयों में से दस सैंपल जांच के लिए लैब भेज गए हैं। बरामद दवाईयों में ब्लड प्रेशर, कोलेस्ट्रॉल, मधुमेह, कैशिल्यम, इंफेक्शन, दर्द निवारक और हृदयरोग से जुड़ी है।



"औषधि विभाग की सूचना पर गोविन्दपुरी कॉलोनी में छापेमारी करके नकली दवाईयों का जखीरा पकड़ा है। 50 लाख से अधिक कीमत की दवाईयां पकडी गई हैं। पिता पुत्र इस गोरखे धंधे को चला रहे थे। पिता रुपचंद्र निवासी छोटी मार्केट गोविन्दपुरी कॉलोनी को गिरफ्तार किया है। मुख्य आरोपी पुत्र रवि कुमार की तलाश में पुलिस की पांच टीमों का गठन किया गया है।"

**-रवि कुमार, डीसीपी ग्रामीण गाजियाबाद**

# बहन के साथ मिलकर महिला ने पति का गला घोंटा

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



**मुरादनगर** थाना क्षेत्र के गांव जलालाबाद में रिश्तों को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। महिला ने अपनी बहन के साथ मिलकर अपने पति की दुपट्टे से गला घोटकर हत्या कर दी।

शव को दस घंटे तक छुपाए रखा। देर रात पुलिस को आत्महत्या करने की सूचना दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर पत्नी व साली को हिरासत में ले लिया है। गांव जलालाबाद निवासी बॉबी पुत्र राजपाल अपनी पत्नी व तीन बच्चों के साथ रहता था।

वह मजदूरी करके परिवार का लालन पालन करता था। थाना प्रभारी ने बताया कि शनिवार रात को सूचना मिली कि बॉबी पुत्र राजपाल ने आत्महत्या कर ली है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने जब शव देखा तो कुछ शक हुआ।

शव बेड पर पड़ा हुआ था। पुलिस ने जब पत्नी से सख्ती से पूछताछ की तो उसने सब कुछ उगल दिया। एसीपी निमिष पाटिल ने बताया कि पत्नी व उसकी बहन को हिरासत में ले लिया गया है। पूछताछ के बाद ही हत्या के कारण का पता चल पाएगा। बताया जा रहा है कि गृह कलेश के चलते हत्या हुई है। पुलिस कई पहलुओं को ध्यान में रखकर हत्या की जांच की जा रही है।

### मुकेश हत्याकांडः वीके सिंह ने पीड़ित परिजनों से की मुलाकात

गाजियाबाद। मुरादनगर में रेलवे रोड पुलिस चौकी के सामने दुकान में घुसकर की गई व्यापारी मुकेश गोयल की हत्या के मामले में पुलिस पांच दिन बाद भी बदमाशों को पकड़ नहीं पाई है। केन्द्रीय राज्यमंत्री व सांसद वीके सिंह मृतक के आवास पर पहुंचे और पीड़ित परिवार को सांत्वना दी। उन्होंने जल्द हत्याकांड के खुलासे के लिए पुलिस कमिशनर से बात करने को कहा है। बता दें कि रेलवे रोड पर पुलिस चौकी के सामने 23 मई की सुबह सवा नौ बजे दुकान में घुसकर दो बदमाशों ने गोली मारकर व्यापारी मुकेश गोयल की हत्या कर दी थी।

# महिला ने प्रेमी संग मिलकर की थी पति की हत्या

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

● जीजा के भाई से थे संबंध

खोड़ा इलाके में महिला ने प्रेमी संग मिलकर अपने पति की गला दबाकर हत्या कर दी। सबको ये बता दिया कि पति की मौत जमीन पर गिरने से हुई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला दबाकर हत्या करने की बात सामने आई तो पुलिस को शक हुआ। जांच-पड़ताल में प्रेम संबंधों की बात पता चली। आखिरकार महिला को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि उसके प्रेमी की तलाश जारी है। अरुण कुमार मूल रूप से बिहार में नवादा जिले का रहने वाला था। वो पत्नी गुड़िया के साथ गाजियाबाद के खोड़ा थाना क्षेत्र स्थित भारत नगर में किराए के मकान में रहता था। दो बच्चे बिहार में रहकर ही पढ़ाई कर रहे थे। 15 मई की रात अरुण कुमार की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। अगली सुबह गुड़िया ने सबको ये बताया कि अरुण रात में पानी की मोटर चला रहा था, अचानक जमीन पर गिरा और मौत हो गई। किसी को ये बात हजम नहीं हुई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। 18 मई को पोस्टमार्टम की रिपोर्ट। इसमें पता चला कि गला दबाने से मौत हुई है। घर में उस वक्त गुड़िया और उसका पति थे, ऐसे में पुलिस का शक गहरा गया। इधर, गुड़िया घर बंद करके लापता हो गई। पुलिस ने उसको कई दफा फोन करके बुलाया, लेकिन वो नहीं आई। ऐसे में पुलिस का शक बढ़ता चला गया। स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया, गुड़िया को शनिवार को दिल्ली-मुरादाबाद हाईवे से कस्टडी में लिया गया। गुड़िया ने बताया कि जीजा के भाई राजेश से उसके छह-सात साल से प्रेम संबंध हैं। ये बात कुछ दिन पहले ही पति अरुण को पता चल चुकी थी।

## संक्षिप्त समाचार



दो लोगों को गाड़ी से कुचलकर घायल करने वाला आरोपी गिरफ्त में।

### दो दिवसीय संत समागम

**नोएडा।** प्रशांत अद्वैत फाउंडेशन के संस्थापक और पूर्व सिविल सेवा अधिकारी आचार्य प्रशान्त ने कहा कि कि जीवन में करने योग्य एक ही काम है, अपनी मुक्ति और जगत का कल्याण। अपनी मुक्ति के लिए आत्मज्ञान जरूरी है। उसके लिए हमें उपनिषदों के पास आने होगा। सामान्यजन के लिए उपनिषदों का व्यवहारिक ज्ञान हमें संतवाणी से ही मिल सकता है। नॉलेज पार्क दो में स्थित जीएन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट में आयोजित दो दिवसीय संत समागम में बोलते हुए आचार्य प्रशान्त ने कहा कि सभी ज्ञानी, संत हमें बता गए हैं और ग्रंथों में भी लिखा हुआ है कि सभी दर्दो की वजह आत्मा से दूरी ही है। हम अपने को नहीं पहचानते बाहरी जगत को ही हम सच मानने लगते हैं, यही दुख का कारण है। उन्होंने कहा कि व्यक्ति का सर्वोच्च कर्तव्य मुक्ति है इसके लिए जूझना पड़ता है। मेहनत करनी पड़ती है, वह हम करना नहीं चाहते हमारे पास अहम के बचाव के बहाने बहुत हैं।

### रैली निकालकर किया अभिभावकों को जागरूक

**गाजियाबाद।** जिले में पल्स पोलियो अभियान चलाया जाएगा जिसमें पांच वर्ष तक के बच्चों को बूथ दिवस पर पोलियो खुराक पिलाई जाएगी। अभिभावक अपने बच्चों को पोलियो खुराक पिलाएं, इसके लिए आज जिला अस्पताल से पल्स पोलियो रैली निकाली गई। बारिश के बावजूद भी रैली अस्पताल से शुरू कर घंटाघर रामलीला मैदान तक निकाली गई जिसका शुभारंभ सीएमओ डॉ भवतोष शंखधर ने हरी झंडी दिखाकर किया। इस दौरान उन्होंने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि अपने बच्चों को अभियान के दौरान पोलियो की खुराक अवश्य पिलाएं। सीएमओ ने बताया कि 29 मई से डोर टू डोर अभियान चलाया जाएगा। रैली के माध्यम से अभिभावकों को पोलियो खुराक पिलाए जाने का महत्व बताया गया। रैली में जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ नीरज सिंह, डॉ चरण सिंह, नरेन्द्र सिंह, अशोक चांदीवाल सहित अन्य कर्मचारी व एनसीसी के कैडेट व पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

### जून माह से शुरू हो जाएगा नोएडा का डॉग पार्क

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी रितु माहेश्वरी ने बताया कि डॉग पार्क को 1 जून से शुरू करने के निर्देश उद्यान विभाग को दिए गए हैं। जरूरी सुविधाओं के साथ पार्क शुरू किया जाएगा। नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि डॉग पार्क में कुत्तों के लिए नहाने, खानपान से लेकर ट्रेनिंग तक की सुविधा होगी।

### साइबर सुरक्षा जागरूकता को लेकर कार्यशाला

**गाजियाबाद।** दिल्ली मेरठ मार्ग पर शनिवार को 35 यूपी वाहिनी एनसीसी मोदीनगर ने साइबर सुरक्षा जागरूकता को लेकर एक कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला में एनसीसी के अधिकारियों ने कैडेट्स को साइबर सुरक्षा से संबंधित कानूनों की जानकारी दी। कार्यशाला का शुभारंभ एनसीसी के कमान अधिकारी कर्नल संदीप शर्मा ने किया। सीओ कर्नल संदीप शर्मा ने अपने संबोधन में एन सी सी कैडेट्स को बताया कि किसी की निजी जानकारी को प्राप्त कर दूर बैठकर कंप्यूटर के माध्यम से उनका गलत इस्तेमाल करना साइबर अपराध की श्रेणी में आता है। जिसमें कि ऑनलाइन ठगी, फिशिंग, स्पेम ईमेल, रैनसमवेयर, पोर्न ग्राफी, ऑनलाइन ब्लैक मेल व अन्य किसी प्रकार के अपराध होते है। कर्नल शर्मा ने मोबाइल का प्रयोग करते समय विशेष सावधानियां बरतने, ऑनलाइन ट्रांजेक्शन करने के बाद पूरी तरह लॉग आउट करने, कोई भी क्लिक करते बहुत सावधान रहने, अपना पिन नंबर अपने वॉलेट में न रखने, पब्लिक वायफाई का इस्तेमाल करते समय अतिरिक्त सावधानी बरतने, ऑनलाइन घोटालों पर नजर रखने एवं वित्तीय लेन देन पर विशेष ध्यान देने के लिए प्रेरित किया।

# किसानों ने निकाली ट्रैक्टर रैली 32 दिनों से चल रहा है धरना

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**पहले** से तय कार्यक्रम के तहत सैकड़ों की संख्या में ट्रैक्टर ट्रॉली लेकर हजारों किसान रविवार को ग्रेटर नोएडा की सड़कों पर प्राधिकरण के विरुद्ध उतर गए।

किसानों ने बड़े अनुशासित तरीके से ग्रेटर नोएडा वेस्ट के एक मूर्ति गोल चक्कर और ग्रेटर नोएडा ईस्ट के सिरसा गोल चक्कर से जैतपुर गोल चक्कर पर एकत्रित होकर परी चौक से घुमाते हुए ट्रैक्टर रैली को प्राधिकरण के सामने आकर खत्म किया। ट्रैक्टर रैली में शामिल हजारों लोग धरना स्थल पर बड़ी महापंचायत में बदल गए। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पर पिछले 32 दिनों से किसानों का धरना प्रदर्शन चल रहा है। आज किसानों ने तय कार्यक्रम के तहत ट्रैक्टर रैली निकाली।

अलग-अलग जगह से ट्रैक्टर रैली निकालकर सभी किसान प्राधिकरण पर पहुंचे और एक महापंचायत आयोजित की। इस दौरान धरने में शामिल किसानों ने कहा कि पुलिस प्रशासन ने रैली को रोकने की काफी कोशिश की।

### तालाबों के सौंदर्यीकरण में देरी पर लगा जुर्माना

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के खेड़ी भनौता गांव में दो तालाबों के सौंदर्यीकरण कार्यों में लापरवाही करने पर प्राधिकरण ने संबंधित ठेकेदार पर कड़ी कार्रवाई करते हुए 5.25 लाख रुपए का जुर्माना लगा दिया है।

यहां पर तालाब के सौंदर्यीकरण के कार्य में देरी करने पर यह जुर्माना लगाया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि तालाब में एक भी रुपए का कार्य नहीं हुआ है, लेकिन बोर्ड लगाकर कार्य पूरा दिखा दिया गया है।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की सीईओ ऋतु माहेश्वरी के निर्देश पर सभी गांवों के तालाबों के सौंदर्यीकृत के कार्य किए जा रहे हैं।

# वीजा के नाम पर ठगी से बचाने के उपायों पर सेमिनार

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



सालों से विदेशी वीजा दिलाने के नाम पर लोगों से ठगी की जा रही है। वीजा एजेंट भोले भाले लोगों को कागजों के हेरफेर और गैर जरूरी परमिशन के नाम पर ठगे जा रहे हैं। इसको लेकर वीजा एक्सपर्ट कंपनी द्वारा रविवार को एक सेमिनार का आयोजन किया। इस आयोजन में देशभर से करीब 600 वीजा इच्छुक लोगों ने भाग लिया। जहां मोटिवेशनल स्पीकर कवीश कपूर द्वारा इस ठगी से बचने के उपायों सहित लोगों को जागरूक किया। कवीश कपूर वीजा एक्सपर्ट कंपनी के फाउंडर के साथ साथ मोटिवेशनल स्पीकर हैं। कंपनी द्वारा देशभर में हो रही वीजा ठगी की शिकायातों के बाद इस तरह के सेमिनार आयोजित करने का निष्चय किया। जिसके तहत रविवार को सेमिनार आयोजित किया गया, जिसमें देशभर से करीब 600 वीजा इच्छुकों ने भाग लिया।



विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस के अवसर पर अधिकारी प्रीति यादव के नेतृत्व में महिलाओं/लड़कियों को मासिक धर्म के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई, जिससे वे गंभीर बीमारियों जैसे हेपेटाइटिस बी, सर्वाइकल कैंसर आदि से बच सकें।

# नोएडा में सड़क हादसों में दो लोगों की मौत

● सरिया और लोहे से भरा ट्रैक्टर पलटा

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा





**गौतमबुद्ध** नगर में थाना बिसरख क्षेत्र में अलग-अलग जगह पर हुए दो सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई। थाना बिसरख के प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि रविवार सुबह को एक ट्रैक्टर-ट्राली पर सरिया और लोहे का अन्य सामान लादकर चालक अवधेश गाजियाबाद से सूरजपुर जा रहा था। उन्होंने बताया कि इसी बीच ट्रैक्टर असंतुलित होकर चिपयाना गांव के पास पलट गया।

उन्होंने कहा कि ट्रैक्टर पर लदे सरिया और लोहे की चपेट में आकर चालक अवधेश की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि रविवार की सुबह पुलिस को सूचना मिली कि सेक्टर- 3 के बिजली घर के पास खैरपुर जाने वाली सड़क पर बुलेट मोटरसाइकिल सवार एक व्यक्ति सड़क दुर्घटना का शिकार हो गया है।

उन्होंने बताया कि पुलिस ने सड़क किनारे घायल पड़े व्यक्ति को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया, लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक की जेब से आधार कार्ड मिला है, जिसके आधार पर उसकी पहचान 42 वर्षीय जगबीर पुत्र रामवीर निवासी हाथरस के रूप में हुई है। वहीं मोदीनगर हापुड मार्ग पर गांव भोजपुर स्थित पेट्रोल पंप के पास दोपहर एक बजे के आसपास तेज रफ्तार बाइक सड़क पार कर रहे आवारा पशु से जा टकराई।

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कस्बा निवाड़ी निवासी इमरान 27 वर्ष पुत्र तैय्यब अपनी पत्नी व दो बच्चों के साथ रहता था। वह मजदूरी करके परिवार का लालन पालन करता है। उनकी पत्नी अपने मायके गुलावठी के गांव सिवाया गई हुई थी।

दोपहर एक बजे के आसपास इमरान बाइक से निवाड़ी से अपनी ससुराल पत्नी को लेने के लिए जा रहा था। जब वह मोदीनगर हापुड मार्ग पर गांव भोजपुर स्थित एक्सप्रेस वे से पहले स्थित पेट्रोल पंप के सामने पहुंचे तो अचानक उनकी बाइक के आगे आवारा पशु आ गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार युवक दस फीट उछलकर काफी दूर जा गिरा। इतना ही बाइक भी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक इमरान को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया, जहां पर उन्हें मृत घोषित कर दिया

### नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**नोएडा।** थाना फेस टू पुलिस ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम देने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी नाबालिग को डांस सिखाने के बहाने अपने घर पर बुलाता था। उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम देता था। परिवार जनों को जब इसकी जानकारी हुई तो उन्होंने पुलिस से इसकी शिकायत की। शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी आशीष को रवि एनक्लेव के पास से गिरफ्तार किया है। पीड़िता के पिता ने पुलिस को शिकायत देते हुए बताया पूरे मामले की शिकायत पुलिस से की गई। पुलिस ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट के तहत आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए जेल भेज दिया गया है। फेस दो थाना प्रभारी ने बताया कि दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

# फ्लैट की रजिस्ट्री और कब्जे की मांग को लेकर खरीदारों का प्रदर्शन

● मूर्ति चौक पर जमा होकर की नारेबाजी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



**ग्रेटर** नोएडा में घर खरीदारों ने रविवार को प्रदर्शन किया। एकता और दृढ़ संकल्प के साथ प्रदर्शन में विभिन्न आवासीय परियोजनाओं के फ्लैट खरीदार, फ्लैट पजेशन और रजिस्ट्री के साथ पुलिस नोटिस की शिकायतों को सुनने और अधिकारियों से त्वरित कार्रवाई की मांग करने के लिए एक मूर्ति चौक पर एकत्रित हुए।

प्रदर्शनकारी फ्लैट की रजिस्ट्री और कब्जे की अपनी मांगों को लेकर अड़े थे, जो लंबे समय से लंबित है। उन्होंने स्थिति से निपटने पर अपनी निराशा व्यक्त करते हुए। पुलिस द्वारा कई होम बॉयर्स को दिए गए नोटिसों को रद्द करने का आह्वान किया। बिसरख पुलिस के खिलाफ नारे लगाए गए। प्रदर्शनकारियों ने उनकी चिंताओं को दूर करने के लिए योगी और मोदी से हस्तक्षेप का आग्रह किया।

नेफोवा के अध्यक्ष अभिषेक कुमार ने प्रदर्शनकारियों के दृढ़ संकल्प पर जोर देते हुए कहा, जब तक हमारे मुद्दों का समाधान नहीं हो जाता, तब तक हमारा विरोध जारी रहेगा। हमें पुलिस नोटिस से डराने का प्रयास, हमें हमारे अधिकारों के लिए लड़ने के दृढ़ संकल्प को और मजबूत करेगा।



# आहार संस्कृति : सेहत के लिए आम से भी बेहतर है बबूल

## अप्रैल-मई के महीने में जब बबूल के पेड़ पर खूब फलियां होती हैं, तब इन्हें खाकर स्वास्थ्य लाभ लें

**अगर** आपको जब बोया पेड़ बबूल का तो आम कहां से हो, सुनकर पुराने कर्मों पर दुख होता है तो शायद इसकी जरूरत नहीं है। भले ही यह सच हो कि बबूल के पेड़ पर आम नहीं मिल सकते पर यह भी सच है कि बबूल की फलियां भी बहुत स्वादिष्ट होती हैं। और तो और, ये फलियां सेहत के लिए आम से भी बेहतर हैं और इस पेड़ को उगाने के लिए आम के जितनी जद्दोजहद भी नहीं करनी होती।

ये पेड़ मझोले से लंबे कद का होता है और अपनी स्वादिष्ट, पौष्टिक और बहुत ही खूबसूरत फलियों से आसानी से पहचाना जा सकता है। इसकी फलियां मोतियों के माला जैसी होती हैं। ये फलियां चपटी, पतली और लंबी होती हैं और उसमें 15 बीज तक हो सकते हैं। ये बीज पतली-सी डंडी से एक-दूसरे से जुड़े होते हैं। पेड़ पर अप्रैल-मई के महीने में ढेरों फलियां लगती हैं। अनुमान है कि भारत में हर साल छह लाख टन फलियां उगती हैं जिनसे 60 हजार टन बीज निकलते हैं। पर यह बहुउपयोगी पेड़ अपनी फलियों की सुंदरता के लिए तो बिल्कुल नहीं जाना जाता। बबूल या अकेसिया निलोटिका खाने के अलावा लकड़ी, ईंधन, गोंद, डाई, जानवरों के लिए चारा और छाया प्रदान करता है। इसकी दातून तो दांतों और मसूड़ों को स्वस्थ रखने के लिए प्रसिद्ध है ही, साथ ही इसके छाल के अर्क का इस्तेमाल टूथपेस्ट बनाने में भी किया जाता है। छाल से त्वचा की बीमारियों का इलाज भी किया जाता है और जले हुए जख्म भी ठीक होते हैं। चलते फिरते हुए लोग इसकी मुलायम पत्तियां भी तोड़कर चबा लेते हैं क्योंकि इससे हाजमा ठीक रहता है।

### फली सबसे भली

**इंसानों** के खाने की तरह फली का कोई मुकाबला नहीं है। इसके बीज बहुत पोषक होते हैं। एक अध्ययन बताता है कि इसके एक किलो बीज में 234 ग्राम क्रूड प्रोटीन, 126 ग्राम क्रूड फाइबर, 66.6 ग्राम क्रूड वसा और 534 ग्राम कार्बोहाइड्रेट है। इन बीजों में पोटेशियम, फास्फोरस, मैग्नीशियम, आयरन और मैगनीज जैसे मिनरल भी होते हैं। ये अध्ययन नवंबर 1996 में फूड केमिस्ट्री नामक जर्नल में छपा था। इन बीजों को अकाल के समय इस्तेमाल किया जाता था। बीजों को भूनकर या इन्हें ऐसे ही खा सकते हैं। यहां तक कि जरूरत पड़ने पर इसकी गोंद और छाल से भी पेट भरा जाता था। फलियों की स्वादिष्ट सब्जी तो अच्छे समय में भी बनाई जाती है। कुछ अध्ययन जो 2016 में अकेसिया नामक जर्नल में छपे थे, ये भी बताते हैं कि फलियों में एंटी बैक्टीरियल कंपाउंड है जो बेसिलस सेरियस और स्टेफाइलोकोकस औरियस जैसे ग्राम पॉजिटिव बैक्टीरिया को खत्म कर सकते हैं। शायद यही कारण है कि सउदी अरब के शोधकर्ताओं ने अप्रैल 2020 में बताया कि फलियों के अर्क को अगर बीफ की बर्गर पेटी में मिलाया जाए तो कोल्ड स्टोरेज के दौरान इसे माइक्रोब्स खराब नहीं कर पाते। फलियों के अर्क से इसके स्वाद और पोषक तत्वों पर कोई बुरा असर भी नहीं पड़ता। शोधकर्ताओं का मानना है कि ऐसे प्राकृतिक उत्पाद को इस्तेमाल करने से सिंथेटिक प्रिजरवेटिव का इस्तेमाल कम किया जा सकता है। ये शोध जर्नल ऑफ फूड प्रोसेसिंग एंड प्रिजरवेशन में छपा था।

### जानवरों के लिए उपयोगी

वैसे बबूल की फलियों और पत्तियों का सबसे ज्यादा इस्तेमाल जानवर के चारे के रूप में होता है। इसके बीज से बनाई खली कपास के बीजों से बनाई गई खली के मुकाबले की है और दूधारू गायों के लिए बहुत फायदेमंद है। क्योंकि इन बीजों में कुछ अलग सुगंध होती है तो इन्हें ज्यादा स्वादिष्ट और पारंपरिक चारे में मिलाकर ही दिया जाता है। बबूल की फलियों और बीज को पीसकर अगर दूधारू गाय के खाने में 15 प्रतिशत के अनुपात में मिलाया जाए तो ये गाय के लिए अच्छा है। यहां पर फलियों को पीसना जरूरी है अन्यथा बीज बिना पचे ही गोबर में निकल जाते हैं। इस खली को खाने से जानवर के रक्त सीरम में क्रेटेनाइन कम हो जाता है और साथ में उनमें नेमोटोड के अंडे अथवा प्रोटजोन भी कम हो जाते हैं। इससे उनके समग्र स्वास्थ्य में सुधार होता है।


बीजों से खली बनाने का एक फायदा यह भी है कि इनका तेल एक सह उत्पाद की तरह मिल जाता है। अप्रैल 2023 में प्रकाशित अध्ययन के अनुसार, इस तेल में इन्सेक्टीसाइडल गुण हैं। शोधकर्ता कहते हैं कि इस तेल को कृषि में कीटनाशकों को नियंत्रित करने में उपयोग किया जा सकता है। यह इंसेक्टीसाइड पर्यावरण हितैषी विकृप है।

बबूल का पेड़ सूखे प्रदेशों जैसे हरियाणा, पंजाब, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और गुजरात में आसानी से उगता है। ये पेड़ लेगुमिनेसी परिवार का है और यह हवा की नाइट्रोजन को प्रोसेस करके जमीन में नाइट्रोजन की कमी को पूरा करता है। इसकी खूबियों के कारण इसे खनन क्षेत्रों में सुधारने के लिए लगाया जाता है। बंजर जमीन पर भी यह उगाने योग्य है। ये चंबल की घाटियों को हरा भरा बनाने में काफी कारगर रहा है। यह न सिर्फ जमीन को ठीक करता है बल्कि तेज हवा से होने वाले क्षरण को नियंत्रित करता है।

यह भी पाया गया है कि इससे स्थानीय जैव विविधता भी बढ़ जाती है। यह सूखे व बाढ़ दोनों हालात में जीवित रहता है और कृषि वानिकी में भी बहुत उपयोगी है। इन खूबियों के कारण इसे पुराने समय में ऑस्ट्रेलिया और गालापागोस द्वीप जैसी जगह पर भी ले जाया गया पर यह बेकाबू होकर फैल गया। यहां इसे एक आक्रामक प्रजाति माना जाता है। वैसे ये पेड़ अफ्रीका, अरब प्रायद्वीप और भारतीय उपमहाद्वीप में उपजा है। इसकी नौ प्रजातियां हैं जिसमें से छह अफ्रीका में पाई जाती हैं और तीन भारतीय उपमहाद्वीप में। ये उष्णकटिबंधीय और उपोष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में आराम से उगता है।

**साभार- डीटीई**

# एनजीटी ने हानिकारक पर्यटन गतिविधियों के मामले में अधिकारियों से मांगा जवाब



**कुफरी** में पर्यावरण के लिए खतरनाक पर्यटन गतिविधियों के मामले में दर्ज रिपोर्ट पर नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने संबंधित अधिकारियों से उनका जवाब मांगा है। मामला हिमाचल प्रदेश में शिमला के कुफरी का है। रिपोर्ट को अगले एक महीनों के भीतर सबमिट करना है। इस मामले में अगली सुनवाई 12 जुलाई, 2023 को होगी।

कुफरी में यह समस्या पर्यटन गतिविधियों के कुप्रबंधन से जुड़ी हैं। विशेष रूप से यह छोटे से क्षेत्र में बड़ी मात्रा में घोड़ों के उपयोग के कारण हुई है। जो वहां की प्राकृतिक वनस्पति, जीवों और पूरे पर्यावरण के लिए खतरा पैदा कर रही हैं।

गौरतलब है कि एनजीटी ने 13 मार्च, 2023 को दिए आदेश में संयुक्त समिति से अगले दो महीनों के भीतर रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया था। इस मामले में हिमाचल प्रदेश राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने पत्र के माध्यम से 23 मार्च, 2023 संयुक्त समिति की रिपोर्ट को सबमिट किया था।

अपनी इस रिपोर्ट में समिति ने पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाली कई गतिविधियों का जिक्र किया था। इसमें प्राकृतिक वनस्पतियों का होता क्षरण शामिल है। यह देखा गया कि एक छोटे से क्षेत्र में हजार से ज्यादा घोड़े और टट्टू हैं, जो क्षेत्र की वहन क्षमता से बहुत ज्यादा हैं। इसके साथ ही ठोस कचरे का भी वैज्ञानिक तरीके से प्रबंधन नहीं किया जा रहा है। इससे क्षेत्र में भारी प्रदूषण हो रहा है।

आवेदक शैलेंद्र कुमार यादव का कहना है कि यह रिपोर्ट सारांश रूप में उनके स्टैंड का समर्थन करती है। इसलिए वो रिपोर्ट पर कोई आपत्ति या टिप्पणी करने का प्रस्ताव नहीं करते हैं। उन्होंने कोर्ट से रिपोर्ट को सार रूप में स्वीकार करने और लागू करने का अनुरोध किया है।

औद्योगिक कचरे को थिरुमणिमुथारू नदी में डाल रहा है रंगाई उद्योग, जांच के लिए समिति गठित एक शिकायत पर कार्रवाई करते हुए कि नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने रंगाई इकाइयां की जांच के साथ उसपर तथ्यात्मक रिपोर्ट सबमिट करने का निर्देश दिया है। शिकायत है कि रंगाई उद्योग अपने औद्योगिक कचरे को थिरुमणिमुथारू नदी में डाल रहा है।

इस मामले में कोर्ट ने एक संयुक्त समिति के गठन का आदेश दिया है। इस समिति में तमिलनाडु प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय का क्षेत्रीय कार्यालय और सलेम के जिला मजिस्ट्रेट शामिल रहेंगे।

कोर्ट के अनुसार इस मामले में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड नोडल एजेंसी होंगे। यह समिति साइट का दौरा करेगी और इस मामले से जुड़े सभी जानकारियां एकत्र करेगी। साथ ही कोर्ट ने अगले दो महीनों के भीतर रिपोर्ट सबमिट करने का निर्देश दिया है।

कोर्ट के मुताबिक रिपोर्ट में विचाराधीन उद्योगों को दी गई गई सहमति के अलावा ऐसे उद्योगों की संख्या, अपशिष्ट के निपटान की अंतिम विधि के बारे में भी जानकारी देनी चाहिए। कोर्ट ने समिति को थिरुमणिमुथारू के लिए तैयार की गई नदी कार्य योजना को भी ध्यान में रखने के लिए कहा है, जो तमिलनाडु की प्रदूषित नदियों में से एक है। गोपालगंज में प्रदूषण फैला रहे हैं पॉल्ट्री फार्म, एनजीटी ने दिए जांच के आदेश

नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने संयुक्त समिति को गोपालगंज में प्रदूषण फैलाने वाले पोल्ट्री फार्मों की जांच के निर्देश दिए हैं। इस समिति में गोपालगंज के जिला मजिस्ट्रेट और बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सदस्य शामिल होंगें। मामला बिहार के गोपालगंज में जिगना जगन्नाथ, मीरगंज का है।

आरोप है कि गोपालगंज में दो पोल्ट्री फार्म पर्यावरण संबंधी नियमों और कानूनों का पूरी तरह से उल्लंघन कर रहे थे। इन पोल्ट्री फार्मों से गांव में भारी वायु प्रदूषण हो रहा था, जिससे स्थानीय निवासियों और ग्रामीणों के स्वास्थ्य के लिए खतरा पैदा हो गया है। कोर्ट में जानकारी दी गई है कि इन पोल्ट्री फार्मों से जहरीली गैसें और दुर्गंध निकल रही है, जिसका वैज्ञानिक तरीके से प्रबंधन नहीं किया जा रहा है। इसके चलते क्षेत्र में गंभीर रूप से प्रदूषण हो रहा है।



# दुनिया भर में बढ़ रहे हैं कमर दर्द के मरीज, विशेषज्ञों ने बताई वजह

**पीठ** का दर्द या पीठ के निचले हिस्से में दर्द कई अलग-अलग कारणों से हो सकता है, जैसे चोट लगना, मांसपेशियों में खिंचाव या टेंडन की चोट आदि। दर्द हल्के से लेकर गंभीर तक हो सकता है। कुछ मामलों में, दर्द चलने, सोने, रोजमर्रा के काम को करने को मुश्किल या असंभव बना सकता है। लगभग पांच में से चार लोगों को अपने जीवन में कभी न कभी पीठ के निचले हिस्से में दर्द होता है। यह लोगों द्वारा स्वास्थ्य सेवा देने वालों के पास जाने के सबसे सामान्य कारणों में से एक है। सामान्यतया पीठ का दर्द, पीठ में खिंचाव और मोच वाले अधिकांश लोग ठीक हो जाते हैं और उन्हें लंबे समय तक स्वास्थ्य समस्याएं नहीं होती हैं। लेकिन कई लोगों को इस समस्या से लगातार जूझना पड़ता है, इसलिए इसे अनदेखा नहीं किया जाना चाहिए। अब एक नए अध्ययन में डरावनी बात कही गई है कि, 2050 तक दुनिया भर में 84 करोड़ से अधिक लोग पीठ दर्द से पीड़ित हो सकते हैं, जो मुख्य रूप से लोगों की बढ़ती उम्र के कारण ऐसा होगा। अध्ययनकर्ताओं ने इसके लिए 30 से अधिक सालों के आंकड़ों का विश्लेषण किया। एशिया और अफ्रीका में पीठ के दर्द के मरीजों में सबसे बड़ी वृद्धि देखी जा रही है। अध्ययन में कहा गया है कि पीठ दर्द के इलाज के सीमित विकृपों ने समस्याओं को बढ़ा दिया है। इससके कारण स्वास्थ्य संबंधी संकट पैदा होता है, क्योंकि पीठ के निचले हिस्से में दर्द दुनिया में विकलांगता का एक प्रमुख कारण है। ऑस्ट्रेलिया में सिडनी विश्वविद्यालय के प्रोफेसर और प्रमुख अध्ययनकर्ता मैनुएला फेरेरा ने कहा, हमारा विश्लेषण विश्व स्तर पर कमर के निचले भाग के दर्द के मामलों को उजागर करता है, जो कि हमारी स्वास्थ्य प्रणाली पर भारी दबाव डालता है। फेरेरा ने कहा, हमें कमर के निचले भाग के दर्द या लौ बैक पैन के प्रबंधन के लिए एक राष्ट्रीय, सही दृष्टिकोण स्थापित करने की जरूरत है, जो शोध द्वारा पूरा किया गया हो। अध्ययन में पाया गया कि 2017 के बाद से, पीठ के निचले हिस्से में दर्द वाले मरीजों की संख्या 50 करोड़ से अधिक हो गई है। 2020 में, पीठ दर्द के लगभग 61.9 करोड़ मरीज सामने आए।

# नालियों में जमा होते प्लास्टिक से भारत सहित दुनिया भर में 22 करोड़ लोगों पर मंडरा रहा है बाढ़ का खतरा

**भारत** सहित दुनिया भर में 21.8 करोड़ लोगों पर प्लास्टिक की वजह से बाढ़ का गंभीर खतरा मंडरा रहा है। यह वो प्लास्टिक है जो ऐसे ही फेंके जाने के कारण नालियों में जमा हो रहा है और ड्रेनेज सिस्टम को अवरुद्ध कर रहा है। यह लोग वैश्विक आबादी के तीन फीसदी हिस्से का प्रतिनिधित्व करते हैं जो यूके, फ्रांस और जर्मनी की कुल आबादी के बराबर हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक यह कोई एक बार का संकट नहीं, बल्कि लोगों को बार-बार बाढ़ के खतरे में धकेल रहा है। गौरतलब है कि मुंबई में जुलाई 2005 में आई ऐसी ही भीषण बाढ़ में 1,056 लोगों की मौत हो गई थी, जबकि 9,000 करोड़ से ज्यादा का आर्थिक नुकसान हुआ था। जांच रिपोर्ट में इस बाढ़ के लिए बारिश के साथ-साथ नालियों में जमा होते प्लास्टिक कचरे को भी एक वजह माना था। इन प्लास्टिक की थैलियों ने तूफानी नालियों को अवरुद्ध कर दिया था, जिसकी वजह से मानसूनी बारिश का पानी शहर में ही जमा हो गया था। रिपोर्ट में 1988 में बांग्लादेश में आई बाढ़ का भी जिक्र किया है। जब प्लास्टिक की थैलियों ने जलमार्गों को अवरुद्ध कर विनाशकारी बाढ़ में मदद की थी। इस बाढ़ में देश का दो-तिहाई हिस्सा पानी में डूब गया था।

अंतराष्ट्रीय ऐड एजेंसी टेअरफण्ड और पर्यावरण परामर्श संगठन रिसोर्स फ्यूचर द्वारा जारी इस रिपोर्ट के मुताबिक फेंके जा



रहे इस प्लास्टिक और इसकी वजह से आने वाली बाढ़ का सबसे ज्यादा खामियाजा कमजोर तबके को उठाना पड़ रहा है जो पहले ही बुनियादी सुविधाओं के आभाव में जीने को मजबूर हैं।

रिपोर्ट में सामने आया है कि जिन लोगों पर इस बाढ़ का खतरा मंडरा रहा है उनमें से 4.1 करोड़ बच्चे, बुजुर्ग और विकलांग हैं। यह लोग पहले ही स्वास्थ्य और अन्य समस्याओं से जूझ रहें हैं ऐसे में यह एक और नए खतरे का सामना करने के काबिल भी नहीं है।शोधकर्ताओं का कहना है कि यह प्लास्टिक बाढ़ के खतरे को और गंभीर बना देती हैं। इनकी वजह से जल निकासी प्रणालियां अवरुद्ध हो जाती है, जिनकी वजह से बाढ़ कहीं ज्यादा गंभीर रूप ले लेती है।

रिपोर्ट के मुताबिक यह खतरा बढ़ते प्लास्टिक के साथ और बढ़ता जा रहा है। अनुमान है कि 2000 से 2019 के बीच प्लास्टिक कचरा बढ़कर दोगुना हो गया है। इसके बढ़ने के लिए ठोस कचरे का ठीक तरह से प्रबंधन न किया जाना जिम्मेवार है।

### हाशिए पर रह रहे लोगों के लिए गंभीर समस्या पैदा कर देगा बढ़ता प्लास्टिक कचरा

रिपोर्ट के मुताबिक दक्षिण, पूर्वी एशिया और प्रशांत क्षेत्र के साथ-साथ उप सहारा अफ्रीका में इस तरह की बाढ़ का खतरा सबसे ज्यादा है। यहां घनी आबादी के बीच लोग मैली-कुचैली स्लम बस्तियों में रहने को मजबूर हैं जहां बुनियादी ढांचे का भी आभाव है। न नालियां, न साफ पानी की व्यवस्था और न ही स्वास्थ्य सुविधाएं इसके खतरे को और बढ़ा रही हैं।

आशंका है कि अनियोजित विकास और फैला कचरा इन क्षेत्रों में बाढ़ के खतरे को कहीं ज्यादा बढ़ा सकता है। यदि लोग बाढ़ के इस संकट से बच भी जाएं तो इससे फैली बीमारियां उनके जीवन की राह को कठिन बना देती हैं।

**प्लास्टिक और इसकी वजह से आने वाली बाढ़ का सबसे ज्यादा खामियाजा कमजोर तबके को उठाना पड़ रहा है जो पहले ही बुनियादी सुविधाओं के अभाव में जीने को मजबूर हैं**

अनुमान है कि यदि प्लास्टिक और उसके निपटान पर अभी ध्यान न दिया गया तो यह कचरा ऐसे ही बढ़ता रहेगा। रिपोर्ट के मुताबिक इससे सबसे ज्यादा प्रभावित एशिया और अफ्रीका होंगें। वहीं यदि स्लम में रहने वाले लोगों की आबादी को देखें तो वो मौजूदा समय में 100 करोड़ के आसपास है। वहीं अनुमान है कि 2050 तक स्लम में झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाले लोगों की आबादी बढ़कर 300 करोड़ पर पहुंच जाएगी।

इस बाढ़ से जुड़ा एक और मुद्दा ऐसा है जिसपर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है और वो मुद्दा जलवायु में आते बदलावों का है। दुनिया भर में जिस तरह वैश्विक तापमान में वृद्धि हो रही है उसके चलते अनुमान है कि न केवल बारिश की घटनाएं बढ़ जाएंगी साथ ही थोड़े समय में ही कहीं ज्यादा तेज बारिश होगी, जो स्थिति को गंभीर बना देगी। रिपोर्ट में इस बात को भी स्वीकार किया है कि बाढ़ प्रभावितों का यह जो आंकड़ा सामने आया है वो वास्तविकता में इससे कहीं ज्यादा हो सकता है। आज दुनिया भर में बढ़ता कचरा एक बड़ी समस्या बन चुका है। ओईसीडी द्वारा जारी एक नई रिपोर्ट के हवाले से पता चला है कि अगले 37 सालों में 2060 तक प्लास्टिक कचरे की मात्रा तीन गुणा बढ़ जाएगी। रिपोर्ट का अनुमान है कि 2060 तक हर साल करीब 100 करोड़ टन से ज्यादा प्लास्टिक कचरा पैदा होगा, जिसका एक बड़ा हिस्सा करीब 15.3 करोड़ टन बिना किसी उपचार के ऐसे ही पर्यावरण में डंप कर दिया जाएगा। जो आगे चलकर गंभीर समस्याएं पैदा कर सकता है।

संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी) ने अपनी नई रिपोर्ट में आशा जताई है कि यदि देश और कंपनियां मौजूदा तकनीकों का उपयोग करके अपनी नीतियों और बाजार में बदलाव करें तो 2040 तक प्लास्टिक प्रदूषण को 80 फीसदी तक कम किया जा सकता है।

# डब्ल्यूटीसी फाइनल के दौरान घोषित होगा वर्ल्डकप का शेड्यूल व वेन्यू

## जय शाह बोले, अभी 15 स्टेडियम चयनित, संख्या बढ़ाई जा सकती है

**एजेंसी।** अहमदाबाद




**भारत** में इस साल अक्टूबर-नवंबर में होने वाले वनडे वर्ल्ड कप का शेड्यूल और वेन्यू वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल के दौरान घोषित किया जा सकता है। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने विशेष आम बैठक के बाद यह जानकारी दी। टेस्ट फाइनल 7 जून से ओवल में होना है। शाह ने यह भी कहा कि वर्ल्ड कप के लिए अभी 15 स्टेडियम का चयन किया गया है। इनकी संख्या बढ़ाई जा सकती है। एशिया कप को लेकर बीसीसीआई सचिव ने कहा, एशियन क्रिकेट काउंसिल के सदस्य ढ्ढक्क फाइनल के दौरान मौजूद रहेंगे। उनसे चर्चा के बाद आगामी कुछ दिनों में इस पर फैसला लिया जाएगा।

वहीं, अफगानिस्तान के खिलाफ सीरीज वर्ल्ड कप के पहले आयोजित की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी स्टेट बोर्ड में स्ट्रेंथ एंड कंडीशनिंग कोच व स्पोर्ट्स मेडिसिन टीम होगी। इनका इंटरव्यू एनसीए का पैनल करेगा। माना जा रहा है कि भारत और पाकिस्तान के बीच हाई वोल्टेज मुकाबला 15 अक्टूबर को अहमदाबाद में खेला जा सकता है। वहीं वर्ल्ड कप का पहला मुकाबला भी 5 अक्टूबर को न्यूजीलैंड और इंग्लैंड के बीच अहमदाबाद में खेला जा सकता है। इंग्लैंड पिछले वर्ल्ड कप का विनर था और न्यूजीलैंड उप-विजेता। वहीं भारत अपना पहला मुकाबला चेन्नई में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेल सकता है। अभी इसकी तारीख नहीं आई है। पाकिस्तान के खिलाफ मैच 15 अक्टूबर यानी रविवार को हो सकता है। इस दिन पाकिस्तानी टीम के कप्तान बाबर आजम का जन्मदिन भी है। खिताबी मुकाबला 19 नवंबर को खेला जाएगा।

### वर्ल्ड कप के लिए भारत में 15 स्टेडियम शॉर्ट लिस्ट किए गए

**बता दें** कि वर्ल्ड कप 5 अक्टूबर से शुरू हो सकता है और इसके लिए 15 वेन्यू शॉर्ट लिस्ट किए गए हैं। इनमें चेन्नई और कोलकाता भी शामिल हैं। बाकी 13 वेन्यू अहमदाबाद, लखनऊ, मुंबई, राजकोट, बेंगलुरु, दिल्ली, इंदौर, गुवाहाटी, हैदराबाद, तिरुवनन्तपुरम, नागपुर, पुणे और धर्मशाला शामिल है।

# डब्ल्यूटीसी फाइनल में कोहली से इतर किसी के बारे में सोचना मुश्किल: माइकल हसी

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**माइकल** हसी का मानना है कि अगर भारत को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सात जून से लंदन के ओवल में शुरू होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) का फाइनल जीतना है तो विराट कोहली का प्रदर्शन काफी मायने रखेगा। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज ने कहा कि डब्ल्यूटीसी फाइनल में भारत की जीत की संभावना के लिए कोहली के अलावा कप्तान रोहित शर्मा का प्रदर्शन भी काफी महत्वपूर्ण होगा।

हसी ने आईसीसी वेबसाइट से कहा, कोहली से इतर किसी अन्य खिलाड़ी के बारे में सोचना मुश्किल है। उन्होंने (कोहली) निश्चित रूप से खेल के प्रत्एक प्रारूप में शानदार फॉर्म में वापसी की है तथा उनका और रोहित शर्मा का बल्लेबाजी में प्रदर्शन भारत के लिए काफी महत्वपूर्ण होगा। कोहली फिर से अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में लौट आए हैं और उन्होंने हाल में इंडियन प्रीमियर लीग में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर की तरफ से लगातार मैचों में शतक जमाए थे। कोहली अपने साथी खिलाड़ी मोहम्मद सिराज के साथ इंग्लैंड पहुंच चुके हैं और फाइनल से पहले कैंट क्रिकेट ग्राउंड पर अभ्यास कर रहे हैं।

### मलेशिया मास्टर्स टूर्नामेंट

# एचएस प्रणय मेंस कैटेगरी में गोल्ड जीतने वाले पहले भारतीय बने

**एजेंसी।** कुआलालंपुर




**भारत** के एचएस प्रणय ने रविवार को यहां मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के कड़े पुरुष एकल फाइनल मुकाबले में तीन गेम में चीन के वेंग होंग एंग को हराकर छह साल के खिताब के सूखे को खत्म किया। तीस साल के भारतीय खिलाड़ी ने 94 मिनट चले मुकाबले के दौरान शानदार जज्बा दिखाते हुए चीन के दुनिया के 34वें नंबर के खिलाड़ी वेंग के खिलाफ 21-19, 13-21, 21-18 से जीत दर्ज की।

यह प्रणय का पहला बीडब्ल्यूएफ (विश्व बैडमिंटन महासंघ) विश्व टूर खिताब है। साथ ही भारत का कोई खिलाड़ी इस साल पहला एकल खिताब जीतने में सफल रहा। बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर छह स्तर में विभाजित है जिसमें विश्व टूर फाइनल्स, चार सुपर 1000, छह सुपर 750, सात सुपर 500 और 11 सुपर 300 टूर्नामेंट शामिल हैं। एक अन्य वर्ग के टूर्नामेंट बीडब्ल्यूफ टूर सुपर 100 से भी खिलाड़ियों को रैंकिंग अंक मिलते हैं। सुपर 500 बीडब्ल्यूएफ रैंकिंग प्रणाली में ग्रेड दो (चौथे स्तर) का टूर्नामेंट है। प्रणय ने पिछले साल थॉमस कप में भारत की ऐतिहासिक जीत में अहम भूमिका निभाई थी लेकिन 2017 अमेरिकी ओपन ग्रां प्री गोल्ड के बाद से वह व्यक्तिगत खिताब नहीं जीत पाए थे। केरल का यह बैडमिंटन खिलाड़ी पिछले साल स्विस ओपन के फाइनल में पहुंचकर खिताब के सूखे को खत्म करने के करीब पहुंचा था। इसके अलावा प्रणय मलेशिया और इंडोनेशिया सुपर 1000 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में भी जगह बनाने में सफल रहे थे। प्रणय ने कई चोट और स्वास्थ्य समस्यों से जूझने के बाद 2021 के दूसरे हाफ के बाद से लगातार अच्छा प्रदर्शन किया। पिछले दो साल में भारतीय खिलाड़ियों के बीच प्रणय के प्रदर्शन में सबसे अधिक निरंतरता रही है लेकिन इसके बावजूद वह बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर खिताब नहीं जीत पा रहे थे। रविवार को दुनिया के नौवें नंबर के खिलाड़ी प्रणय की कड़ी मेहनत का फल मिला जब उन्होंने चीन के 23 वर्षीय खिलाड़ी के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताबी जीत हासिल की। प्रणय ने इस हफ्ते शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी खिताबी जीत के दौरान दुनिया के पांचवें नंबर के खिलाड़ी चाउ टिएन चेन, ऑल इंग्लैंड चैंपियन ली शी फेंग और जापान के केंटा निशिमोटो को हराया। वेंग ने मुकाबले की अच्छी शुरुआत करते हुए पहले गेम में 3-1 की बढ़त बनाई लेकिन प्रणय ने स्कोर 5-5 कर दिया। प्रणय ने जोरदार स्मैश के साथ स्कोर 10-10 किया और वेंग के नेट पर स्मैश उलझाने पर ब्रेक तक 11-10 की बढ़त बनाई। दोनों के बीच प्रत्येक अंक के लिए कड़ी टक्कर देखने को मिली। इस बीच स्कोर 16-16 से बराबर था। प्रणय ने आक्रामक तेवर दिखाते हुए दो गेम प्वाइंट हासिल किए। वेंग ने एक अंक बचाया लेकिन अगला बैकहैंड शॉट नेट पर मार बैठे जिससे भारतीय खिलाड़ी ने पहला गेम जीत लिया।

### दुनिया के 84 शटलर्स ने सिंगल्स में लिया था हिस्सा

**मलेशिया** मास्टर्स में दुनियाभर के 84 शटलर्स ने हिस्सा लिया था। वहीं, इसमें 108 डबल्स टीमें भी शामिल थी। मलेशिया मास्टर्स की शुरुआत 2009 में हुई थी और तब से यह हर साल मलेशिया के अलग-अलग वेन्यू पर खेला जाता है।

### सेमीफाइनल में प्रणय को वॉकओवर मिला

**प्रणय** ने शनिवार को सेमीफाइनल में इंडोनेशिया के क्रिस्टियन अदीनाता के खिलाफ वॉकओवर मिला। मैच के दौरान एडिनाटा के घुटने में चोट आ गई। पहले सेट के दौरान प्रणय 19-17 से आगे चल रहे थे। इस दौरान एडिनाटा का बाएं घुटना मुड़ गया और उनके घुटने में चोट आ गई। भारत के एचएस प्रणय मलेशिया में जबरदस्त फॉर्म में चल रहे हैं। उन्होंने दुनिया के नंबर 6 चाउ टीएन चेन, मौजूदा ऑल इंग्लैंड चैंपियन ली शी फेंग और मैड्रिड मास्टर्स 2023 के विजेता केंटा निशिमोतो को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया है।

### सिंधु सेमीफाइनल में हारी

**भारत** की स्टार शटलर पीवी सिंधु सेमीफाइनल में हार गई। शनिवार को विमेंस सिंगल्स के मुकाबले में उन्हें दो सेट में लगातार हार का सामना करना पड़ा। उन्हें इंडोनेशिया की ग्रेगोरिया मारिसाका ने पहले सेट में 14-21 से हराया और फिर दूसरे सेट में 17-21 से शिकस्त दी। इसके साथ ही लक्ष्य सेन, किदांबी श्रीकांत और मालविका बंसोड़ को क्रमश राउंड ऑफ 16, क्वार्टर फाइनल्स और राउंड ऑफ 32 में हार का सामना करना पड़ा।

## अटवाल ने सीनियर पीजीए टूर प्रतियोगिता में कट हासिल किया

**फ्रिस्को।** भारत के अर्जुन अटवाल ने लगातार दूसरे दौर में पार 72 के स्कोर के साथ सीनियर पीजीए चैंपियनशिप के टूर्नामेंट में कट हासिल कर लिया।

पचास साल से अधिक के गोल्फरों के चैंपियन्स टूर की दूसरी प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे अटवाल का तीन दौर के बाद कुल स्कोर एक ओवर 217 है और वह 39वें स्थान पर चल रहे हैं। भारत के ही जीव मिल्खा सिंह हालांकि लगातार दूसरी सीनियर पीजीए चैंपियनशिप में कट से चूक गए। उन्होंने पहले दौर में 76 के स्कोर के बाद लगातार दो दौर में पार का स्कोर बनाया।

## अंबाती रायुडू ने आईपीएल से संन्यास लिया

**अहमदाबाद।** भारत के पूर्व वनडे विशेषज्ञ और चेन्नई सुपर किंग्स के बल्लेबाज अंबाती रायुडू ने घोषणा की है कि गुजरात टाइटंस के खिलाफ फाइनल आईपीएल में उनका आखिरी मैच होगा। इंग्लैंड में 2019 विश्व कप के लिए भारतीय टीम में नहीं चुने जाने के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहने वाले रायुडू ने कुछ साल पहले घरेलू क्रिकेट से भी संन्यास ले लिया था लेकिन बाद में फैसला वापिस ले लिया। 38 वर्ष के इस खिलाड़ी ने हालांकि रविवार को ट्वीट किया कि इस बार वह फैसला नहीं बदलेंगे।

# भारत ने जूनियर एशिया कप में पाकिस्तान से मैच 1-1 से ड्रॉ खेला

### बशारत अली ने 44वें मिनट में पाकिस्तान की तरफ से बराबरी का गोल दाग दिया

**एजेंसी।** सलालाह (ओमान)



**भारत** ने पूल ए का अपना तीसरा मैच चिर प्रतिद्वंदी पाकिस्तान के खिलाफ 1-1 से ड्रॉ खेला और इस तरह से पुरुष जूनियर एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट में अपना अजेय अभियान जारी रखा। शारदानंद तिवारी ने शनिवार की रात को खेले गए मैच में 24वें मिनट में गोल करके भारत को बढ़त दिलाई लेकिन बशारत अली ने 44वें मिनट में पाकिस्तान की तरफ से बराबरी का गोल दाग दिया।

यह मैच ड्रॉ समाप्त होने से भारत के अब तीन मैचों में सात अंक हो गए हैं और वह पूल ए में दूसरे स्थान पर है। पाकिस्तान के भी सात अंक हैं लेकिन वह गोल अंतर बेहतर होने के कारण पहले स्थान पर है। जापान तीन मैचों में छह अंक के साथ तीसरे स्थान पर है। उसने शनिवार को चीनी ताइपे को 10-1 से पराजित किया था। भारत ने इससे पहले चीनी ताइपे को 18-0 और जापान को 3-1 से हराया था। पाकिस्तान के खिलाफ मैच में भारत ने शुरू से ही आक्रामक रवैया अपनाकर अपनी विरोधी टीम को दबाव में रखा। भारत को शुरू में दो पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन वह उसका फायदा नहीं उठा पाया।

दूसरी तरफ पाकिस्तान ने भी कुछ मौके बनाए और वह पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करने की स्थिति में भी पहुंच गया था, लेकिन भारतीय गोलकीपर अमनदीप लाकड़ा ने बेहतरीन बचाव करके उसका यह प्रयास नाकाम कर दिया। पहला क्वार्टर गोल रहित छूटने के बाद शारदानंद ने दूसरे क्वार्टर में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर भारत को महत्वपूर्ण बढ़त दिलाई।

इसके बाद भारतीय टीम अधिक आत्मविश्वास के साथ खेलने लग गई और उसने पाकिस्तानी रक्षा पंक्ति में लगातार सेंध लगाई लेकिन गोल करने में असफल रही। पाकिस्तानी टीम छोर बदलने के बाद गोल करने के लिए बेताब दिखी और उसने कुछ अच्छे मूव बनाए। इसका उसे फायदा मिला और बशारत ने मैदानी गोल करके स्कोर बराबर कर दिया।


### भारतीय टीम ने चौथे क्वार्टर में अधिक आक्रामक खेल दिखाया

**भारतीय** टीम ने चौथे क्वार्टर में अधिक आक्रामक खेल दिखाया जबकि पाकिस्तान ने भी जवाबी हमले किए। दोनों टीम कुछ अवसरों पर गोल करने के करीब पहुंची लेकिन आखिर में मैच 1-1 से बराबरी पर समाप्त हुआ। भारतीय टीम पूल ए के अपने अंतिम मैच में थाईलैंड से भिड़ेगी।

# शिवा श्रीधर को पांच स्वर्ण नया मीट रिकॉर्ड बनाया

**एजेंसी।** लखनऊ

**जैन** यूनिवर्सिटी के शिवा श्रीधर ने खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी खेलों की तैराकी स्पर्धा में रविवार को पांच पदक जीत लिए जिससे उनके और क्राइस्ट यूनिवर्सिटी के अनीश गौड़ा के बीच अंतर बढ गया है।



शिवा ने पुरुषों की 400 मीटर व्यक्तिगत मेडले में अपना ही मीट रिकॉर्ड तोड़ा। पिछले सत्र में उन्होंने 4:38.98 मिनट का समय निकाला था लेकिन इस बार 4 :37.21 मिनट का समय रहा। अनीश गौड़ा दूसरे स्थान पर रहे। उन्होंने चार गुणा सौ मीटर मेडले में भी स्वर्ण पदक जीता। इसके अलावा पुरुषों की 200 मीटर फ्रीस्टाइल में भी स्वर्ण पदक हासिल किया। दोनों के सात सात पदक हो गए हैं। निशानेबाजी में मानव रचना यूनिवर्सिटी के मानवादित्य सिंह राठौड़ और कीर्तिक गुप्ता ने ट्रैप मिश्रित टीम में स्वर्ण पदक जीता। दिल्ली यूनवर्सिटी के दक्ष सिंह और आशिमा अहलावत दूसरे स्थान पर रहे। निशानेबाजी में दूसरा स्वर्ण दस मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम में आर नर्मदा नितिन और श्री कार्तिक साबरी राज (मद्रास यूनिवर्सिटी) ने जीता। दिल्ली यूनिवर्सिटी की टीम दूसरे स्थान पर रही।

बेंगलोर यूनवर्सिटी की प्रीता वी ने तैराकी में महिलाओं की 800 मीटर और 200 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। जादवपुर यूनिवर्सिटी की सृष्टि उपाध्याय ने 100 और 200 मीटर बटरफ्लाय में स्वर्ण पदक हासिल किया। कुश्ती में गुरू नानक देव और दिल्ली यूनिवर्सिटी ने दो-दो स्वर्ण पदक जीते।

वहीं, टेनिस में महिला वर्ग के सेमीफाइनल में बेंगलुरू की जैन यूनिवर्सिटी का सामना पुणे की सावित्रीबाई फुले यूनिवर्सिटी से होगा। दूसरे सेमीफाइनल में मद्रास यूनिवर्सिटी की टक्कर उस्मानिया यूनिवर्सिटी से होगी।

# मेसी की मदद से पीएसजी ने जीता रिकॉर्ड 11वां खिताब



**एजेंसी।** पेरिस

**पेरिस** सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने लियोनेल मेसी के गोल की मदद से स्ट्रासबर्ग के खिलाफ मैच 1-1 से ड्रॉ खेलकर रिकॉर्ड 11वीं बार फ्रांसीसी फुटबॉल लीग का खिताब जीता। इस जीत से पीएसजी के 37 मैचों में 85 अंक हो गए हैं और वह दूसरे स्थान पर काबिज लेंस से चार अंक आगे हो गया है।

लेंस के 37 मैचों में 81 अंक हैं और अब केवल एक दौर के मैच होने बाकी है। मेसी ने 59वें मिनट में काइलियन एम्बाप्पे के पास पर गोल करके पीएसजी को बढ़त दिलाई। पीएसजी के पूर्व स्ट्राइकर केविन गामेरो ने 79वें मिनट में स्ट्रासबर्ग की तरफ से बराबरी का गोल दागा। मेसी का यह यूरोप में लीग मैचों में 496वां गोल था और इस तरह से उन्होंने यूरोप की शीर्ष पांच लीग में सर्वाधिक गोल करने के क्रिस्टियानो रोनाल्डो का रिकॉर्ड तोड़ा। लेंस ने एक अन्य मैच में अजाशियो को 3-0 से हराकर अपना दूसरा स्थान सुनिश्चित किया। इससे उसने अगले सत्र में होने वाली चैंपियंस लीग में भी अपनी जगह पक्की की। पीएसजी ने फ्रांस की पूर्व दिग्गज टीम सैंट एटीने को पीछे छोड़ा जिसने अपना 10वां और आखिरी खिताब 1981 में जीता था। सैंट एटीने पिछले साल दूसरी डिवीजन में खिसक गया था।

# बारिश के चलते आईपीएल फाइनल के टॉस में हुआ विलंब



**एजेंसी।** अहमदाबाद

**बारिश** के कारण चेन्नई सुपर किंग्स और गुजरात टाइटंस के बीच इंडियन प्रीमियर लीग फाइनल के टॉस में विलंब हो गया। टॉस से आधा घंटा पहले बारिश शुरू हो गई। मैदानकर्मियों ने तुरंत पिच पर दो अलग अलग कवर डाले। इसके अलावा तेज गेंदबाजों के रनअप पर भी कवर डाले गए।

इसके बाद बारिश तेज हो गई और बिजली भी कड़कने लगी, जिससे मैदान पर भारी तादाद में जमा दर्शक कवर तलाशते नजर आए। मुख्य पिच के पास जहां कवर नहीं डला था, वहां पानी जमा हो गया। अगर स्थानीय समयानुसार 12 बजकर 56 मिनट तक पांच ओवर का मैच भी संभव नहीं हुआ तो फाइनल कल खेला जा सकता है। अगर मैच नौ बजकर 40 मिनट पर भी शुरू होता है तो पूरा खेला जाएगा। नियमों के अनुसार आईपीएल फाइनल में बारिश आती है तो मैच अगले दिन खेला जा सकता है। रिजर्व दिन पर भी बारिश आती है और खेल नहीं हो सकता है तो लीग चरण में शीर्ष रहने वाली टीम विजई होगी। गत चैम्पियन गुजरात टाइटंस लीग चरण में शीर्ष पर थी।

### चेन्नई चार बार की चैंपियन

**महेंद्र** सिंह धोनी की कप्तानी वाली चेन्नई सुपर किंग्स टूर्नामेंट की सबसे सफल टीमों में से एक है। टीम ने टूर्नामेंट में मुंबई (पांच टाइटल) के बाद सबसे ज्यादा चार खिताब जीते हैं। 14 में से 12 सीजन में टीम प्लेऑफ में पहुंची और 10वीं बार फाइनल खेल रही है। चेन्नई को इस सीजन में अब तक खेले गए 15 मैचों (लीग स्टेज और प्लेऑफ) में से नौ में जीत और पांच में हार मिली है। वहीं एक मैच बारिश के कारण रद्द रहा। टीम के 4 विदेशी प्लेयर्स डेवोन कॉन्वे, मोईन अली, महीश तीक्षणा और मथीश पथिराना हो सकते हैं।

# बेनफिका ने रिकॉर्ड 38वीं बार पुर्तगाली लीग का खिताब जीता

**एजेंसी।** लिस्बन



**बेनफिका** ने सत्र के अंतिम दिन सांता क्लारा को 3-0 से हराकर रिकॉर्ड 38वीं बार पुर्तगाली लीग का खिताब अपने नाम किया। एफसी पोर्टो ने एक अन्य मैच में गुइमारेस को 3-0 से पराजित करके दूसरा स्थान हासिल किया।

पिछली बार के चैंपियन एफसी पोर्टो तभी अपने खिताब का बचाव कर पाता अगर सांता क्लारा अंतिम दौर के मैच में बेनफिका को पराजित कर देता। बेनफिका ने पुर्तगाली लीग में सर्वाधिक खिताब जीतने के अपने रिकॉर्ड को 38 पर पहुंचा दिया है। यह उसका 2019 के बाद पहला खिताब है। इस बीच पोर्टो ने दो बार जबकि स्पोर्टिंग लिस्बन ने एक बार खिताब जीता था।

## शुभमन के कोच ने शॉ पर साधा निशाना, बोले

# पृथ्वी शॉ को लगता है कि वह स्टार हैं, उन्हें कोई छू नहीं सकता

**एजेंसी।** नई दिल्ली






**आईपीएल** 2023 में गुजरात टाइटंस के शुभमन गिल शानदार फॉर्म में चल रहे हैं। सिर्फ आईपीएल ही नहीं शुभमन ने इस साल भारत के लिए भी कई शानदार पारियां खेली हैं। गुजरात का यह ओपनर सबसे पहली बार 2018 में चर्चा में आया था, जब उन्होंने उस साल हुए अंडर-19 वर्ल्ड कप में भारत को खिताब जिताने में अहम योगदान दिया था। उस भारतीय अंडर-19 टीम से शुभमन के अलावा पृथ्वी शॉ भी खूब चर्चा में आए थे। उनकी टीम इंडिया में एंट्री भी हुई, लेकिन खराब फॉर्म की वजह से पृथ्वी ने अपनी जगह गंवा दी।

इस साल आईपीएल में भी पृथ्वी का फॉर्म बेहद खराब रहा। वहीं, दूसरी तरफ शुभमन गुजरात के साथ-साथ भारतीय टीम का एक अभिन्न हिस्सा बन चुके हैं। शुभमन के बचपन के कोच ने पृथ्वी शॉ पर निशाना साधा है। 11 साल की उम्र में गिल को कोचिंग देने वाले घावरी ने कहा कि उच्चतम स्तर पर उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए अनुशासन और स्वभाव की आवश्यकता होती है। शॉ ने इन दोनों गुणों को दिखाने के लिए संघर्ष किया है। उन्होंने न केवल भारत के लिए बल्कि आईपीएल फ्रेंचाइजी के लिए भी काफी असंगत प्रदर्शन किया है। घावरी ने कहा, आपको अनुशासन और अच्छे मिजाज की जरूरत है। आपको लगातार खुद पर काम करने की जरूरत है। आपको क्रीज पर टिके रहने की जरूरत है और अगर आप ऐसा करते हैं, तो आप अधिक रन बना सकेंगे। पृथ्वी को यह सुझाव देते हुए कि अभी सब कुछ खत्म नहीं हुआ है, घावरी चाहते हैं कि वह अपनी खामियों पर काम करें, कड़ी मेहनत करें और भविष्य में एक मजबूत खिलाड़ी के रूप में उभरें। उन्होंने कहा, शुभमन और शॉ एक ही उम्र के हैं।

अभी तक शॉ ने कुछ भी नहीं खोया है। गिल ने अपनी खामियों पर काम किया है, जबकि शॉ ने नहीं किया। वह अभी भी कर सकते हैं। उन्हें कड़ी मेहनत करने की जरूरत है। नहीं तो इतनी क्षमता होने का कोई मतलब नहीं है।

### पृश्वी शॉ ने दिल्ली कैपिटल्स के पहले छह मैच खेल

**आईपीएल** 2023 में पृथ्वी शॉ ने दिल्ली कैपिटल्स के पहले छह मैच खेले, जिसमें उन्होंने 12, 7, 0, 15, 0, और 13 रन की पारी खेली। इसके बाद उन्होंने टीम से बाहर कर दिया गया। अंतिम दो मैचों के लिए फिर से टीम में वापसी की और एक अर्धशतक बनाया। हालांकि, चेन्नई के खिलाफ दिल्ली के आखिरी लीग मैच में वह एक बार फिर सस्ते में आउट हो गए। इसके बाद से पृथ्वी पर कई पूर्व क्रिकेटरों ने निशाना साधा। पृथ्वी ऑफ द फील्ड भी कई विवादों की वजह से चर्चा में रह चुके हैं।